दैनिक सच्चाई की जंग
# लोकमित्र
वर्ष : 30 | अंक :184
प्रतापगढ़ | मंगलवार , 7 मई-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये
प्रतापगढ़,लखनऊ, कौशाम्बी, एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित
R.N.I. No. : 71870/94
संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन
प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

# तीसरे चरण के लिए 93 सीटों पर मतदान आज

## अमित शाह, सिंधिया, शिवराज, दिग्विजय जैसे दिग्गज नेताओं के भाग्य का होगा फैसला




**नई दिल्ली, एजेंसियां।** देश में लोकसभा चुनाव- 2024 के तीसरे चरण के तहत 12 राज्यों की 94 सीट के लिए मतदान सात मई को किया जाएगा। इन सीटों पर मंगलवार को मतदान होना है। इस चरण में जिन सीटों के लिए जनता वोट डालेगी उसमें गुजरात की 25, कर्नाटक की 14, महाराष्ट्र की 11, मध्य प्रदेश की नौ, छत्तीसगढ़ की सात, बिहार की पांच, असम की चार और गोवा की दो सीट शामिल हैं। इस चरण में कई दिग्गजों की सीट भी दांव पर लगी हुई है, जिसमें मध्यप्रदेश के तीन बड़े नेता शामिल है। मध्य प्रदेश से पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और दिग्विजय सिंह चुनाव मैदान में है।इस चरण में 1.77 करोड़ से अधिक मतदाता कुल नौ सीटों (मुरैना, भिंड (एससी), ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल, राजगढ़ और बैतूल (एसटी) ) पर मैदान में है। इस चरण में कुल 127 उम्मीदवारों का भविष्य का फैसला होगा, जिसमें अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित सीटें भी शामिल है। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री विदिशा सीट से 17 वर्षों के बाद चुनाव मैदान में है। इससे पहले भी वो लोकसभा में इसका प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। शिवरा सिंह चौहान के सामने इस चुनाव में कांग्रेस के प्रताप भानु शर्मा की चुनौती है। वहीं राजगढ़ सीट पर कांग्रेस ने अपने दिग्गज नेता और पूर्व मुख्यमंत्री 77-वर्षीय दिग्विजय सिंह को उतारा है जिनका मुकाबला भाजपा सांसद रोडमल नागर से है। दूसरे चरण में भाजपा को उम्मीद है कि वो राज्य के सभी सीटों पर जीत हासिल करेगी।

वहीं अन्य महत्वपूर्ण सीट गुणा की बात करें तो यहां ज्योतिरादित्य सिंधिया का मुकाबला कांग्रेस के यादवेंद्र सिंह यादव से है। माना जा रहा है कि इस सीट पर टक्कर जोरदार हो सकती है क्योंकि यादव समुदाय चुनाव का पलड़ा पलट सकता है। बता दें कि वर्ष 2019 में ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस सीट से कांग्रेस की ओर से चुनाव लड़ा था और भाजपा के केपी यादव के सामने हार गए थे। छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीट में से जिन सात सीट पर चुनाव होंगे, उनमें रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा (एससी), कोरबा, सरगुजा (एसटी) और रायगढ़ (एसटी) सीट शामिल है। गुजरात की 26 लोकसभा सीट में से 25 लोकसभा सीट और पांच विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए मतदान मंगलवार को होगा।

गोवा की दो लोकसभा सीट पर चुनाव के लिए 11 लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए पात्र हैं। उत्तरी गोवा सीट के लिए भाजपा के मौजूदा सांसद श्रीपद नाइक का मुकाबला कांग्रेस उम्मीदवार रमाकांत खलप से है।महाराष्ट्र की 48 में से जिन 11 सीट पर चुनाव होगा, उनमें बारामती सीट भी शामिल है, जहां शराद पवार की बेटी सुप्रिया सुले का मुकाबला सुनेत्रा पवार (महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी) से है। इ

सके अलावा महाराष्ट्र की रायगढ़, उस्मानाबाद, लातूर, सोलापुर, माधा, सांगली, सतारा, रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग, कोल्हापुर और हटकनंगले सीट पर भी तीसरे चरण में चुनाव होगा। महाराष्ट्र के प्रमुख उम्मीदवारों में कोल्हापुर सीट से कांग्रेस के साहू छत्रपति, सतारा सीट से भाजपा के उदयनराजे भोसले और रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग सीट से केंद्रीय मंत्री नारायण राणे शामिल हैं। साहू छत्रपति शाही परिवार से हैं।

कर्नाटक में 14 सीट के लिए चुनाव होंगे। कर्नाटक में कुल 28 लोकसभा क्षेत्र हैं जिनमें से 14 सीट के लिए पहले चरण में 26 अप्रैल को चुनाव हुआ था। तीसरे चरण में कर्नाटक के प्रमुख उम्मीदवारों में केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी भी शामिल हैं, जो धारवाड़ सीट से लगातार पांचवीं बार लोकसभा में पहुंचने के लिए प्रयासरत हैं। बिहार में पांच लोकसभा सीट पर चुनाव होगा जहां कुल 54 उम्मीदवार मैदान में हैं। असम में तीसरे चरण में चार सीट- धुबरी, बारपेटा, कोकराझार (एसटी) और गुवाहाटी निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान के साथ ही राज्य की सभी 14 सीट के लिए मतदान संपन्न हो जाएगा।

# यह संविधान बचाने की लड़ाई-राहुल गांधी

## 400 सीट छोड़िए, इन्हें 150 भी नहीं मिलेंगी



**अलीराजपुर, (हि.स.)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह संविधान बचाने का चुनाव है, क्योंकि भाजपा इसे खत्म करना चाहती हैं। भाजपा 400 की पार की बात करती है लेकिन वे 150 पार भी नहीं पहुंचेंगे।अभी आरक्षण में आदिवासी, दलितों और पिछड़ों की कोई भागीदारी नहीं है, इसलिए हम आरक्षण को 50 प्रतिशत से आगे बढ़ाने वाले हैं। जिसे जितना आरक्षण चाहिए, उन्हें दिया जाएगा। हम चाहते हैं कि प्राइवेट और पब्लिक सेक्टर में आपके लोग हों, इसके लिए हम जातिगत जनगणना करने जा रहे हैं।राहुल गांधी सोमवार को मध्य प्रदेश के चुनावी प्रवास के दौरान रतलाम-झाबुआ संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार कांतिलाल भूरिया के समर्थन में अलीराजपुर जिले के जोबट में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने 22 लोगों का लाखों करोड़ रुपये का कर्जा माफ किया। अरबपतियों को पैसा दिया, इसलिए अब हमने करोड़ों लोगों को लखपति बनाने का मन बना लिया है। महालक्ष्मी योजना में एक गरीब परिवार की लिस्ट बनेगी। उसमें से एक महिला चुनी जाएगी और उस महिला के बैंक अकाउंट में एक हर साल एक लाख रुपये डालेंगे। 8500 रुपये हार माह उस दिन तक डाले जाएंगे, जब तक वह परिवार गरीबी रेखा से बाहर नहीं आ जाता। उन्होंने कहा कि हम आपके लिए एमएसपी पर कानून लाएंगे। जैसे ही सरकार आएगी हम सारे किसानों का कर्जा माफ कर देंगे। दलित-पिछड़ा वर्ग और गरीबों के लिए हम योजना लाए हैं, पहली नौकरी पक्की। देश में 45 साल में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। इसके लिए हम ये योजना लेने जा रहे हैं। हम हिंदुस्तान के सारे ग्रेजुएट को एक साल की नौकरी का अधिकार देने जा रहे हैं। इससे हर युवा के बैंक अकाउंट में हम प्रति वर्ष एक लाख रुपये डालेंगे।

## अमेठी और रायबरेली सीट के लिए कांग्रेस पार्टी के पर्यवेक्षक नियुक्त

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** कांग्रेस पार्टी ने आज उत्तर प्रदेश की अमेठी और रायबरेली सीट के लिए पार्टी पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं। पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इस बारे में एक पत्र भी जारी किया है।छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल को रायबरेली सीट का पर्यवेक्षक बनाया गया है जबकि राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत को अमेठी सीट पर पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।उल्लेखनीय है कि रायबरेली लोकसभा सीट से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी चुनाव लड़ रहे हैं जबकि अमेठी से कांग्रेस ने गांधी परिवार के नज़दीकी किशोरी लाल शर्मा को उम्मीदवार बनाया है।राहुल गांधी पहली बार रायबरेली सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

# राहुल गाँधी शहजादे नहीं, शहीदजादे - अविनाश पांडेय

## कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव ने प्रधानमंत्री मोदी के बयान पर किया पलटवार

**वाराणसी(हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शहजादे वाले बयान पर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं यूपी प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने पलटवार किया है। अविनाश पांडेय ने कहा कि राहुल गांधी शहजादे नहीं बल्कि शहीदजादे हैं । जिनके दादी और पिता देश के लिए शहीद हुए। राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडेय सोमवार को कैंटोनमेंट क्षेत्र स्थित एक होटल में मीडिया कर्मियों से बातचीत कर रहे थे। केन्द्र और प्रदेश की भाजपा सरकार को सीधे निशाने पर लेकर पांडेय ने कहा कि गंगा जी को मां कहने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बताये कि नमामि गंगे योजना का सच क्या है। प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा गोद लिये गाँव के विकास का सच क्या है। इसका जवाब ग्रामीण एक जून को अपना विरोध वोट से दर्ज करायेंगे। एक सवाल के जवाब में अविनाश पांडेय ने कहा कि अमेठी में कांग्रेस कार्यालय पर हुआ हमला भाजपा की हताशा को दर्शाता है।




अमेठी में जनता अच्छे मतों से कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा को चुनाव जिताने जा रही है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन जनता के मुद्दे पर कांग्रेस के पाँच न्याय % न्याय पत्र% के साथ लगातार मजबूत हो रहा है । जनता बदलाव के लिए कमर कस चुकी है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के मुद्दे पर प्रधानमंत्री का बयान हास्यास्पद लगता है। जहाँ बड़े- बड़े भ्रष्टाचारी नेता भाजपा की गंगोत्री में डुबकी लगाकर सदाचारी बन जाते है। गैंगरेप मामलों में खासकर बीएचयू ,बिल्किस, मणिपुर, पहलवान बेटियो से लेकर उन्नाव हाथरस,हासन तक दुष्कर्मियों के साथ भाजपा खड़ी नजर ही नहीं बल्कि घुटने टेकते नजर आयी है।वार्ता में वाराणसी से इंडी गठबंधन प्रत्याशी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी, प्रदेश कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, प्रयाग जोन मीडिया कोआर्डिनेटर-प्रवक्ता संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे,जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल आदि भी मौजूद रहे।

## पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहन रखी, उसके परमाणु बम हम पर भी गिरेंगे - फारूक अब्दुल्ला

**श्रीनगर(हि.स.)।** पूर्व मुख्यमंत्री व नेकां के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बयान 'पीओके का भारत में विलय होगा' पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहन रखी हैं और उसके पास परमाणु बम भी हैं, जो हम पर ही गिरेंगे।उन्होंने कहा कि अगर रक्षा मंत्री कह रहे हैं तो इस संबंध में आगे बढ़ना चाहिए कि उन्हें कौन रोक रहा है और फिर हम भी रोकने वाले कौन होते हैं? लेकिन यह याद रखना चाहिए कि पाकिस्तान ने भी चूड़ियां नहीं पहन रखी हैं। पाक के पास भी परमाणु बम हैं और वह परमाणु बम जम्मू-कश्मीर यानि हम पर ही गिरेगा।दूसरी ओर अब्दुल्ला के बेटे व पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि भाजपा को पहले जम्मू-कश्मीर क्षेत्र की सभी समस्याओं को हल करने की जरूरत है

# बसपा ने जौनपुर में श्रीकला का टिकट कटा



**जौनपुर,(हि.स.)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने जौनपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी श्रीकला धनंजय रेड्डी का टिकट काट दिया है। उनकी जगह पार्टी ने अब श्याम सिंह यादव को टिकट देते हुए चुनाव मैदान में उतरने की हरी झंडी दी है।बसपा हाईकमान ने जौनपुर सीट से घोषित प्रत्याशी श्रीकला का टिकट काट दिया है। श्रीकला हाल में जेल से जमानत पर छूट कर आए पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी हैं। श्रीकला ने बसपा से टिकट मिलने के बाद जिस दिन उनके पति को जेल से रिहा किया गया था उसी दिन एक मई को ही जौनपुर कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन दाखिल किया था। अभी नामांकन का पूरा सेट दाखिल करना बाकी था और अंतिम दिन भव्य नामांकन की तैयारियां की जा रही थी। नामांकन की अंतिम तारीख छह मई यानी आज है। आखिरी नामांकन से पूर्व श्रीकला का टिकट काटे जाने से धनंजय सिंह के समर्थकों में मायूसी है। सभी स्तब्ध हैं कि आखिरकार उनका टिकट क्यों काटा गया है।सियासी गलियारों में धनंजय सिंह की पत्नी का टिकट काटने से इस सीट पर अब त्रिकोणीय मुकाबला होने की उम्मीद खत्म हो गई है। अब यह माना जा रहा है कि भाजपा और सपा के बीच चुनावी मुकाबला होगा। श्रीकला का टिकट कटने के बाद अब जौनपुर सीट से बसपा की टिकट पर श्याम सिंह यादव आज अपना नामांकन करेंगे।

## श्रीकला ने खुद चुनाव लड़ने से इनकार किया-बसपा

**जौनपुर,।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी का टिकट काटा नहीं बल्कि उन्होंने खुद लोकसभा चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। बसपा के को-ऑर्डिनेटर घनश्याम चंद्र खरवार ने सोमवार को यह बातें मीडिया से कही है। उन्होंने इस बात को सिरे से खारिज किया है कि बसपा ने श्रीकला रेड्डी का टिकट काटा नहीं हैं, जबकि जिले में यह चर्चा जोरों पर थी कि बसपा से उनका टिकट कट गया है।मीडिया से बातचीत के दौरान को-ऑर्डिनेटर घनश्याम चंद्र खरवार ने कहा कि श्रीकला रेड्डी की जगह यहां के मौजूदा सांसद श्याम सिंह यादव का नामांकन कराया जा रहा है। श्री कला धनंजय सिंह ने खुद से चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है इसलिए मुझे इमरजेंसी में पुराने संसद को ही उम्मीदवार बनाना पड़ा।

## भारतीय सेना ने जारी किए दो आतंकियों के स्केच, 20 लाख का इनाम घोषित




**जम्मू,(हि.स.)।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के काफिले पर हमला करने वाले आतंकवादियों की धर पकड़ के लिए सुरक्षाबलों का सर्च अभियान सोमवार को तीसरे दिन भी जारी है। भारतीय सेना ने दो आतंकियों के स्केच जारी किए हैं और उन पर 20 लाख रुपये का इनाम घोषित किया है।खुफिया एजेंसियों का मानना है कि पुंछ जिले में भारतीय वायुसेना के काफिले पर हमला लश्कर-ए-तैयबा के विदेशी आतंकवादी अबू हमजा के नेतृत्व में आतंकवादियों के एक समूह ने किया था। अधिकारियों ने बताया कि एके असॉल्ट राइफलों के अलावा आतंकवादियों ने अमेरिका में निर्मित एम4 कार्बाइन और स्टील की गोलियों का भी इस्तेमाल किया है।गौरतलब है कि पुंछ जिले के सुरनकोट इलाके में शनिवार शाम घात लगाकर एयरफोर्स के काफिले पर आतंकियों की ओर से किए गए हमले में एक जवान बलिदान हो गया था जबकि चार अन्य घायल हैं। सोमवार को भी घायल जवानों का उपचार अस्पताल में जारी है। काफिले में शामिल दो वाहनों में से एक को आतंकियों ने निशाना बनाकर अंधाधुंध गोलियां बरसाई थीं।आतंकवादियों की तलाश में सोमवार को भी अभियान जारी है। तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने जगह-जगह नाके लगा रखे हैं और हर एक इलाके में तलाशी अभियान जारी है।

## डंपर और कार की टक्कर में दो लोगों की मौत, तीन घायल

**प्रतापगढ़ (ब्यूरो) ।** जनपद में सिटी कोतवाली के सोनावा के पास प्रयागराज-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार की भोर में डंफर और कार की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन की हालत नाजुक बनी हुई है। कार सवार सभी लोग प्रयागराज के रहने वाले थे और अयोध्या से दर्शन करके लौट रहे थे।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तेज रफ्तार कार और डंफर की आमने-सामने हुई भिड़ंत के बाद कार में आग लग गई। कार से आग की लपटें उठने लगीं। कार में पांच लोग सवार थे। घटनास्थल पर ही दो लोगों की मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत नाजुक होने के बाद उन्हें रेफर कर दिया गया है।घटना के बाद सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। हादसा प्रयागराज-अयोध्या हाईवे पर सिटी कोतवाली क्षेत्र के सोनावा के पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास हुआ। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल प्रयागराज के नैनी थाना क्षेत्र के चकताना निवासी अखिल साहू (18), करेली करेड़ा के सत्यम साहू (24) और विवेक (24) हैं। तीनों को प्रयागराज रेफर कर दिया गया है। मृतकों की पहचान की जा रही है।

# अमेठी में कांग्रेस कार्यालय पर हमला, कारों में तोड़फोड़

## सुप्रिया श्रीनेत बोलीं- मूकदर्शक बनी रही पुलिस, भाजपाई करते रहे गुंडागर्दी


**अमेठी,एजेंसियां।** कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी और उसकी अमेठी लोकसभा चुनाव की उम्मीदवार स्मृति ईरानी ने रविवार की देर रात गौरीगंज में उसके कार्यालय के बाहर तोड़फोड़ की। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि हमले के दौरान पुलिस मूक दर्शक बनी रही। रविवार की देर रात गौरीगंज में कांग्रेस कार्यालय के बाहर खड़े कांग्रेस कार्यकर्ताओं और कुछ स्थानीय लोगों के वाहनों पर हमला किया गया। कांग्रेस ने ट्वीट किया, यूपी के अमेठी में स्मृति ईरानी और बीजेपी कार्यकर्ता बुरी तरह डरे हुए हैं। हार को देखते हुए बीजेपी के गुंडे लाठी-डंडों से लैस होकर अमेठी में कांग्रेस कार्यालय के बाहर पहुंचे और वहां खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और अमेठी के लोगों पर जानलेवा हमला हुआ है।कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रीया श्रीनेत ने कहा कि अमेठी में कांग्रेस कार्यालय के बाहर खड़ी गाड़ियों की तोड़फोड़ की गई। पुलिस मूकदर्शक बनी रही और भाजपाई गुंडागर्दी करते रहे। हवा का रुख़ बदल गया है, गाड़ियाँ तोड़ने से बात नहीं बनेगी भाजपाईयों! यूपी कांग्रेस प्रभारी




अविनाश पांडे ने कहा कि यह बेहद निंदनीय कृत्य है। पीएम मोदी और स्मृति ईरानी को अपनी हार साफ नजर आ रही है. वे अमेठी में हिंसा की स्थिति पैदा करना चाहते हैं। इससे साफ पता चलता है कि उत्तर प्रदेश से बीजेपी का सफाया होने जा रहा है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने आरोप लगाया कि यह घटना राज्य पुलिस की उदासीनता का नतीजा है। कांग्रेस के जिला प्रवक्ता अनिल सिंह ने दावा किया कि कारों के अंदर बैठे कुछ लोगों को चोटें आयी हैं। उन्होंने कहा कि छह लोग एक कार में आए और वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। कुछ लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। चुनाव आयोग से शिकायत की जाएगी। कांग्रेस पार्टी ने अमेठी में ईरानी के खिलाफ गांधी परिवार के करीबी केएल शर्मा को मैदान में उतारा है। इस बीच, गौरीगंज के पुलिस उपाधीक्षक मयंक द्विवेदी ने कहा कि मामले की जांच की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# रामद्रोह और राष्ट्रद्रोह कांग्रेस के डीएनए में - योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ,(हि.स.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए उन्हें रामद्रोही और राष्ट्रद्रोही बताया है। अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बात करते हुए सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस ने लगातार रामभक्तों और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का अपमान किया है। उसका ये आचरण दिखाता है कि वह वास्तव में सनातन राष्ट्र का अपमान करती रही है।योगी ने कहा कि कांग्रेस ने कभी कोई अवसर नहीं छोड़ा जब उसने देश और दुनिया में भारत को अपमानित न किया हो और सनातन धर्म को गाली न दी हो। उन्होंने कहा कि ये इंडी गठबंधन का करेक्टर है। ये लोग लगातार भारत की आत्मा को गाली देते हैं। हर प्रकार का प्रयास करते हैं कि बहुसंख्यक समाज अपमानित महसूस करें। चाहे कांग्रेस हो, सपा हो, नेशनल कांफ्रेंस हो या डीएमके हो, इन सभी का आचरण निंदनीय है और इनका आचरण ही इन्हें रसातल की ओर ढकेल रहा है।कांग्रेस नेत्री राधिका खेड़ा को रामलला के दर्शन करने पर उनकी पार्टी द्वारा अममानित किये जाने को लेकर पूछे गये सवाल पर योगी ने कहा कि कांग्रेस के डीएनए में रामद्रोह




है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ श्रीराम का ननिहाल है, कोई भी रामभक्त किसी भी पार्टी का हो सकता है। कांग्रेस नेताओं द्वारा अपनी पार्टी की नेत्री का अपमान किया गया है, ये दिखाता है कांग्रेस, सपा और इंडी गठबंधन के डीएनए में रामद्रोह है और जो रामद्रोही है वो राष्ट्रद्रोही भी है। भारत का कोई भी जागरूक नागरिक इन्हें वोट नहीं करेगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस अपने आचरण से मजबूर हैं। सीएम योगी ने सभी रामभक्तों और नागरिक से अपील करते हुए कहा कि %जाके प्रिय न राम-बदैही, तजिये ताहि कोटि बैरी सम, जद्यपि परम सनेही॥% उन्होंने कहा कि कोई कितना भी आपका स्नेही हो, अगर वह राम विरोधी आचरण कर रहा है, तो मान के चलिए कि वह राष्ट्र विरोधी आचरण कर रहा है। वह कितना भी प्रिय हो उसे त्याग देने में ही देश और रामभक्तों का हित है। सीएम योगी ने कहा कि देश की जनता जागरूक है और अपना निर्णय ले रही है।सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर कहा कि जो जितना बड़ा रामभक्त है वो उतना बड़ा राष्ट्रभक्त है। पीएम मोदी प्रखर राष्ट्रभक्त और रामभक्त हैं। 500 वर्षों का इंतजार समाप्त करके अयोध्या में रामलला फिर से विराजमान हुए हैं। अयोध्या का कायाकल्प मोदी जी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में संभव हुआ है।

# नीट-यूजी 2024 का प्रश्न पत्र लीक नहीं हुआ

## सोशल मीडिया पर प्रसारित पोस्ट निराधार - एनटीए

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सोमवार को स्पष्ट किया है कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी-2024' में प्रश्नपत्र लीक होने का दावा करने वाले समाचार ''पूरी तरह से निराधार'' हैं। प्रत्येक प्रश्न पत्र का ''हिसाब रखे जाने'' का दावा करते हुए एनटीए ने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रसारित प्रश्नपत्र की कथित तस्वीरों का वास्तविक प्रश्नपत्र से कोई सम्बन्ध नहीं है।

एनटीए ने कहा कि छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और सभी संबंधित लोगों को सूचित किया गया है कि परीक्षा के सम्बंध में सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर प्रसारित पोस्ट के माध्यम से यह धारणा बनाई जा रही है कि परीक्षा शुरू होने से पहले प्रश्न पत्र लीक हो गया था। इस आशय की पोस्ट पूरी तरह से निराधार हैं। एनटीए ने आगे कहा कि परीक्षा केंद्र बंद कर दिये गए थे और बाहर से किसी को भी हॉल के अंदर प्रवेश की अनुमति



नहीं थी, जो सीसीटीवी निगरानी में हैं।एनटीए ने स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 5 मई को अन्य देशों के 14 शहरों और देशभर के 571 शहरों में 4750 केंद्रों पर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) यूजी-2024 सफलतापूर्वक आयोजित की गई।एनटीए ने एक आधिकारिक बयान जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि उनके सुरक्षा प्रोटोकॉल और मानक संचालन प्रक्रियाओं से यह पता चला है कि किसी भी पेपर लीक की ओर इशारा करने वाले सोशल मीडिया पोस्ट पूरी तरह से आधारहीन हैं। अफवाहों पर विराम लगाने के लिए यह भी कहा गया है कि प्रत्येक प्रश्न पत्र (क्यूपी) का हिसाब-किताब कर लिया गया है। इसके अलावा यह भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि परीक्षा केंद्रों के गेट बंद होने के बाद बाहर से किसी को भी हॉल के अंदर प्रवेश की अनुमति नहीं है, जो सीसीटीवी निगरानी में हैं।

एनटीए ने छात्रों, उनके माता-पिता, शिक्षकों और सभी संबंधित लोगों से अनुरोध है कि वे ऐसी अफवाहों पर ध्यान न दें और आगामी परीक्षाओं पर ध्यान केंद्रित करें।

# दिल्ली शराब घोटाले में के. कविता की जमानत याचिका खारिज



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट की स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने बीआरएस नेता के. कविता की नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने कविता की नियमित जमानत याचिका पर 24 अप्रैल को फैसला सुरक्षित रख लिया था।इससे पहले कोर्ट ने 8 अप्रैल को के. कविता की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा था कि मनी लांड्रिंग के मामले में के. कविता को महिला होने की वजह से जमानत देने में किसी तरह की रियायत नहीं दी जा सकती है। सुनवाई के दौरान के. कविता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने ईडी पर आरोप लगाया था कि वो जांच एजेंसी नहीं, बल्कि प्रताड़ित करने वाली एजेंसी बन गई है। सिंघवी ने कहा था कि इस मामले की जांच पूरे तरीके से पक्षपातपूर्ण रही है।

## चुनावी चकल्लस



**अव्यवहारिक रुप देखकर मतदाता कन्नी काट रहे हैं**
**धन बल की ताकत पर देखो नेता पिंगल छांट रहे हैं**
**जनता तो जनता है भय्या सब कुछ भाप लिया करती है**
**अवसर आने पर एक दिन नेता को नाप दिया करती है ।**

डा .श्याम शंकर शुक्ल श्याम
वरिष्ठ साहित्यकार, पत्रकार

# श्यामलाल पाल बने समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष

## जिले की प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के मोहिउद्दीन पुर के निवासी है श्यामलाल पाल
## प्रदेश अध्यक्ष बनने पर लगातार दी जा रही बधाई



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने श्याम लाल पाल को प्रदेश इकाई का नया अध्यक्ष घोषित किया है। श्री पाल नरेश उत्तम पटेल की जगह नये प्रदेश अध्यक्ष बनाये गए हैं। नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल जिले के प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के मोहिउद्दीन पुर गाँव के मूल निवासी हैं। इनके पिता स्व. जवाहिर लाल पाल किसान थे। 12 अक्टूबर 1960मे जन्मे श्यामलाल ने इंटर तक की पढ़ाई जनसेवा इंटर कालेज से पूरी की।स्नातक की पढ़ाई इलाहाबाद विश्व विद्यालय से करने के बाद सम्पूर्णनंद विश्व विद्यालय से बी एड और एम एड की डिग्री हासिल की। श्यामलाल पाल ने जिस विद्यालय मे शिक्षा ग्रहण की थी बाद मे उसी जनसेवा इंटर कालेज मोहिउद्दीन पुर मे प्रधानाचार्य पद से साल भर पहले सेवानिवृत हुए हैं।

सपा के जिला मीडिया प्रभारी दान बहादुर मधुर के अनुसार श्यामलाल पाल की शिक्षण कार्य के साथ ही राजनीति मे गहरी रूचि थी। उन्होंने वर्ष 1996 मे और वर्ष 2007 मे विधानसभा प्रताप पुर से अपना दल के टिकट पर चुनाव भी लड़ा था।
वर्ष 2007 मे ही इलाहाबाद जिले के तत्कालीन सपा जिलाध्यक्ष कमल सिंह यादव के प्रयास से उन्होंने सपा के संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव से मुलाक़ात की और सदस्यता ग्रहण करने के बाद आज तक समाजवादी पार्टी मे सेवा देते रहे हैं ।2007 नेताजी के आशीर्वाद से तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष शिवपाल यादव ने उन्हें प्रदेश कार्यकारिणी मे सचिव पद सौंपा।2021मे प्रदेश के महासचिव और वर्ष 2023 मे प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर रहते हुए पार्टी का कार्य करते रहे। श्याम लाल पाल के प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर आज सपा के जिला कार्यालय जार्ज टाउन मे एक दूसरे को मिठाई खिला कर बधाई एवं शुभकामनायें दी गई।

बधाई देने वालों मे जिलाध्यक्ष अनिल यादव, सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन,पप्पूलाल निषाद, पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह, एम एल सी डॉ मानसिंह यादव, विधायक श्रीमती विजमा यादव, गीता शास्त्री, हाकिम लाल बिन्द, संदीप पटेल, पूर्व विधायक गण जोखूलाल यादव, अंसार अहमद, मुजतबा सिद्दीकी, हाजी परवेज अहमद, सत्यवीर मुन्ना, बासुदेव यादव, कमल सिंह यादव, कृष्ण मूर्ति सिंह, पंधारी यादव,रामानंद भारतीय,नरेन्द्र सिंह, अमरनाथ मौर्य, उज्जवल रमण सिंह,राम सुमेर पाल, रविंद्र यादव, दान बहादुर मधुर, नाटे चौधरी,राम अवध पाल, संतलाल वर्मा,सुरेश यादव, राम प्रताप पाल, संजय मौर्य, राम प्रताप यादव, संजीव यादव, सुरेश यादव, सचिन श्रीवास्तव, पंडित सुमन शर्मा, पुन्ना पासी, राजेश यादव, मंजू यादव, प्रतिमा रावत, सत्य भामा मिश्रा, नवीन यादव, आसुतोष तिवारी, मुलायम यादव, शकील अहमद, राम दुलार यादव, जीतलाल यादव, अमर सिंह, बच्चा यादव, श्याम सूरत सरोज, हरिश्चन्द्र यादव, आदि ने बधाई दी है।

# पूर्व विधायक के पुत्र के निधन पर कांग्रेसजनों का शोक

**प्रयागराज।** शहर के प्रमुख कांग्रेसजनों की एक शोक सभा यूपी कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता किशोर वार्ष्णेय की अध्यक्षता में अपराह्न कैम्प कार्यालय हिम्मतगंज में हुई। बैठक में पूर्व विधायक हाजी मुज़्तबा सिद्दीकी के बड़े बेटे अब्दुल्ला की असमय मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। कहा गया कि 36 वर्ष की कम उम्र में डिग्री कालेज और अन्य शिक्षण संस्थानों का कुशल संचालन करने वाले अब्दुल्ला नेक दिल होने के साथ खुश मिज़ाज इंसान थे। शोक सभा में दो मिनट का मौन रखा गया।प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महासचिव फुज़ैल हाशमी, पीसीसी सदस्य हरिकेश त्रिपाठी, अरशद अली, अजय श्रीवास्तव,परवेज़ सिद्दीकी, विनय पांडेय, सरताज़ मोहम्मद, विनय पांडेय, मो. ज़ावेद, अरूण चौरसिया, केशव पासी, जाहिद नेता, संजय सिंह , मो. फरहान आदि थे।

# बेटियों को शिक्षा दिलाना हमारा महत्वपूर्ण लक्ष्य- युद्धवीर

## दुर्बल अभावग्रस्त वर्ग की कन्याओं के लिए सावित्री बाई छात्रावास का उद्घाटन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुसांगिक संगठन सेवा भारती प्रयागराज विभाग के द्वारा आज समाज के दुर्बल अभावग्रस्त वर्ग की कन्याओं के लिए सावित्री बाई छात्रावास का उद्घाटन क्षेत्र सेवा प्रमुख युद्धवीर द्वारा लोक नाथ चौक स्थित भवन में किया गय। उक्त अवसर पर युद्धवीर ने कहा कि जिन बालिकाओं को यह पता नहीं था कि वो कभी स्कूल जा पाएंगी या नहीं उन बालिकाओं ने अवसर मिलने पर अपनी प्रतिभा से हम सबको अचंभित किया है और सम्पूर्ण विश्व में अपना और राष्ट्र का नाम रोशन किया है। बेटियों को शिक्षा दिलाना हमारा महत्वपूर्ण लक्ष्य है।इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सुजीत अध्यक्ष सेवा भारती प्रयागराज के द्वारा की गयी।कार्यक्रम में डॉ नीरज अग्रवाल वात्सल्य, संरक्षक प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक प्रो डॉ एस.पी. सिंह एवम मनोज जायसवाल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के काशी प्रांत सेवा प्रमुख सत्य विजय सिंह, विभाग सेवा प्रमुख वीर कृष्ण, सेवा भारती के उपाध्यक्ष संदीप चौधरी, महामंत्री पवन श्रीवास्तव, मंत्री डॉ संतोष सिंह पटेल, कंचन, भाग सेवा प्रमुख सत्येंद्र, संजय राय, एनएमओ से डॉ कमलाकर सिंह, सभासद, सुनीता चोपड़ा सहित अनेक गणमान्य बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विभाग मंत्री डॉ संतोष पटेल ने किया।

# माफिया अतीक अहमद के दोनों बेटों ने पास की परीक्षा

## आईसीएससई में दोनों के सत्तर फीसदी से अधिक आए अंक

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।**माफिया अतीक अहमद के दोनों बेटे अहजम अहमद और अबान अहमद ने इंटर और हाईस्कूल की परीक्षा पास कर ली है। सोमवार को घोषित किए गए सीआईएससीई के रिजल्ट में दोनों को 70 फीसदी से ऊपर अंक मिले हैं। अतीक के दोनों बेटे सेंट जोसेफ कॉलेज में पढ़ते हैं। पिछले साल पिता की हत्या के चलते दोनों परीक्षा नहीं दे सके थे। इस साल दोनों ने ऑफलाइन तरीके से परीक्षा देकर सफलता हासिल की।अहजम अहमद इंटर और अबान अहमद हाईस्कूल में था। दोनों ने परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। स्कूल के प्रिंसिपल ने बताया कि दोनों कभी स्कूल तो नहीं आए लेकिन हर प्रोजेक्ट को समय पर सम्मिट करते थे। दोनों ने मेहनत करते हुए परीक्षा पास की है। प्रिंसिपल के अनुसार दोनों स्कूल तो नहीं आ पाए लेकिन परीक्षा देने के लिए आए थे। इन दोनों ने परीक्षा भी आफ लाइन मोड में स्कूल पहुंचकर दी थी। सोमवार को घोषित हुए आईसीएससई के नतीजे में माफिया अतीक अहमद के दोनों बेटे अहजम अहमद और अबान अहमद इंटर और हाईस्कूल में सत्तर फीसदी अंकों के सात सफल हुए हैं। दोनों कभी स्कूल नहीं गए। एक साल गैप भी हो गया था। पिछली बार पिता, चाचा और भाई की मौत के चलते यह दोनों परीक्षा नहीं दे सके थे और लापता चल रहे थे। इस बार दोनों परीक्षा में बैठे, लेकिन एक दिन भी स्कूल में क्लास अटेंड नहीं किया। प्रिंसिपल के अनुसार दोनों ने क्लास भले ही अटेंड नहीं किया लेकिन प्रोजेक्ट आदी समय पर जमा करते रहे। दोनों ने स्कूल सिर्फ परीक्षा देने के लिए आए थे।

# सैंट मैरीज़ कॉन्वेंट इन्टर कॉलेज की छात्रा ने सीआईएससीई बोर्ड में 91प्रतिशत अंक हासिल कर बढ़ाया मान

**प्रयागराज।** आजमगढ़ में एक कालेज में लेक्चरर पद पर कार्यरत शिक्षक सैय्यद मोहम्मद मेहदी व वन विभाग में कार्यरत माता दुरफेशां आब्दी की पुत्री मेराज मेहदी ने सैन्ट मैरीज़ कॉन्वेंट इन्टर कॉलेज प्रयागराज से सीआईएससीई बोर्ड से कक्षा 12 में 91 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रयागराज का नाम रौशन किया। कोफ्त ग्रान टोला रानी मण्डी में रहने वाली मेराज मेहदी के घर पर पहुंच कर लोगों ने जहां बेटी की सफलता पर बधाई दी।अपनी सफलता पर मेराज मेहदी ने इसका श्रेय क्लास अध्यापिका के साथ मां बाप को दिया। मेराज ने आगे की पढ़ाई जारी रखने के साथ सिविल सेवा में जाने की बात कही। समाजसेवी सैय्यद मोहम्मद अस्करी, जुलक़रनैन आब्दी, दरक़शां आब्दी, सैय्यादैन आब्दी ने बधाई दी।

# एच के जायसवाल सभा प्रयाग ने नीरज त्रिपाठी को किया सम्मानित




**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** डॉक्टर के पी जायसवाल इंटर कॉलेज प्रांगण मुट्ठीगंज में जयसवाल समाज द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत, 52वीं लोकसभा इलाहाबाद के प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी को सम्मानित किया गया।
भाजपा मीडिया प्रभारी गोपाल जी मालवीय द्वारा बताया गया 52वीं लोकसभा इलाहाबाद प्रत्याशी पूर्व राज्यपाल स्वर्गीय केसरी नाथ त्रिपाठी के पुत्र नीरज त्रिपाठी को सम्मानित किया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम जायसवाल समाज के अध्यक्ष पदुम जायसवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी तथा विशिष्ट अतिथि महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी, वर्तमान सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी एवं मनोज जायसवाल लोकसभा प्रभारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों एवं विशिष्ट अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत के साथ हुआ। मंच का संचालन जायसवाल समाज के महामंत्री सुनील जायसवाल ने किया। कोषाध्यक्ष विजय जायसवाल, उपाध्यक्ष दिलीप जायसवाल, मंत्री जयप्रकाश जायसवाल आदि जायसवाल समाज की पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मतदान के दिन अपने मताधिकार का उपयोग कर अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया।

# मजलिस ए तरहीम में छलके आँसू



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** बख्शी बाज़ार स्थित इमामबाड़ा नाज़िर हुसैन में अन्जुमन गुन्चा ए क़ासिमया बख्शी बाज़ार की ओर से ज़ाकिर ए अहलेबैत मरहूम ज़ायर हुसैन के ईसाल ए सवाब को मजलिस ए तरहीम का आयोजन किया गया। शायर ए अहलेबैत, सफीरे हुसैनियत, मीर ए मनक़बत, बहलोल ए हिन्द, आफताब ए निज़ामत नजीब इलाहाबादी के संचालन में सैय्यद हैदर मेंहदी व अलमदार क़ाज़मी ने सोज़ व सलाम सुना कर खेराजे अक़ीदत पेश की तो मौलाना आमिरुर रिज़वी साहब क़िब्ला ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा ज़ायर हुसैन वह अज़ीम शख्सियत थे। जो शहर की हर छोटी बड़ी मजलिसों में ज़िक्र ए अहलेबैत में अपने आप को मसरुफ़ किए रहते थे। चाहे मजलिस पढ़नी हो या मर्सियाख्वानी या नौहा हर जगह ज़ायर हुसैन मसरुफ़ ए शोहदाए कर्बला रहते थे। मजलिस में मौलाना अफ़ज़ल अब्बास, ज़ाकिर ए अहलेबैत रज़ा अब्बास जैदी, रिज़वान जव्वादी, फरीद रज़ा, जुलक़रनैन आब्दी, मक़सूद रिज़वी, ताज रिज़वी, काज़िम अब्बास, अहमद जावेद, मिर्ज़ा अज़ादार हुसैन, हसनैन अख्तर, हुसैन रज़ा, रिज़वान अली अख्तर, अरशद नक़वी, सैय्यद मोहम्मद अस्करी आदि शामिल रहे।

# महाकुंभ में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की राह आसान करेगा गंगा पथ

## गंगा किनारे 12 किमी लंबे पथ का 95 करोड़ से हो रहा है निर्माण
## महाकुंभ में शहर को जाम की समस्या से बचाएगा गंगा पथ

### इन क्षेत्रों में हो रहा है गंगा पथ का निर्माण

**प्रयागराज।** गंगा किनारे रसूलाबाद घाट से नागवासुकी मंदिर तक, सूरदास से छतनाग तक, कर्जन ब्रिज के समीप महावीर पुरी तक का निर्माण कार्य अभी चल रहा है। गंगा के दोनों किनारे पर इन सड़कों का निर्माण हो रहा है।

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ को दिव्य, भव्य और नव्य स्वरूप देने के लिए योगी सरकार कई नए कदम उठा रही है। इसी के तहत गंगा तट पर 95 करोड़ से गंगा पथ का निर्माण किया जा रहा है। इससे यहां आने वाले 41 करोड़ से अधिक पर्यटकों और श्रद्धालुओं को जाम की समस्या से निजात मिलेगी।
सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता दिनेश तिवारी ने बताया कि राजधानी लखनऊ के गोमती रिवर फ्रंट की तर्ज पर प्रयागराज में भी गंगा किनारे लगभग 12 किलोमीटर गंगा पथ का निर्माण कराया जा रहा है। यह महाकुंभ-2025 से पहले बनकर तैयार हो जाएगा। इससे कुंभ क्षेत्र में भीड़ को व्यवस्थित करने में यह काफी मददगार साबित होगा। सिंचाई विभाग की तरफ से इसका निर्माण किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए गंगा नदी के दोनों किनारों पर सात खंडों में रिवर फ्रंट की तर्ज पर सड़क बनाई जा रही है। गंगा पथ आम सड़कों से बिलकुल अलग होगी। इसका निर्माण इंटर लाकिंग, बोल्डर क्रेट से किया जा रहा है, जिसमें स्लोप पिचिंग का कार्य भी होगा। इस सड़क को आदर्श सड़क के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके किनारे बेंच लगाई जाएगी। कई जगह जगह पर सेल्फी प्वाइंट का भी निर्माण होगा।

# चलाया गया मतदाता जागरूकता एवं हस्ताक्षर अभियान



**प्रयागराज।** केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल 93 बटालियन प्रयागराज एवं प्रिम रोज़ शिक्षा संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में मतदाता जागरूकता एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।आज मुडेरा मंडी प्रयागराज के गेट नंबर 2 पर जिसमे केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कमांडेंट अनिल शुक्ला एवं असिस्टेंट कमांडेंट अजय कुमार के द्वारा इस कार्यक्रम की शुरूवात किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रिम रोज़ शिक्षा संस्थान के प्रबंधक फरहान आलम ने किया साथ ही सीआरपीएफ एवं स्थानीय लोगो ने तख्तियां लेके नारे भी लगाए, जिसमे वोट हमारा है अधिकार करे नही इसको बेकार जैसे स्लोगन लिखे हुए थे।कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिवम दुआ, ज़ाकिर अली खान, प्रतीक तिवारी, हिमांशु, मनोज एवं समस्त सीआरपीएफ की टीम मौजूद रही।

# अर्शिया शरीफ ने किया टाप, इंटर में मिला चौथा स्थान

## देश में बढ़ाया प्रयागराज का मान



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** आईसीएसई बोर्ड परीक्षा का परिणाम सोमवार को घोषित हो गया। प्रयागराज की अर्शिया शरीफ ने इंटर की परीक्षा में टॉप कर देश में चौथा स्थान हासिल किया है। अर्शिया की इस सफलता यह संगम नगरी प्रयागराज का नाम रौशन किया है। अर्शिया गर्ल्स हाई स्कूल एंड कॉलेज की छात्रा है। अर्शिया ने सोमवार को जारी हुए परीक्षा के नतीजे में देश के टॉपर में टॉप पांचवें स्थान पर नाम दर्ज कराते हुये प्रयागराज का नाम रोशन किया है। अर्शिया के मुताबिक सामाजिक विज्ञान में 99त्न अंग्रेजी में 97 और राजनीतिक शास्त्र व इतिहास में 100 में 100 अंक हांसिल किया हैं। इन्होंने कुल 99 फ़ीसदी अंक के साथ सफलता हांसिल की है। आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में देश में चौथा स्थान प्राप्त करने वाली प्रयागराज की अर्शिया शरीफ का कहना है यह जहां अनुशासन कि वहां ही सफलता है। जब तक लोगों को मंजिल न मिल पाये, उसे कोशिश करते रहना चाहिए। अपनी मंजिल को पाने के लिए परिश्रम से पीछे नहीं हटना चाहिए। अर्शिया के पिता जनरल मर्चेंट की दुकान चलाते है। अर्शिया का सपना है कि भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में जाकर देश की सेवा करने का जिम्मा उठाना चाहती है।

# कालिदास मेडिकल क्रिकेट क्लब की जीत में अंकित की धमाकेदार पारी



**प्रयागराज।** कालिदास मेडिकल क्रिकेट क्लब ने प्रयाग क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित आबिद मुर्तजा स्मारक अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता में श्री सहायक क्रिकेट क्लब को 16 रन से हराकर पूर्ण अंक अर्जित किए है। अंकित यादव की धमाकेदार अर्धशतकीय ( 71 रन, 50 गेंद, नौ चौके, चार छक्के ) पारी खेल अपनी टीम को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।
सोमवार को डीएवी कॉलेज मैदान पर टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कालिदास मेडिकल क्रिकेट क्लब ने 35 ओवर में 194 रन ( अंकित यादव 71, तन्मय केशरवानी 37, रितेश गोंड 32 रन, प्रांजल पांडेय 3/57, मो. अशर 2/26, आदित्य यादव 1/21 ) पर बनाए। जवाब में श्री सहायक क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 33.1 ओवर में 178 रन ( मानस प्रवाल 55, कृष्णा साहू34, पार्थ वर्धन सहायक 14 रन, अखिलेश यादव 3/37, मो. अरमान 2/23, मो. हम्माद 2/44, तन्मय केशरवानी 1/33 ) पर सिमट गई। मैच में शिशिर मेहरोत्रा व अभिषेक मिश्रा ने अंपायरिंग और प्रितेश सोनकर ने स्कोरिंग की।

# अवैध नीम का पेड़ कटाना महंगा पड़ा, वन विभाग ने किया जुर्माना

**लोकमित्र ब्यूरो**
**बहरिया।** बहरिया थाना क्षेत्र के महुली चतुरपुर गांव में प्राथमिक विद्यालय के बगल सोमवार को नीम का हरा पेड़ लकड़कट्टो द्वारा अवैध रूप से काटा जा रहा था। जिसकी सूचना किसी ने वन विभाग के दरोगा पन्ना लाल यादव को दी। सूचना मिलते ही वन दरोगा पन्नालाल यादव अपने हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचे तो देखा कि महुली चतुरपुर गांव में राज नारायण पटेल उर्फ पंडित का नीम का हरा पेड़ लकडकट्टों द्वारा काटा जा रहा था। जिस पर वन विभाग द्वारा पेड़ का जुर्माना करते हुए विधिक कार्यवाही की । वन विभाग के इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध पेड़ का कटान करने वाले में हड़कंप मच गया है।

# बांके बिहारी की लौकिक लीलाएं रहेंगी पूज्यनीय - स्वामी बल्लभाचार्य

## भागवत भगवान की आरती के साथ थम गया वैदिक प्रवाह
## यजमान परिवार ने व्यास व पीठ का सम्मान कर परम्परा को दी ऊँचाई



**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** माण्डा क्षेत्र के कुशलपुर गांव में पँ ब्रह्मदीन त्रिपाठी के आवास पर चल रहे श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ की समापन कथा में व्यास स्वामी बल्लभाचार्य महराज ने बताया कि सनातन परम्पराओं में प्रत्येक युग और कल्प में गुरु साधना और पूजा की परंपरा रही है।कथा के समापन सत्र में यजमान व उनके परिजनों ने वेद भगवान और व्यास की पूजा और आरती कर वैदिक व पौराणिक परम्पराओं का सम्मान किया है।कथा व्यास ने कथा के अंतिम सोपान में बताया कि शुकदेव जी ने शापित राजा परीक्षित की मुक्ति के लिए जो कथा सुनाई वह समय के साथ परम पवित्र श्रीमद्भागवत ग्रन्थ के रूप में पूजित हुआ।कथा विस्तार में बल्लभाचार्य जी ने लीलाधारी श्रीकृष्ण के लौकिक जीवन के आदर्शो को कथा के रूप में प्रस्तुत किया है। बताया कि बांके विहारी ने अपनी लीलाओं के जरिये समाज को जो दिशा दी, वह हर रिश्तों के लिए आदर्श बन गए।श्री कृष्ण व सुदामा की आदर्श मित्रता युगों तक प्रासंगिक रहेगी।भागवत भगवान की कथा में सुदामा को गरीब ब्राह्मण के साथ ,ज्ञानी,विषय विरक्त एवं जितेंद्रिय बताया गया है।कहा कि द्वारिकाधीश का मित्र के प्रति प्रेम और सहजभाव एक आदर्श के रूप में स्थापित हुआ,जिसकी दुहाई अब भी दी जाती है।यजमान श्रीमती अनारकली ब्रहदीन त्रिपाठी ने भागवत भगवान की आरती के साथ व्यास पीठ पर विराजमान स्वामी बल्लभाचार्य महराज की आरती कर गुरु सम्मान परम्परा को ऊँचाई दी है।आचार्य को अंगवस्त्र के साथ अन्य उपहार से नवाज कर सम्मान दिया है।यजमान परिवार के हरिकृष्ण त्रिपाठी,श्री कृष्ण त्रिपाठी एवं राम कृष्ण त्रिपाठी वन्धुओं ने पंडाल के कथा प्रेमियों को सम्मान देकर समाज मे अपनी छाप से प्रभावित किया है।आयोजन में मंगलवार को विशाल भंडारा होगा।

# अखिलेश यादव ने बढ़ाया पाल बघेल धनगर समाज का सम्मान- नसीरुद्दीन राईन




**लोक मित्र ब्यूरो**
**फूलपुर ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नेता पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम लाल पाल को समाजवादी पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी इनके मनोनयन पर सपाइयों ने मिठाईयां खिलाकर खुशी का इजहार किया इस दौरान समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष नसीरुद्दीन राईन ने कहा कि श्याम लाल पाल ने पाल बघेल धनगर समाजवादी रथ यात्रा लेकर पूर्वांचल से पश्चिम तक व रूहेल खंड से लेकर बुंदेलखंड तक समाजवादी पार्टी की नितियों को लेकर पाल बघेल धनगर समाज व समाजवादी पार्टी ने को मजबूती प्रदान करने के लिए समाजवादी ध्वज लेकर गांव गांव पांव पांव समाजवादी पार्टी की नितियों को समाज के प्रत्येक लोगों तक पहुंचाने का काम किया है इनके प्रति निष्ठा को देखते हुए अखिलेश जी ने सम्मान देकर पूरे प्रयागराज जनपद का सम्मान बढाया है इस दौरान पी सी सी सदस्य रंगी लाल यादव,सभासद अरशद उल्लाह, कुमार मंगल,मोहीद अंसारी, अनिल केसरी, सोनू पांडेय, मो,इरफान, मुराद मंसूरी, सौरभ यादव, वाजिद तुफानी,परवेज आलम,गुलफाम इदरीसी, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# होलागढ़ में भाजपा प्रत्यासी ने किया तूफानी दौरा

**लोकमित्र ब्यूरो**
**होलागढ़(प्रयागराज)।**फूलपुर क्षेत्र के भाजपा प्रत्यासी प्रवीण पटेल ने सोमवार को होलागढ़ क्षेत्र का तूफानी दौरा किया।
इस दौरान लोगों से मिलकर मोदी योगी को मजबूत करने लिए बंपर मतदान करने की अपील की। तूफानी दौरा के क्रम में होलागढ़,दहियावा,मुकुंदपुर बाजार,अवसान के पूरा,रूह बीर बाबा,उमरिया ठकुरान,कल्याणपुर,ऊंचडीह,बेलखरिया के पूरा,गदियानी,और नेवादा गांव आदि शामिल रहा।इनके साथ विधायक गुरु प्रसाद मौर्य,कन्हैया लाल पांडे,तुलसी राम सरोज,



ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विनोद तिवारी,टी एन सिंह,राधा कांत शुक्ल,भीष्म नारायण त्रिपाठी,पवन जायसवाल,प्रधान बुंदेल सिंह,,महेश्वरी शरण सिंह,आशू सिंह,अनिल मिश्र,सुरेंद्र कुमार शुक्ल,गुरु ओम मिश्र,शुभम शुक्ल आदि मौजूद रहे।

# क्रेन की चपेट में आए बाइक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत

## सड़क हादसे के शिकार हुए मृतकों के परिवार में मचा कोहराम





**लोकमित्र ब्यूरो**
**पश्चिम शरीरा, कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के पुनवार पेट्रोल पम्प के पास सोमवार की सुबह बाइक सवार दो युवकों को क्रेन वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया हादसे में बाइक सवार दोनों युवकों की दर्दनाक मौत हो गई घटना की खबर जैसे ही परिजनों को मिली तो परिवार में कोहराम मच गया सूचना पर पहुंची स्थानी पुलिस ने दोनों शवो का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वही घटना को अंजाम देने के बाद क्रेन वाहन का ड्राइवर क्रेन को छोड़कर मौके से फरार हो गया। पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के रतन का डेरा निवासी शारदा प्रसाद पुत्र बेचू लाल अपने बुआ के लड़के उमेश कुमार पुत्र सुरेश निवासी भइला मकदूमपुर थाना करारी के साथ सोमवार की सुबह अपने घर से दो पहिया वाहन से पश्चिम शरीरा किसी काम से जा रहे थे जैसे ही पुनवार पेट्रोल पंप के पास पहुंचे ही थे तभी पश्चिम शरीरा की तरफ से आ रहे क्रेन वाहन चालक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया हादसे में दोनों युवक सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल होकर तड़पने लगे वही मौका देख क्रेन वाहन का ड्राइवर क्रेन को छोड़कर मौके से फरार हो गया इसी बीच सूचना पाकर मौके में पश्चिम शरीरा थाना अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह अपने अन्य सिपाहियों के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को एंबुलेंस के माध्यम से आनन-फानन में इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा जहां डॉक्टरों ने दोनों युवकों शारदा प्रसाद उम्र 25 वर्ष एवं उमेश कुमार उम्र 23 वर्ष को मृत घोषित कर दिया

दोनों युवकों की मौत की खबर जैसे ही परिजनों को मिली तो पूरे परिवार में कोहरा मच गया वहीं मृतक शारदा प्रसाद अपनी चार बहनों में इकलौता भाई था उसकी मौत से पूरा परिवार सहमा हुआ है तथा सभी जनों का रो-रो कर बुरा हाल है घटना के संबंध में थाना अध्यक्ष ने बताया कि ड्राइवर मौके से भाग गया है क्रेन वाहन को कब्जे में ले लिया गया है दोनों युवकों के शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है परिजनों द्वारा मिली तहरीर के आधार पर विधिक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# कौशाम्बी की बेटी ने जिले का किया नाम रोशन जीत कराटे मे मेडल



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सरसवां, कौशाम्बी।** कौशाम्बी मंझनपुर तहसील के महेवा घाट क्षेत्र के उमरावा गांव निवासी अजय कुमार तिवारी की पुत्री अवनी कक्षा 6 की छात्रा है। उत्तराखंड के देहरादून में हॉस्टल में रहकर पढ़ाई लिखाई करती है जहां कराटे प्रतियोगिता में अंडर 12 के जिला स्तर में ब्राज मेडल और राज्य स्तर के खेल में सिल्वर मेडल जीतकर कौशांबी व गांव का नाम रोशन किया है जैसे ही यह जानकारी परिवारजनों व क्षेत्र वासियों को पता चली तो खुशी की लहर दौड़ पड़ी। अनवी के जान पहचान वाले लोगों का घर पर बधाई देने का ताता लगा हुआ है।

# पुलिस अधीक्षक के निर्देश में एंटीरोमियो टीम ने चलाया जागरूकता



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के कुशल निर्देशन मे प्रभारी निरीक्षक महिला थाना मय हमराह एंटीरोमियो टीम द्वारा एंटीरोमियो चेकिंग की गई तथा शक्ति दीदी ,मिशन शक्ति के तहत स्कूल के समय भ्रमणशील रहकर महिलाओ और बालिकाओ को साइबर अपराध व महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलाए गए सभी हेल्पलाइन नंबर को विस्तृत तरीके से समझा कर तथा मतदान के प्रति जागरूक किया गया और मिशन शक्ति, नारी शक्ति, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन, अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930,साइबर अपराध हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेल्पडेस्क,एंटीरोमियो टीम के कार्य तथा थाना के सीयूजी नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के कुशल निर्देशन मे एंटीरोमियो टीम द्वारा एंटीरोमियो चेकिंग की गई तथा शक्ति दीदी ,मिशन शक्ति के तहत स्कूल के समय भ्रमणशील रहकर महिलाओ और बालिकाओ को साइबर अपराध व महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलाए गए सभी हेल्पलाइन नंबर को विस्तृत तरीके से समझा कर तथा मतदान के प्रति जागरूक किया गया और मिशन शक्ति, नारी शक्ति, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन, अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930,साइबर अपराध हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेल्पडेस्क,एंटीरोमियो टीम के कार्य तथा थाना के सीयूजी नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।

# आशीष पासी ने सपा प्रत्याशी के समर्थन में मांगा सहयोग



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सैनी, कौशाम्बी।** कौशांबी संसदीय सीट से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज के समर्थन में सपा नेता आशीष पासी ने सोमवार को सिराथू विधानसभा क्षेत्र के टुल्लू के अडार पर गांव में जनसभा कर सपा की नीतियों को बताते हुए सपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज के समर्थन में सहयोग मांगा। इस दौरान आशीष पासी ने मौजूद लोगो को जागरूक करते हुए शत प्रतिशत मतदान का संकल्प दिलाते हुए आगामी 20 मई को मतदान करने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान आशीष पासी , मिथिलेश पासी , रामू पटेल , कुंदन यादव , जागेश पासी , लाल चंद्र पटेल , अनिल कुशवाहा , कुंवर सिंह , राहुल यादव , संदीप सोनकर , आशीष यादव , संतोष पासी सहित बड़ी संख्या ने महिलाए व पुरुष मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से भट्टा मजदूर की बेटी की मौत

## मासूम की मौत से घर परिवार में कोहराम





**लोकमित्र ब्यूरो**
**कड़ा, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के मीरापुर में स्थित ईंट भट्ठा के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से तीन वर्षीय मासूम गंभीर रूप से जख्मी हो गई ,

हादसा देख परिजनों ने मासूम को इलाज के लिए सिराथू के सरकारी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सको ने मासूम को मृत घोषित कर दिया , मासूम की मौत की खबर पर घर परिवार में कोहराम मच गया , सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही में जुट गई है ।

मिली जानकारी के अनुसार महोबा जनपद के सेखु नगर पावर हाउस रोड निवासी बिल्ला सैनी कोतवाली क्षेत्र के मीरापुर में स्थित ईंट भट्ठा में मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता है , बिल्ला परिवार के साथ भट्ठे में ही रहता है , सोमवार की शाम बिल्ला की तीन वर्षीय पुत्री मुस्कान तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आ गई और गंभीर रूप से जख्मी हो गई

आसपास मौजूद लोगो ने हादसा देखा तो अफरा तफरी मच गई और मासूम मुस्कान को आनन फानन में इलाज के लिए सिराथू के सरकारी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सको ने मासूम को मृत घोषित कर दिया।

मासूम की मौत की खबर पर घर परिवार ने कोहराम मच गया । सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे ट्रैक पर मिला युवक शव



**लोकमित्र ब्यूरो**
**भरवारी, कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के सिंघिया चौंकी अंतर्गत ओएफसी रेल मार्ग भरवारी वार्ड नंबर 5 पंडित गिरधारी लाल मेहता नेता नगर जील्लापर सोमवार की दोपहर में लगभग 3 बजे वहीं रहे स्थानीय लोगों ने देखा कि एक युवक का शव पड़ा हुआ है, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकीन पहचान नहीं हो पाई है, चौंकी प्रभारी सिंघिया नीरज कुमार उपाध्याय ने बताया कि एक युवक जिसकी उम्र लगभग 24 वर्ष है, जिसने जींस पैंट उसके अंदर काली रंग की लोवर और आसमानी रंग का शर्ट पहना हुआ है, ट्रेन से कटने की वजह से मौत हो गई है। इस सम्बंध में कोखराज थाना प्रभारी इंद्रदेव ने कहा कि एक युवक कि ट्रेन से कटकर मौत हो गई है, युवक कि शिनाख्त करवाई जा रही है।

# सामुदायिक शौचालय में लटक रहा ताला, खुले में शौच

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कनैली/गुरौली, कौशाम्बी।** कौशाम्बी विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोइठा मजरा मुडिया डोली में स्वच्छ भारत मिशन के तहत लाखों रुपये की लागत से बनाये गए सामुदायिक शौचालय में ताला लटक रहा है। जिसकी वजह से लोगों को खुले में शौच के लिए जाना पड़ता है। गांव के लोगों ने जिम्मेदार अधिकारियों से लगे ताले को खुलवाने की मांग की है।




कौशाम्बी विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोइठा मजरा मुडिया डोली गांव में स्वच्छ भारत मिशन के तहत लाखों रुपये की लागत से बनाये गए सामुदायिक शौचालय में ताला लटक रहा है। जिसकी वजह से लोगों को खुले में शौच के लिए जाना पड़ता है। गांव के लोगों ने जिम्मेदार अधिकारियों से लगे ताले को खुलवाने की मांग की है। ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरण स्वच्छ रखने व खुले में शौच जाने से रोकने के लिए ग्राम निधि से लाखों रुपये की लागत से सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया है। देखरेख व साफ-सफाई की जिम्मेदारी गांव में बने स्वयं सहायता समूह को दी गई है। इसके लिए ग्राम पंचायत द्वारा प्रतिमाह हजारों की रकम खर्च की जा रही है। मुडिया डोली गांव में वित्तीय वर्ष 2020 व 21 में साढ़े तीन लाख की लागत से महिला व पुरुष के लिए शौचालय बनवाया गया था, लेकिन गांव वालों का कहना है बने शौचालय में ताला लटकता रहता है। जिसकी वजह से लोगों को खुले में शौच के लिए जाना पड़ रहा है। ग्राम प्रधान व सचिव से ताला खुलवाने की मांग की गई थी, लेकिन अब तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। गांव में सामुदायिक शौचालय शोपीस बना हुआ है। निर्माण के बाद से ही ताला लटका है, जिसकी वजह से लोगों को इस सुविधा का लाभ नहीं मिल पाता है।

मजबूरन खुले में शौच के लिए जाना पड़ता है। सुनील कुमार गावों को स्वच्छ बनाने के लिए भले ही सरकार की ओर से तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन इसका लाभ ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों को नहीं मिल पा रहा है जिसकी वजह से शौचालय निर्माण होने के बाद भी लोगों को खुले में जाना पड़ता है। पंकज कुमार बने शौचालय के रखरखाव के लिए ग्राम पंचायत निधि से हजारों रुपये खर्च किए जा रहे हैं।

लेकिन शौचालय न खुलने की वजह से इनका प्रयोग नहीं हो पाता है और लोगों को खुले में शौच के लिए जाना पड़ता है।

# नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी में दिलाई गई मतदाता जागरूकता की शपथ



**कौशाम्बी।** नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी में राजस्व निरीक्षक चायल सुरेंद्र सिंह एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य कलीम अहमद के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई गई इस कार्यक्रम में सुपरवाइजर धीरज सिंह एवं दिनेश सिंह एवं एनसीसी एएनओ पंकज कुमार विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा कार्यक्रम का संचालन भुवनेश्वर तिवारी द्वारा किया गया।

# झारखंड से पैदल वृंदावन के लिए निकली मां-बेटी

## कौशाम्बी में भव्य स्वागत कर जिले की सीमा को कराया गया पार

**लोकमित्र ब्यूरो**
**करारी, कौशाम्बी।** भगवान कृष्ण का दर्शन करने के लिए झारखंड की मां बेटी वृंदावन (मथुरा) के लिए पैदल ही निकल पड़ी है। रविवार को दोनों कृष्ण भक्त कौशाम्बी में भव्य स्वागत किया गया। सोमवार को उन्हें जिले की सीमा तक छोड़ा गया।



झारखंड प्रांत के कोडरमा जिले की कुसुम साहू ने बताया कि वह और उनकी मां भगवान की बहुत बड़ी भक्त है। राधा कृष्ण के दर्शन की अभिलाषा को लेकर वह 25 दिन पूर्व कोडरमा से लड्डू गोपाल को हाथ में लेकर राधे कृष्ण कहते हुए पैदल निकली है।

करीब 1200 किलो मीटर पग यात्रा करके वह वृंदावन पहुंचेगी। रविवार को कुसुम साहू कोखराज क्षेत्र के जायसवाल होटल के पास पहुंची। इस बात की जानकारी बजरंग दल के जिला संयोजक विवेक जायसवाल को हुई। उन्होंने संगठन के लोगों को दी।काशी प्रांत के संयोजक बजरंग दल सत्य प्रताप ने कहा कि कड़ी धूप में 1200 किलोमीटर पग यात्रा कर भगवान कृष्ण का दर्शन करने के लिए इन बहनों ने कड़ा संकल्प लिया है। रास्ते में सभी लोग इनका स्वागत व सहयोग करें। इसके बाद सोमवार को इन्हें जिले की सीमा अजुहा तक छोड़ा गया। इस मौके पर काशी प्रांत के संयोजक बजरंग दल सत्य प्रताप, जिला संयोजक विवेक जायसवाल, विभाग उपाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद अजय पांडे, जिला मंत्री नीलमणि, जिला उपाध्यक्ष राम अभिलाष मौर्य, उमेश केसरवानी, एसपी दुबे, सनी साहू आदि लोग रहे।

# प्राथमिक विद्यालय दाई का पूरा में लटकता रहा ताला, बच्चे करते इन्तजार




**लोकमित्र ब्यूरो**
**कनैली/ गुरौली, कौशाम्बी।** शिक्षकों की मनमानी के चलते प्रथामिक विद्यालयों की शिक्षा पटरी पर नहीं आ रही है। शिक्षकों के समय से विद्यालय न पहुंचने और अक्सर गायब रहने के चलते शिक्षण कार्य प्रभावित हैं। सोमवार को कौशाम्बी ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय दाई का पूरा में सुबह 7.45 बजे ताला लटका रहा। विद्यालय सुबह खुलने का समय 7.45 बजे होने के बाद शिक्षक नहीं पहुंचे। परिसर में घंटों इंतजार के बाद बच्चे अपने घर लौट गए।

ग्राम पंचायत दाई का पूरा के प्राथमिक विद्यालय में कमलेश कुमार प्रधानाध्यापक हैं। इस विद्यालय में दो सहायक अध्यापकों व दो शिक्षामित्र की तैनाती है। शिक्षकों के विद्यालय समय से न पहुंचने के चलते बच्चे परेशान रहते हैं। सोमवार की सुबह आठ बजे छात्र-छात्राएं विद्यालय पहुंचे, लेकिन ताला नहीं खुला। बच्चे गेट के बाहर एक घंटे से अधिक समय तक इंतजार के बाद अधिकांश बच्चे वापस घर लौट गए। बच्चों ने बताया कि शिक्षक समय से विद्यालय नहीं आते हैं। अक्सर रसोइया विद्यालय के गेट का ताला खोलती है। आज रसोइया भी नहीं आई। जिससे वह बिना शिक्षा ग्रहण किए ही घर वापस लौटने को मजबूर हैं।

# अपना दल एस द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए भाजपा प्रत्याशी



**कौशाम्बी।** चरवा में 50 लोकसभा कौशाम्बी से एनडीए गठबंधन से भाजपा प्रत्याशी श्री विनोद सोनकर जी के समर्थन में अपना दल (एस) द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित होकर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन कर भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर को प्रचंड मतों से विजयी बनाने तथा देश में एक बार फिर नरेंद्र मोदी सरकार बनाने के संकल्प को मजबूत करने का आह्वान किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष देव नारायण सिंह पटेल, चायल विधानसभा अध्यक्ष अमर सिंह पटेल सहित सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# शोहदे की हरकतों से आजिज आकर छात्रा ने छोड़ दिया स्कूल

**लोकमित्र ब्यूरो**
**चायल, कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शोहदे की हरकतों से आजिज आकर एक छात्रा ने स्कूल जाना छोड़ दिया है। परिजनों के उलाहना देने के बावजूद युवक सुधरने का नाम नहीं ले रहा है।पीड़िता ने थाने जाकर मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दिया है।

पिपरी क्षेत्र के एक गांव का व्यक्ति मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता है।उसने बताया कि उसकी 14 वर्षीय बेटी तिल्हापुर मोड़ स्थित एक इंटर कालेज में हाई स्कूल की छात्रा है। वह साइकिल से विद्यालय जाया करती थी। आरोप है कि गांव का ही एक युवक डंपर चालक है। वह करीब महीने भर से छात्रा के साथ रास्ते में छेड़छाड़ करता है। पीड़िता की मां का कहना है कि कई बार वह रास्ते में छेड़खानी कर चुका। लोकलाज के चलते छात्रा के परिजनों ने युवक के घर जाकर उलाहना दिया मगर उसके आदत में कोई सुधार नहीं हुआ। छात्रा ने परेशान होकर स्कूल जाना ही छोड़ दिया। पीड़िता के मुताबिक स्कूल छोड़ने के बाद युवक ने उसे घर के बाहर निकलना मुश्किल कर दिया। सोमवार को पीड़िता ने मां के साथ थाने जाकर मामले की तहरीर दी। इस संबंध में इंस्पेक्टर बृजेश कुमार करवरिया का कहना है कि तहरीर की जांच की जा रही है। आरोप सही पाया गया तो केस दर्ज कर आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने ग्राम प्रधान, कृषक, पशुपालक, समाज सेवी संस्थाओं से की भूसा दान की अपील

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 ए0के0 सागर ने समस्त ग्राम प्रधानध्कृषक पशुपालक, भूसा क्रेता, विक्रेता, समाज सेवी संस्थाओं, कोटेदार, गौ प्रेमी एवं समस्त जनपदवासियों से अपील की है कि इस वर्ष भी संरक्षित गोवंश के भरण-पोषण के लिए अधिक से अधिक मात्रा में भूसा, हरा चारा अथवा अन्य सामाग्री नजदीकी स्थाई, अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल, गौशालाओं पर दान करें, जिससे गोवंश संरक्षण में पूर्व की भांति आपकी सहभागिता एवं सहयोग बनी रहें।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि जनपद में संचालित 85 स्थाई, अस्थाई गौ-आश्रय स्थल पर आपके सहयोग से 14969 गोवंशों को संरक्षण करते हुए अभी भी संरक्षण कार्य सुचारू रूप से चल रहा हैं। विगत वर्षो में आपके द्वारा भूसा महादान अभियान के अन्तर्गत विभिन्न गोवंश आश्रय स्थलों पर संरक्षित गोवंश के लिए प्रचुर मात्रा में भूसाध्हरा चारा एवं अन्य सामाग्री का दान किया गया है, जो कि निराश्रित गोवंश के भरण-पोषण कार्य में लाभकारी सिद्ध हुआ।

## लोकमित्र की चुनावी चर्चा

# एनकी बार सोच समझ के वोट करब



**लोकमित्र ब्यूरो**
**बारा, कौशाम्बी।** लोकसभा के चुनावी चर्चा के दौरान विजिया चौराहा में चाय की दुकान में इकट्ठा लोगों का कहना है भाई हरो प्रत्यासी चाहे जाउन होय एनकी बार सोच समझ के वोट देब कहे से चुनाव बाद कौनो नाही दिखात, चुनाव आवत नेतवा बीस बीस गाड़ी से रोड मा देखाय लागे वोट के बाद कौनाओ पूछाई वाला नही आय खाली बड़ाई बड़ाई दुआर दिखात है। बाबा जी कहत हैं कि वोट तो मोदी जी के नाम पर देब दूसरे का वोट देब दूसरे का दाईन देब तो सरकाराय न रही लेकिन कुछ बैठे ग्रामीणों का कहना है कि कभो न कभो सरकार तो बदली न हम तो साइकिल चलौब और तो यहां तक कहीं कि सबसे नीक तो हाथी थी लेकिन वोट तो जरूर करब जो सरकार बनी होई का वोट दीना। बैठे बेरोजगार युवा कहे आबे हम कुछाओ नही जानत है सबसे बढ़िया नोटा बटन दबी यह चर्चा विजिया चौराहा में चुनावी चर्चा दुकान में चाय पानी करने आए ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा था।

# भाजपा शासन में आमजन परेशान - डा0एसपी सिंह पटेल

## जनसम्पर्क कर जनता से मांगा समर्थन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी डॉक्टर एसपी सिंह पटेल ने सोमवार को गठबंधन के कार्यकर्ताओं संग जिले के विधानसभा सदर क्षेत्र के चालकपुर फ्रोसन, मामूली, लवली पोक्ताखाम, वर्मा बस्ती, धरौली, कोंहडौर, अंसारी गली, रहमान हात, मदुरा रानीगंज, पालूपुर, पड़री पाल, भगवा सहित दर्जनों गांव में जनसंपर्क एवं बैठक के जरिए अपने पक्ष में जन समर्थन मांगते हुए आशीर्वाद लिया।

इस मौके पर गठबंधन के प्रत्याशी डॉक्टर एसपी सिंह पटेल ने कहा कि भाजपा शासन में आमजन परेशान हैं। महंगाई और बेरोजगारी आज चरम सीमा पर है। मोदी सरकार की कॉरपोरेट पक्ष नीति की वजह से देश में आर्थिक असमानता की खाई बढ़ती जा रही है। मोदी सरकार जनता से किये अपने तमाम वादे पर विफल साबित हुई है।

इसका करारा जवाब जनता उनको जरूर देगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता के मान सम्मान के लिए वे सदैव तत्पर हैं । इस मौके पर कमरुल हसन, अजीमुल्लाह, मोतीलाल वर्मा, सुरेश जायसवाल, राहुल चौधरी, विनोद यादव, रमेश यादव, सुरेश यादव, रामबहादुर पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

### पूर्व एमएलसी एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष बने प्रस्तावक



**प्रतापगढ़।** इण्डिया गठबन्धन प्रत्याशी डॉ.शिव पाल सिंह पटेल के दूसरे नामांकन में प्रस्तावक पूर्व एमएलसी श्री आनन्द भूषण सिंह बब्बू राजा व दूसरे सेट के प्रस्तावक में कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी जी एवम डॉ. एस. पी.सिंह पटेल के प्रतिनिधि के रूप में सुशील कुमार जी, एवम यशवर्धन सिंह जी, संजय सिंह जी उपस्थित रहे।

# समझती है जनता, जुमलेबाजी से नहीं होता विकास- प्रथमेश



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़ ।** भाजपा की सरकार केंद्र व प्रदेश दोनों जगह है, फिर भी प्रतापगढ़ में विकास नहीं हो रहा। भाजपा व उसके उम्मीवार ने जनता से किए वादे पूरे नहीं किए। खोखले वादों व जुमलेबाजी से विकास नहीं होता। इसके लिए मन में दृढ़ इच्छा शक्ति होनी चाहिए। यही इच्छा शक्ति लेकर हम चुनाव के मैदान में आए हैं। यह बात प्रतापगढ़ लोकसभा सीट के बसपा प्रत्याशी प्रथमेश मिश्र सेनानी ने सोमवार को पट्टी इलाके में लोगों से मुलाकात के दौरान कही। उन्होंने कहा कि हम नेता नहीं, आपके बेटे और भाई हैं। आपकी समस्या को ठीक से जानते हैं, समाधान करेंगे। सेवक की तरह काम करेंगे, बस एक बार मौका दीजिए। जिले में रोजगार नहीं है। युवा बेहाल हैं। यह मुझे अखरता है। जीतने पर प्राइमरी के बच्चों को वजीफा दिलाने, छुट्टा पशुओं से छुटकारा दिलाने, अधिवकताओं को शेड दिलाने का काम करेंगे। इस दौरान प्रथमेश ने कहा कि बसपा प्रमुख बहन कुमारी मायावती जी सर्वसमाज को जोड़कर चल रही हैं। हम जातिवाद के खिलाफ हैं। हर वर्ग का साथ मिल रहा है। इस दौरान उनके साथ बसपा के पूर्व उम्मीदवार फूलचंद्र मिश्र समेत क्षेत्र के प्रमुख लोग मौजूद रहे। उधर प्रथमेश की पत्नी प्रीमी मिश्रा रामपुरखास में कैंप कर रही हैं। लोगों से जनसमर्थन मांग रही हैं।

### प्रतापगढ़ के प्रताप प्राचीन सूर्य मंदिर

# भारत वर्ष में 5 हजार वर्षो से भी प्राचीन परम्परा में शामिल हैं सूर्य देव की पूजा आराधना

( डा0विनोद त्रिपाठी)

**प्रतापगढ़।** पुरातन जनपद प्रतापगढ़ में तीन सूर्य मंदिर के भग्नावशेष अब तक प्राप्त हुए हैं! जिसमें प्रथम है कटरा गुलाब सिंह क्षेत्र में, दूसरा है ब्लॉक क्षेत्र गौरा में दर्शनीय सूर्य मंदिर और तीसरा मंदिर है - बेल्हा, प्रतापगढ़ शहर के पश्चिमी क्षेत्र मीरा भवन चौराहे के पास आवास विकास निर्माण योजना की प्रारंभिक दिनों में खुदाई करते समय प्राचीन सूर्य प्रतिमा प्राप्त हुई थी। जिसकी स्थापना जिला कचेहरी परिसर में करा दी गई , साथ ही शिष्य हनुमान जी की भी मूर्ति स्थापित है। जिसकी पूजा- आराधना नियमित रुप से होती आ रही है।प्राचीन काल से अवध क्षेत्र में सूर्यवंशी राजा , विशेष कर राजा दशरथजी के शासन का वर्णन मिलता है, उनके पहले रघु, दिलीप , अज और दशरथ के पुत्र राजा राम चन्द्र एंव कुश का रामराज्य शामिल है। जिला मुख्यालय पर एक छोटे से मंदिर में पुनर्स्थापित यह चतुर्मुखी प्रतिमा है जिसके शीर्ष भाग की चतुर्दिक वृत्ताकार प्रभा अंजुल का अंकन किया गया है।प्रतिमा में अलंकरण एवं आभूषणों का चित्रण भी है। प्रतिमा के निचले भाग में दोनों ओर दो ऐसी आकृतियां बनी है ,जिनके बाल लपेट कर जुड़े में बंधे हुए हैं।ऊँ भूर्भुवरू स्वरू तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नरू प्रचोदयात। प्रकृति के प्रत्यक्ष देवता सूर्य प्रतिमा की



संपूर्ण काया आभूषणों से मंडित है , मानों दोनों शस्संस्थान की मुद्रा में हैं। प्रसिद्ध इतिहासकार प्रो0विमल चन्द्र शुक्ल के अनुसार और धार्मिक ग्रंथों के आधार पर कहा जाए तो भगवान भास्कर की दो पत्नियां थी- उषा और छाया! जिसमें छाया के लाडले पुत्र शनि देव माने जाते है। सूर्य प्रतिमा के चारों हाथ भग्नावस्था में है जिसे चुनरी से ढका गया है। गर्दन रत्नों से मंडित है , प्रतिमा के बाएं तरफअश्वमुख अश्वनी कुमार, दाहिने पैर के समीप हंस, बगल में वृषभ साथ ही हंस आदि का अंकन किया गया है।प्रतिमा मसडोपी अमीन तथा अष्टभुजी है। भारत में सूर्य की व्यापक रूप से पूजा की जाती है और यह एक अटूट, प्राचीन परंपरा है जो 5,000 वर्ष से अधिक पुरानी है। मूर्तिकला में, सूर्य अपने हाथों में दो पूरी तरह से खिले हुए कमल लिए हुए सामने की स्थिति में खड़े है। मिथक के अनुसार, जब सूर्य उदय होता है, तो कमल खिलता है। सूर्य शास्त्र में कमल का फूल महत्वपूर्ण है क्योंकि यह सुबह सूर्य की किरणें पाकर खिलता है। सूर्य के हाथों को प्रसिद्ध सूर्य मुद्रा (हाथ का इशारा) में दिखाया गया है, जिसका उपयोग योग में बेहतर चयापचय और ऊर्जा प्रदान करने के लिए किया जाता है। सूर्य के साथ उनके दो सलाहकार, सुरेमन्यू, भोर की देवी और छैया, छाया की देवी हैं। दोनों ओर दो देवियाँ हैं - उषा, उगता हुआ सूरज, और रेतुषा, डूबता सूरज, जो अंधेरे को दूर करने के लिए तीर चला रही हैं। सूर्य के पार्श्व में उनके दो अनुचर दण्ड और पिंगले हैं। उनमें से एक के पास स्याही का बर्तन और कलम है और दूसरे के पास एक छड़ी है। सूर्य के ठीक दोनों ओर उनकी पत्नी छाया और सुवर्चला हैं जो औपचारिक रूप से चौरी लहरा रही हैं, जो अधिकार का प्रतीक है।

देखि भानु जनु मन सकुचानी जदपि बनी संध्या अनुमानी।। - तुलसी दास

सूर्य अंधकार को दूर करने वाला है और इच्छाशक्ति, नाम, प्रसिद्धि और अधिकार जैसे गुणों का प्रतिनिधित्व करता है।

# पिछड़ा वर्ग भाजपा के साथ, विनोद सोनकर तीसरी बार होंगे विजयी - राजेन्द्र मौर्य



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुण्डा प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सोमवार को बाबागंज विधानसभा के जनवामऊ में पिछड़ा वर्ग मोर्चा का सम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि प्रतापगढ़ सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य ने सम्बोधित करते हुए कहा कि पिछड़ा वर्ग हमेशा से भाजपा के साथ रहा है। पिछड़ा वर्ग को सबसे अधिक सम्मान भाजपा में ही मिला। बाकी की पार्टियां सिर्फ वोट लेने के लिए नाटक करती है। उनकी कथनी करनी में अन्तर रहता है। आज कौशाम्बी लोकसभा क्षेत्र से आई अपार जन समूह बता रहा है कि यहां के सांसद विनोद सोनकर तीसरी बार ऐतिहासिक मतों से विजयी होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। पूर्व विधायक शीतला प्रसाद पटेल पप्पू ने जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने 2017 में मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को टिकट देकर विधायक बनाया।

यह सिर्फ भाजपा में ही सम्भव है। यहां के सांसद विनोद सोनकर गरीब परिवार से आते है वह गरीबों का दर्द समझते है। आज जो विकास कार्य दिखाई पड़ रहा है। वह सांसद विनोद सोनकर का परिश्रम है। पहले भी मैं कुण्डा बाबागंज आया हूँ। यहाँ विकास दूर दूर तक नही दिखाई पड़ता था। आज अच्छी सड़के बन गई है। सांसद विनोद सोनकर ने कहा कि कौशाम्बी लोकसभा के सभी परिवार अपने है। 2014 से बराबर आपका स्नेह व आशीर्वाद मिल रहा है। आपके आशीर्वाद से ही दो बार सांसद बना। पार्टी ने पुनः तीसरी बार प्रत्याशी बनाया है। आपका स्नेह व आशीर्वाद तीसरी बार मिल रहा है। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र,कौशलेन्द्र सिंह पटेल, मुन्ना पटेल, डॉ सुमन साहू,पवन गौतम,रविन्द्र प्रताप सिंह, पुष्पराज पटेल,ज्ञान सरोज,मोहित मिश्र, अमर जीत सिंह,उदय शंकर पाण्डेय, भूपेन्द्र पाण्डेय, कमलेश सरोज, आशुतोष जायसवाल, सतीश चौरसिया,गोलू शुक्ल,उमा शंकर पटेल, सरोज त्रिपाठी, महेश सिंह फौजी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### नुक्कड़ सभाओ में मिल रहा अपार जन समर्थन - सांसद विनोद सोनकर



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुण्डा प्रतापगढ़।** लोकसभा चुनाव 2024 में पहली बार कुण्डा बाबागंज क्षेत्र में जन सैलाब उमड़ रहा है। मुझे गर्व है कि मेरे दस वर्षो में किये गए विकास कार्यो का नतीजा है कि जहां पर चार लोग मिलने से कतराते थे ,आज वही कुण्डा बाबागंज में आप लोगों ने अपार स्नेह आशीर्वाद देकर मेरा उत्साह बढ़ा रहे है। 2014 व 2019 में कुण्डा बाबागंज विधानसभा से चुनाव हारा। कौशाम्बी के विधानसभा से चुनाव जीत कर सांसद बना। इस दौरान मैंने विकास कार्यो में कोई भेदभाव नही किया। कौशाम्बी जनपद के साथ कुण्डा बाबागंज में विकास कराया। आज आप सबका स्नेह मुझे जिस तरह से मिल रहा है उससे यह साफहो गया कि इस बार कुण्डा बाबागंज में ऐतिहासिक मतों से कमल खिलने जा रहा है। उक्त बातें सोमवार को कोराली ग्रामसभा में नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते हुए कौशाम्बी लोकसभा से सांसद ,प्रत्याशी विनोद सोनकर ने कही। सांसद विनोद सोनकर ने कहा कि आज नुक्कड़ सभा जन सभा मे बदल रही है। यह आपका आशीर्वाद ही है। पिछले लोकसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी चुनाव हारने के बाद पूरे पांच साल क्षेत्र में दिखाई नही पड़े। अब हो सकता है पुनः दिखाई पड़े। इसके बाद कियावा, बरई,सरियावा,कुण्डा में कार्यक्रम में शमिल हुये। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र,पूर्व प्रत्याशी पवन गौतम, सांसद मीडिया प्रभारी एवं लोकसभा मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, कमलेश सोनकर,उदय शंकर पाण्डेय,आशुतोष जायसवाल, प्रकाश सिंह,अभय प्रताप सिंह पप्पन,गोलू शुक्ल, सरोज त्रिपाठी, कमलेश सरोज,अनिल पटेल,धर्मेद्र मिश्र,राम मूरत पटेल,विनीत पांडेय,मायापति तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# जले घर को देख दहाड़ मारकर रो पड़े काजल,प्रिया और विकास

## अस्पताल से डिस्चार्ज होकर घर लौटे पीड़ितों का कौन पोंछे आंसू मददगार बन बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप पहुंचा रहा राहत सामाग्री



प्रतापगढ़। खजुरनी गांव में बोधी पांडेय का पुरवा में अग्निकांड की भेंट चढ़े पीड़ितों का आंसू पोछने के लिए अभी तक कोई भी जनप्रतिनिधि नहीं पहुंच सका है। अस्पताल से डिस्चार्ज होकर गांव पहुंचे विकास, प्रिया और काजल जले घर और खाक हुई चीजों को देखकर फफक कर रो पड़े। गांव की महिलाएं जली हुई राख से कुछ बिनने की कोशिश कर रही थी।

कुछ दिन पहले गांव में आग की चपेट में आने से गांव के अनिल और कमलेश के घरनुमा झोपड़े और पूरी गृहस्थी जलकर खाक हो गई। अग्निकांड में कमलेश का बेटा विकास, पुत्री काजल और अनिल की पत्नी प्रिया बक्से में फंसने की वजह से जल गए।

तीनों को राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में काजल को प्रयागराज मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। रविवार की शाम को तीनों की अस्पताल से छुट्टी हुई। घर की हालत देखकर उनके आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। घटना के बाद से बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी इनकी मदद को आगे आया है। ग्रुप के सहयोगी अपने अपने स्तर से राहत सामाग्री और आर्थिक सहयोग पहुंचा रहे हैं।

विकास के जोगापुर कंपोजिट स्कूल के स्टाफ ने भी आर्थिक सहयोग किया है। ग्रुप के सहयोगी शनि ने बताया कि सभी लोग अस्पताल से लेकर घर तक विकास और उसके परिजनों की हर तरह से मदद कर रहे हैं। ग्रुप के छात्रों ने विकास का घर बनाने के लिए सामाग्री जुटाई।

### प्रधान ने भेजी राहत सामाग्री

बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप द्वारा अग्नि पीड़ितों की मदद को देखकर भंगवा गांव के ग्राम प्रधान रोहित भी आगे आए हैं। उन्होंने सोमवार को ग्रुप के जरिए राहत सामाग्री विकास के घर भिजवाई है।

### मदद को आगे आए लोग

बच्चा बैंक के सहयोगी अश्विनी केसरवानी ने समाज के लोगों से भी अग्नि पीड़ितों की हर तरह से मदद करने के लिए आगे आने को कहा है। उन्होंने जन प्रतिनिधियों से भी सहायता की अपील की है।

# मतदान हमारा मौलिक अधिकार - रोशनलाल उमरवैश्य

## एलायंस क्लब का मतदाता जागरूकता अभियान निरंतर जारी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान में आज क्लब के पदाधिकारी व क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य के नेतृत्व में सोनावा, चिलबिला, बराछा, कांपा आदि जगहो पर बैठक कर शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई गई।

रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि मतदान करना हम सब का मौलिक अधिकार है। आप सबका एक-एक मत अमूल्य है शत प्रतिशत मतदान से ही लोकतंत्र मजबूत होगा। महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि मतदान में महिलाओं की भूमिका अहम है। लोगों को जागरुक करते हुए क्लब के पदाधिकारी ष्चाहे नर हो या नारी मतदान सब की जिम्मेदारी, चाचा चाची भूल न जाना मतदान करने जरूर जाना आदि नारे भी जोश खरोश के साथ लगा रहे थे। सभी मतदाताओं ने नारे लगाकर 25 मई को मतदान करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर डॉ दयाराम मौर्य, आनंद मोहन ओझा, अमरनाथ गुप्ता, सुनील कुमार सिंह, कुंज बिहारी लाल,राधेश्याम दीवाना, श्रीनाथ मौर्य, प्रेम कुमार त्रिपाठी, अनिल कुमार, राजीव कुमार आर्य, राकेश कनौजिया, संतोष कुमार, देवानंद, छेदीलाल, आदर्श कुमार, विवेक कुमार आदि को मतदाताओं को जागरूक करने की जिम्मेदारी दी गई।

# स्पेस प्वाइंट कोचिंग सेंटर में टॉपर बच्चों का हुआ सम्मान



**लोकमित्र ब्यूरो**


**बाघराय, प्रतापगढ़।** स्पेस प्वाइंट कोचिंग सेंटर बाघराय में हाई स्कूल एवं इन्टर मीडिएट के टॉपर बच्चों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें कोचिंग सेंटर के संचालक उमाशंकर तिवारी एवं स्टाफ संदीप कुमार, दुर्गेश , अंशू अंजनी आदि उपस्थित रहे। इस दौरान उमाशंकर तिवारी ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य कि कामना किया एवं टॉपर बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किये। वहीं रामस्वरूप भारती इंटर मीडिएट कॉलेज की हाई स्कूल टॉपर छात्रा अंजली यादव 91.33:, दूसरा स्थान दीपक सरोज 90:, तीसरा स्थान खुशबू यादव 86:, रोहित सरोज 84:, अंश सिंह 81: , राहुल कुमार 63:एवं इंटर मीडिएट टॉपर नीलेश कुमार 75: सभी लोगों को मेडल दे कर सम्मानित किया गया।

### अपहरण के अभियोग का आरोपी गिरफ्तार

**कुण्डा,प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में थाना कुण्डा के उ0नि0 श्री अंकित कुमार तिवारी मय हमराह का0 मोरध्वज सिंह, का0 रामप्रताप द्वारा देखभाल क्षेत्र, जांच प्रार्थना पत्र, विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना कुण्डा में पंजीकृत मु0अ0सं0 137,24 धारा 363, 366 भादवि में वांछित अभियुक्त ओम प्रकाश शर्मा पुत्र रामआसरे निवासी महमदपुर बरई मजरे काजीपुर थाना कुण्डा, जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र के गांधी तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया ।

# सड़क के साथ ही जल निकासी की समस्या से निजात मिलने पर ग्रामीणों में खुशी

## भूमिधरी जमीन होने के नाते नहीं हो पा रहा था सार्वजनिक रास्ते का निर्माण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** बिहार विकासखंड के रामगढ़ बनोही गांव में आने जाने के लिए रास्ता व जल निकासी की व्यवस्था न होने से गांव में जल भराव जगह जगह हमेशा बना रहता थाऔर आने- जाने के लिए रास्ता भी नहीं था। समस्या को लेकर ग्रामीणों ने लगातार कई वर्षो से जन प्रतिनिधियों के साथ ही अधिकारियों का चक्कर काट रहे थे, परंतु समस्या का निजात गांव के ही एक परिवार के कई हिस्से दारो की भूमिधरी जमीन होने के नाते नहीं हो पा रहा था। गांव में गंदगी फैलने से गांव के लोग बीमारी के शिकार हो रहे थे।भूमिधरी जमीन होने के नाते सार्वजनिक नाली व सड़क निर्माण कार्य जनप्रतिनिधि अधिकारी के प्रयास करने के बाद भी नहीं हो पा रहा था। समस्या को 3 वर्ष प्रयास करने के बाद वर्तमान प्रधान उदल मिश्रा ने बड़ी सूझबूझ से गांव के लोगों को समझा बुझा कर गांव में इंटरलॉकिंग के साथ ही पक्की नाली की अंडर ग्राउंड निर्माण कार्य कराकर परेशानी को दूर कर दिया। ग्रामीणों ने बताया की इसके पहले कई लोग प्रधान हुए परंतु इस ओर ध्यान नहीं दिया , जिससे गांव के लोग परेशान थे । जल निकासी के साथ ही सड़क बन जाने से ग्रामीणों की समस्या दूर हो गई ।समस्या दूर होने पर ग्रामीणों में खुशी व्याप्त है। ग्रामीणों ने खुशी जताते हुए प्रधान उदल मिश्रा का बहुत-बहुत आभार जताया।

# प्रेमिका के घर में फंदे पर झूलता मिला युवक का शव, कोहराम

## महिला के खिलाफआत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज



**लोकमित्र ब्यूरो**

**नेवादा, कौशाम्बी।** सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र के कोटिया गांव में सोमवार की सुबह एक युवक का शव प्रेमिका के घर में फंदे पर झूलता हुआ मिला। जानकारी होने पर परिजनों के होश उड़ गए। सूचना के बाद फोरेंसिक टीम के साथ पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। शव को फंदे से नीचे उतार कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोटिया गांव निवासी छेदी लाल प्रयागराज स्थित एक दूध डेयरी में काम करता है। उसका 27 वर्षीय पुत्र राजकुमार यादव अपना निजी आटो चलाता था। परिजनों के मुताबिक वह रात को अपनी आटो घर से करीब सौ मीटर दूर गांव के सोनू पाल पुत्र फूलचंद पाल के मकान के पास खड़ी करता था। सोनू मुंबई में रहता है। उसकी पत्नी सविता चार बच्चों के साथ घर पर रहती है। मृतक के छोटे भाई सत्यम का आरोप है कि राजकुमार का सविता से प्रेम संबंध होने के चलते वह अक्सर उसके घर आता जाता था। उसी महिला को लेकर कुछ दिनों से उसका भाई परेशान रहता था। रविवार की रात राजकुमार परिजनों से एक निमंत्रण में शामिल होने की बात कह कर निकला। उसके बाद वह घर नहीं लौटा। सुबह उसका शव सोनू पाल के घर में फंदे पर लटका हुआ मिला। घटना की जानकारी होने पर परिजनों के होश उड़ गये।वह सभी रोते बिलखते मौके पर पहुंचे।परिजनों ने थाने जाकर महिला पर आरोप लगाते हुए घटना की तहरीर दी। घटना की सूचना पर फोरेंसिक टीम के साथ पुलिस पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने प्रेमिका के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

# नेशनल हाइवे किनारे मृत अवस्था में मिला राष्ट्रीय पक्षी मोर

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के गुरुकुल नहर के नजदीक नेशनल हाइवे किनारे राष्ट्रीय पक्षी मोर मृत अवस्था में पड़ा मिला जिसके बाद ग्रामीणों ने मामले की सूचना वन विभाग के रेंजर और पुलिस को दी। हालांकि इस मामले में ट्रक की टक्कर से मोर की मौत की आशंका जताई जा रही है। सोमवार की सुबह ग्रामीणों ने सूचना दी कि सैनी कोतवाली क्षेत्र के गुरुकुल नहर के पास सड़क किनारे एक राष्ट्रीय पक्षी मोर मृत अवस्था में पड़ा हुआ है जिस पर लोगों ने वन रेंजर को सूचित किया।वन रेंजर ने तुरंत वन कर्मी रामसिंह को मौके के लिए रवाना किया।वन कर्मी रामसिंह मोर को ढूंढते हुए गांव पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रक की टक्कर लगने से मोर की मौत हुई है ।वन कर्मी ने मोर के शव को कब्जे में लेकर रेंज आफिस डोरमा लाकर आगे की कार्यवाही ने जुट गई है।

# शिक्षा से हर लक्ष्य को पाया जा सकता है- ऋषि कुशवाहा

## सिराथू के श्याम लाल मौर्य स्कूल में ग्रेजुएशन सेरेमनी व शैक्षिक संगोष्ठी में बच्चो ने मचाया धमाल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** कामधेनु ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंन के निदेशक योगेश कुमार मौर्य के कुशल निर्देशन में सिराथू कस्बे में स्थित श्याम लाल मौर्य कौशांबी पब्लिक स्कूल में सोमवार को ग्रेजुएशन सेरेमनी एवं शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे विद्यालय के प्रबंधक ऋषि कुशवाहा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए बताया की शिक्षा से हर लक्ष्य को पाया जा सकता है । ऋषि कुशवाहा ने विद्यालय के आगामी योजना की विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए अच्छी शिक्षा पर जोर दिया । एच आर एडमिन अनिल कुमार कनौजिया ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय की प्राचार्या शबा सिद्दकी ने शिक्षा के साथ बच्चो के संस्कार की आवश्यकता पर बल दिया । एजुकेशन आफिसर अभिषेक यादव ने विद्यालय की आगामी शैक्षिक गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा की शिक्षा जीवन की मूल पूंजी है। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रों ने देश भक्ति गीत , नाटक , कौव्वाली, फ्लगीत आदि सहित एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर मौजूद अतिथियों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस मौके पर अभिभावक जितेंद्र शर्मा , जय प्रकाश गुप्ता आदि लोगो ने विद्यालय के शिक्षको की शिक्षा दीक्षा की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सी एम डी हेमंत कुमार कुशवाहा , गौरव कुशवाहा , स्वतंत्र कुमार , निशू मौर्या , दुर्गा प्रसाद सहित विद्यालय स्टॉफ , छात्र व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# मार्ग हादसे में घायल सफाई कर्मी की इलाज के दौरान मौत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** मंझनपुर स्थित जिला अस्पताल में तैनात सफाई कर्मचारी तीन दिन पहले मार्ग हादसे में जख्मी हो गया था जिसके बाद स्वजनो ने इलाज के लिए प्रयागराज के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था जहां इलाज के दौरान सोमवार को सफाई कर्मी की मौत हो गई , सफाई कर्मी की मौत की खबर पर घर परिवार में कोहराम मच गया।

मिली जानकारी के अनुसार सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू कस्बे के रहने वाले सागर पुत्र राजेंद्र 45 वर्ष सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात है । शनिवार की सुबह बाइक सवार सागर जिला अस्पताल ड्यूटी पर जा रहे थे जैसे ही वह सैनी कोतवाली के करनपुर चौराहा के पास पहुँचे तभी तेज गति ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दिया जिससे बाइक समेत वह सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए हैं आनन फानन में मौके पर पहुंचे लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी मौके में पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल को इलाज के लिए सीएचसी सिराथू में भर्ती कराया गया जहां हालात गंभीर देखते हुए चिकित्सको ने जिला अस्पताल में रेफर कर दिया है।जिसके बाद स्वजनो ने घायल सफाई कर्मी को प्रयागराज के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां सोमवार को इलाज के दौरान सागर की मौत हो गई। मौके की खबर मिलते ही घर परिवार में कोहराम मच गया।

# बंदरों के आतंक से ग्रामीण परेशान, घरों की छतों पर जाने से कतराती है महिलाएं

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** विकास खंड कड़ा के बदलेपुर ननसेनी, अटसराय , सैनी , सिराथू आदि कस्बे में कई सालों से आतंक मचा रहे उत्पाती बंदरों का उत्पात दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। हालात ऐसे हैं कि यह बंदर अब तक कई महिला, पुरुष और बच्चों को काटकर घायल कर चुके हैं। जिससे लोग घरों की छतों पर भी जाने से डरने लगे हैं, लेकिन जिम्मेदार इन बंदरों को पकड़ने की दिशा में कोई पहल नहीं कर रहे हैं।



मामला विकास खंड कड़ा के बदलेपुर ननसेनी गांव का है। जहां करीब 300-400 बंदर है। जो गांव में लंबे समय से उत्पात मचा रहे हैं। जिससे खास कर महिला और बच्चे इन बंदरों से भारी भयभीत रहते हैं। बदलेपुर ननसेनी गांव के प्रधान गुलाब सिंह , अनुज कुमार , अमन कुशवाहा , तेजलाल राजपूत आदि लोगों की मानें तो गांव में बंदरों का आतंक इतना ज्यादा बढ़ गया है कि बच्चे और महिलाओं ने घरों की छतों पर जाना तक बंद कर रखा है। लोग अपने कपड़े भी छतों पर नहीं सुखा पाते हैं। यही नहीं अगर घरों के दरबाजे खुले रह जाए तो बंदर घर के अंदर रखे सामान को तोड़-फोड़कर खाद्य सामग्री को उठाकर और छीनकर ले जाते है। कई बंदर तो इतने ज्यादा उत्पाती है कि वह कभी भी किसी भी व्यक्ति पर हमला करके उसे घायल कर देते हैं। जिससे वह बेहद परेशान है और उन्होंने मांग की है कि गांव से बंदरों को जल्द से जल्द पकड़कर कई किलोमीटर दूर जंगल में छोड़ा जाए, ताकि उन्हें बंदरों के आतंक से निजात मिल सके।

# बिना तलाक दूसरी शादी रचाना दूल्हे को पड़ गया भारी

**कड़ा, कौशाम्बी।** पहली पत्नी को तलाक दिए बिना दूसरी शादी रचाना दूल्हे को महंगा पड़ गया। पहली पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी दूल्हे को धर दबोचा और थाने ले आयी।फतेहपुर जनपद के सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के इजूरा बुजुर्ग की अफसाना खान ने कड़ाधाम पुलिस को दिए शिकायती पत्र के जरिये बताया की उसकी शादी 24 मई 2005 को गांव के ही सुल्तान खान पुत्र हसन उद्दीन के साथ हुई थी।पीड़िता ने बताया कि शादी के 5 वर्ष के बाद से ही उसका पति दहेज के लिए उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगा।जिस पर वह अपने परिजनों के साथ महाराष्ट्र में रहने लगी।इधर उसका पति मामला कोर्ट में होने के बावजूद दूसरी शादी करने की फिराक में रहने लगा।पीड़िता को सूचना मिली कि उसका पति कड़ाधाम थाना क्षेत्र के सौरई बुजुर्ग गांव में सोमवार को दूसरी शादी रचा रहा है जिस पर वह कड़ाधाम थाने में जाकर मामले की लिखित तहरीर देते हुए गुहार लगायी।तहरीर मिलने के बाद हरकत में आयी कड़ाधाम पुलिस ने दूल्हे को सौरई बुजुर्ग से थाने ले आयी और मामले की छानबीन में जुट गयी।

# सपा प्रत्याशी ने जनसंपर्क कर मांगा समर्थन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** कौशांबी लोकसभा संसदीय सीट से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज सोमवार को सिराथू विधानसभा क्षेत्र के रामपुर सुहैला, मसीपुर, टीकरडीह, सिंधिया आदि गांव में आयोजित जनसभा में पहुंचे जहा पुष्पेंद्र सरोज समाजवादी पार्टी की नीतियों को गिनाते हुए कहा की अगर आपका समर्थन मिला तो कौशांबी के विकास में कोई कोर कसर नहीं रखी जायेगी। इस दौरान कैलाश केसरवानी ने अपने विचार रखे। इस दौरान कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष शाहनवाज अहमद , कैलाश केसरवानी , पुष्पा सरोज , उदय सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# कुनबे ने जमीनी विवाद में महिला का जबड़ा तोड़ा, केस दर्ज

**चायल, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के नजरगंज गांव निवासी रोशन लाल पुत्र श्याम लाल ने बताया कि भूमि बंटवारे को लेकर उसका पट्टीदार मोहन लाल से विवाद चल रहा है। शनिवार की शाम इसी बात को लेकर उसकी पत्नी गीता देवी के साथ मोहनलाल, उसकी पत्नी बिट्टन देवी, बेटा लवकुश और बेटी रंजना गाली गलौज कर रहे थे। आरोप है कि गीता के विरोध करने पर उन्होंने मिलकर बेरहमी से उसे पीट दिया। इससे उसका जबड़ा टूटने के कारण मुंह से खून निकलने लगा। शोर सुनकर आस पड़ोस के जुटे लोगो ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। रविवार सुबह घायल महिला ने पति के साथ थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ घटना की तहरीर दी।

# पति के साथ मायके जा रही पत्नी पेट्रोल भराते समय हुई लापता

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कसेंदा, कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के लोधऊर गांव से पति के साथ बाइक से मायके जाने के लिए निकली पत्नी तिल्हापुर मोड़ में पेट्रोल भराते समय लापता हो गई। काफी खोजबीन के बाद भी सुराग न चलने से निराश होकर पति ने थाने जाकर मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट है।

लोधऊर गांव निवासी मुकेश कुमार पुत्र बनवारी लाल मजदूरी कर परिवार का गुजारा करता है। उसने बताया कि 14 फरवरी को आयोजित सामूहिक विवाह में उसने चरवा थानाक्षेत्र के रामपुर गांव निवासी दिनई की बेटी लालती देवी से विवाह किया था। मुकेश के अनुसार रविवार को वह बाइक से पत्नी को मायके छोड़ने जा रहा था। तिल्हापुर मोड़ स्थित पंप पर पत्नी को उतारकर वह बाइक में पेट्रोल भराने लगा। इसी बीच उसकी पत्नी लापता हो गई। काफी खोजबीन के बाद भी वह नहीं मिली। घर आकर उसने आलमारी और संदूक खोल कर देखा तो सारे जेवरात भी वह लेकर चली गई थी।

तीन बजे के करीब फोन करने पर उसने बताया कि वह शाम तक घर लौट आएगी। काफी देर बाद भी वह घर नहीं पहुंची तो उसने फोन मिलाया। उसके बाद पत्नी का फोन बंद मिला। पति ने पत्नी की काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं चल पाया।निराश पति ने थाने जाकर गुमशुदगी की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस छानबीन में जुट गई है।

# ससुर-देवर ने जमीनी बंटवारे के विवाद में महिला को पीटा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चरवा, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के पकसराई गांव में रविवार की शाम जमीनी बंटवारे को लेकर ससुर-देवर ने महिला को जमकर पीट दिया। पिटाई से उसे काफी चोटें आईं।शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल महिला ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।चरवा क्षेत्र के पकसराई गांव की दुर्गावती पत्नी कमलेश कुमार के अनुसार रविवार की शाम उसका पति शौच के लिए चला गया था।इसी दौरान उसके ससुर और देवर उसके घर पहुंचे और जमीन के बंटवारे को लेकर उसके साथ गाली-गलौच करने लगे। आरोप है कि गाली का विरोध करने पर उन्होंने डंडों से उसकी जमकर पिटाई कर दी। पिटाई से महिला को काफी चोटें आईं।शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। पति के घर लौटने पर महिला ने उसको मामले की जानकारी दी। घायल महिला ने पति के साथ थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ घटना की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

# मुकाबला सीधा हैं दस साल के सांसद ने कौशाम्बी विकास नहीं किया - इंद्रजीत सरोज



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बारा, कौशाम्बी।** विकास खण्ड कौशाम्बी के सपा प्रत्यासी पुष्पेंद्र सरोज के लिए सपा के राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज ने मुस्तफाबाद में जन सभा को संबोधित किया उसके बाद कोसम इनाम के आमाकुआँ में पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के सामने नुक्कड़ सभा को संबोधित किया वहीं भाजपा पार्टी पर जम कर बरसे और कहा दस वर्ष के लिए सांसद भाजपा को कौशाम्बी की जनता दिया और विकास कहीं दिखता है क्या दिखता है तो बेरोजगारी,महंगाई,रिश्वत खोरी, विकास देखना है तो कौशाम्बी से विकास पुरुष के पुत्र को अपना मत देकर सांसद बनाए और जनता की सेवा का मौका दें अपने पुत्र के लिए मतदाताओं से अपील किया।इस दौरान शिवपुजन यादव,रोहित यादव ,मोहित यादव , मो.सादाब अहमद,रामखेलावन यादव, डा बसंत सरोज,रोशन लाल, राम कैलश प्रजापति,राम नरेश प्रजापति,बिहारी लाल प्रजापति,राहुल,पवन,तमाम सपा समर्थक मौजूद रहे।

# युवक ने किशोरी को नौ घंटे तक बनाए रखा बंधक, केस दर्ज

## गायब किशोरी को पुलिस ने किया बरामद

**लोकमित्र ब्यूरो**

**करारी, कौशाम्बी।** करारी कोतवाली क्षेत्र के गांव में शनिवार घर से बाहर गई एक किशोरी को गांव का ही एक युवक बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। आरोपी युवक किशोरी को गांव में ही एक खाली व सूनसान घर में करीब नौ घंटे तक बंधक बनाए रखा। खोजबीन करते हुए पहुंचे किशोरी के परिजनों ने दोनो को पकड़ लिया। अफरा तफरी के बीच किशोरी फिर गायब हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को थाना लाई। किशोरी की मां की शिकायत पर पुलिस ने किशोरी को बरामद कर मामले में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

करारी इलाके के एक गांव की महिला ने बताया कि उसकी 14 वर्षीय बेटी शनिवार की दोपहर करीब 12बजे घर से बाहर गई थी। इस दौरान गांव का ही सैफ पुत्र सुबराती उसे बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। आरोपी युवक किशोरी को गांव में ही एक खाली व सूनसान घर में ले गया और उसे करीब 9घंटे तक बंधक बनाए रखा।

उधर किशोरी के परिजन उसकी खोजबीन शुरू कर दिए। ढूंढते ढूंढते परिजन वहां पहुंच गए। परिजनों ने दोनो को पकड़ लिया। अफरा तफरी के बीच किशोरी फिर से गायब हो गई। सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को थाना लाई। रविवार को किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सैफपुत्र सुबराती के खिलाफ केस दर्ज कर किशोरी को थाना क्षेत्र के ही एक मंदिर के पास से बरामद कर लिया। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# युवक ने दिन दहाड़े घर में घुसकर लाखों के जेवरात किया पार

**चरवा, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के मोहसिनी गांव में दो सप्ताह पूर्व दिनदहाड़े घर में घुसकर एक युवक ने लाखों के जेवरात पार कर दिया। घर से निकलते समय युवक को देख महिला के होश उड़ गये।उसने कमरे में जाकर देखा तो जेवरात गायब थे।उसने युवक के घर जाकर उलाहना देते हुए जेवरात वापस करने को कहा। जेवरात वापस न करने से निराश होकर महिला ने थाने जाकर आरोपी के खिलाफ घटना की तहरीर दी।तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।चरवा क्षेत्र के मोहसिनी गांव की सविता पत्नी अतुल कुमार के अनुसार 23 अप्रैल को वह घरेलू कार्य में व्यस्त थी। इसी दौरान मौका पाकर गांव का एक युवक चुपके से उसके घर में घुस गया।घर से बाहर निकलते देख उसके होश उड़ गए। उसने कमरे में जाकर देखा तो संदूक में रखे लाखों के जेवरात गायब मिले। उसने युवक के घर जाकर उलाहना दिया। उलाहना से नाराज होकर युवक उसके साथ गाली गलौज करने लगा।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने सुनी जनशिकायत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गये।

# भैंसो को तस्करी कर लेकर जा रही ट्रक को बजरंग दल के कार्यकर्ताओ ने पकड़ा, पुलिस को सौंपा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, कौशाम्बी।** कोखराज पुलिस प्रशासन के ढुलमुल रवैए के चलते पशुओं की तस्करी रुक नही पा रही है,जिसके चलते मासूम पशुओं को पशु तस्कर स्लाटर हाउस ले जाते है और उनकी हत्या करते है।ताजा मामला कोखराज थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे का है जहा भैंसो को तस्करी कर लेकर जा रही डीसीएम ट्रक को बजरंग दल के कार्यकर्ताओ ने पकड़ लिया,भैंसो को जालिम तरीके से तस्कर डीसीएम ट्रक में भरकर ले जा रहे थे,बजरंग दल के कार्यकर्ताओ ने कोखराज थाना पुलिस को बुलाकर भैंसो से भरी डीसीएम को सौंप दिया है।पुलिस ट्रक को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है।

# गॉव, मजरा, खेत-खलिहॉन, सब कहतें करो मतदान

## उच्च प्राथमिक विद्यालय खोरा में जन-जागरूकता रैली सम्पन्न

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** मतदान की जागरूकता के लिए सोमवार को मंझनपुर नगर पालिका के उच्च प्राथमिक विद्यालय खोरा में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षाधिकारी प्रमोद गुप्ता व जिला सूचना अधिकारी रवि जायसवाल ने हरी झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया। साथ ही साथ गॉव का भ्रमण करते हुए लोगों से अधिक से अधिक मतदान करने के लिए सम्पर्क किया। गाजे-बाजे के साथ बच्चें स्लोगन बोल रहें थे, कि गॉव, मजरा, खेत खलिहान सब कहतें करों मतदान। ग्रामीण भी अधिकारियों के इस प्रयास से काफी खुश नजर आयें। स्कूल में बच्चों ने मतदाता जागरूकता पर गीत गाये, नाटक के माध्यम से लोकतन्त्र पर प्रहसन किया, जो काफी सराहनीय रहा।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए श्री गुप्ता ने कहा कि जागरूकता का प्रयास काफी बेहतर हैं। 20 मई 2024 को सभी ग्रामीण पहले करें मतदान, फिर करें जलपान। जिला सूचना अधिकारी श्री जायसवाल ने कहा कि बच्चें ही देश के भविष्य हैं। अभिभावकगण बच्चों को शिक्षा प्रदान करने में किसी तरह की कमी न करें, क्योंकि यही बच्चें देश के कर्णधार हैं। उन्होंने लोकतन्त्र को मजबूत करने के लिए अधिक से अधिक मतदान करने की अपील किया। मृत्युन्जय प्रकाश सिंह, पूर्व माध्यमिक विद्यालय, शाहपुर के प्रधानाध्यापक राजीव सिंह ने कहा कि समाज में त्याग करने वाले ही पूजे जाते हैं। आज गंगा पहाड़ां में ही सिमिट जाती तो इतनी न पूजी जाती। इसी तरह बच्चें भी संघर्ष करके आगे आयें और समाज व देश का नाम रोशन करें। उन्हांने कहा कि बेहतर मतदान करके देश में कौशाम्बी का रिकार्ड बनाया जाय।

ए0आर0पी0 श्री अतुल प्रजापति ने ग्रामवासियों से शत-प्रतिशत मतदान व स्कूल चलों अभियान में बेहतर सहयोग करने की अपील किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहें प्रधानाध्यापक विनोद कुमार श्रीवास्तव ने आये हुए अतिथियों का माल्यार्पण व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा बेहतर टीम वर्ग की प्रशंसा की तथा आये हुए मतदाताओं का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

बच्चों ने लजीज व्यंजन का लुफ्त उठाया। इस अवसर पर सम्मानित नागरिक व बच्चें उपस्थित रहें।

# दहेज हत्या के तीन आरोपियों को 08-08 वर्ष सश्रम कारावास की दिलाई गई सजा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** 04 अप्रैल, 2017 को थाना करारी पर वादी द्वारा सूचना दी गयी कि आरोपीगणों द्वारा वादी की पुत्री से अतिरिक्त दहेज की मांग करना न मिलने पर प्रताड़ित करना व आग लगाकर जला देना, जिससे इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिससे सम्बन्धित राजेन्द्र रैदास, बाबूलाल उर्फबब्बू, बबुआइन उर्फशान्ति देवी निवासीगण रसूलपुर सोनी थाना करारी को न्यायालय एडीजे एफ्टीसी प्रथमजनपद कौशाम्बी द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में मानिटरिंग सेल के माध्यम से प्रभावी पैरवी कराते हुए प्रत्येक अभियुक्त को 08-08 वर्ष कारावास तथा 9,000-9,000 रू0 के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। अर्थ दण्ड न अदा करने पर 09-09 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गयी।

## सम्पादकीय

# छोटी सी योजना की शुरुआत

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने घोषणा की कि सुप्रीम कोर्ट अब व्हाट्सऐप संदेशों द्वारा जानकारी साझा करेगा। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की मौजूदगी के पिच्छत्तरवें वर्ष में यह छोटी सी योजना की शुरुआत की है।व्हाट्सऐप के रोजाना की जिंदगी में शामिल होने और इसके शक्तिशाली संचार सुविधा होने की बात भी उन्होंने की। इस पहल के अंतर्गत एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड तथा शीर्ष अदालत के समक्ष निजी तौर पेश होने वाले वादियों को मुकदमा ऑनलाइन दाखिल करने, वाद सूची, आदेशों तथा निर्णयों के संबंध में जानकारी प्राप्त होगी।सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इसे क्रांतिकारी कदम बताते हुए इसकी सराहना की। प्रधान न्यायाधीश ने व्हाट्सऐप नम्बर साझा करते हुए स्पष्ट किया कि इस पर कॉल या संदेश प्राप्त नहीं होंगे। निःसंदेह यह सबसे बड़ी अदालत को पेपरलेस बनाने की तरफ उठा बड़ा कदम है।तकनीक संबंधी सुविधाओं को जितनी जल्दी हो सके रोजमर्रा की जिंदगी में शामिल कर लेना उचित होता है। प्रधान न्यायाधीश निरंतर अदालती काम को लेकर ऐसी व्यवस्थाएं दे रहे हैं। उन्हें सुप्रीम कोर्ट जजों में सबसे ज्यादा फैसले लिखने का रुतबा प्राप्त है। छह वर्ष के भीतर 513 फैसले लिख चुके हैं।न्याय व्यवस्था को सुचारू और पारदर्शी बनाने के लिए समय-समय पर उन्होंने बड़े कदम उठाए हैं। विभिन्न फैसलों को उन्होंने क्षेत्रीय भाषा में अनुदित करवाने की व्यवस्था करके तथा हिन्दी, तमिल, उड़िया और गुजराती में फैसलों का अनुवाद करने के लिए समिति का गठन भी किया।देश में 48 करोड़ से अधिक व्हाट्सऐप प्रयोगकर्ता हैं, जो 2025 तक 80 करोड़ तक पहुंचने का अंदाजा है। हालांकि व्हाट्सऐप मेटा टेक्नॉलाजी कंपनी की सुविधा है, जिसके सीईओ मार्क जकरबर्ग हैं। किसी भारतीय संचार संस्थान को इस जरूरत को समझते हुए आगे कदम बढ़ाने की सख्त जरूरत है।सरकार, देश के अन्य बड़े संस्थान और गोपनीय दस्तावेज के लिए देसी तकनीक का प्रयोग किया जाना उचित है। तकनीक के मामले में हम दूसरों पर निर्भर होते जा रहे हैं। यह बड़ी चुनौती है। बावजूद इसके तकनीक का इस्तेमाल सुविधाओं के लिए करना वक्त की मांग है, इसके बिना काम नहीं चल सकता।




**मेष राशि-** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। स्वास्थ्य के लिहाज से दिन अच्छा रहेगा। आज आपके बढ़ते खर्चे परेशानी का कारण बन सकते हैं इसीलिए बजट बनाकर चलने का प्रयास करें। किसी संपत्ति का सौदा जल्दबाजी में ना करें। राजनीति से जुड़े लोगों को आज किसी समारोह में भाग लेने का मौका मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी उन्नति का मार्ग प्रसस्त होगा। आपके संतान के करियर या शिक्षा से संबंधी किसी समस्या का समाधान मिलेगा। आज आप ऑनलाइन शॉपिंग करेंगे।

**वृष राशि-**आज का दिन आपके लिए निश्चित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी योजनाओं को गति मिलेगी। आज नए लोगों से मुलाकात होगी, उनसे आपको कुछ अच्छा सीखने को मिलेगा। आज आपको बड़ों का साथ व सहयोग भरपूर मात्रा में मिलेगा। आज आपकी शिक्षा में आ रही परेशानी से छुटकारा मिलेगा, आपको खुशी होगी। आज आप किसी मांगलिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। धार्मिक कार्यों के प्रति आस्था व विश्वास से आगे बढ़ेंगे।

**मिथुन राशि-**आज आपका दिन, आपके परिवार के लिए खुशियां लाने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद खास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए। जिस व्यक्ति की आपने कभी मदद की थी वह आज आपके काम आएगा। शिक्षकों के लिए आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। अध्यात्मिक कामों में आपकी रूचि बढ़ेगी। आज अपनी क्षमता पर विश्वास करने से आपके सभी काम बनेंगे।

**कर्क राशि-**आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप एक से अधिक स्रोतों से आय प्राप्त करेंगे। आज निवेश संबंधी मामलों को गति मिलेगी। आज किसी अजनबी पर सोच समझकर भरोसा करें। प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आज आप आगे बढ़ेंगे। आज आपके दांपत्य जीवन में खुशहाली बढ़ेगी। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को आज किसी दोस्त के सहयोग से अच्छी नौकरी मिलेगी। छात्रों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है, किसी प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम आपके पक्ष में आयेगा। लवमेट आज कही घूमने जाएंगे।

**सिंह राशि-**आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। ऑफिस के उच्चधिकारियों का सहयोग मिलने से आपका इम्पोर्टेन्ट काम बन जायेगा। पैसों के मामलों में लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचना चाहिए। आज जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा करने का प्लान कर सकते हैं। अगर आपको कोई समस्या है तो जल्द ही उसका समाधान आपको मिल जायेगा। छात्र आज अपने करियर को बेहतर बनाने के लिए किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे।

**कन्या राशि-**आज के दिन आपको रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। आज आपके अच्छे व्यवहार से समाज में अच्छी पहचान बनेगी। आज आप घर पर डेकोरेशन का काम भी करवा सकते हैं। व्यापार में आज का दिन धन लाभ देने वाला है। आज अपनी समझ बूझ से आप परिवार की एकता को बरकार रखने में कामयाब होंगे। आपका सकारात्मक रवैया आपको आर्थिक सफलता की ओर ले जायेगा। स्पोर्ट से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।

**तुला राशि-**आज आपका दिन बहुत बढ़िया रहने वाला हैं। आज दूसरों को जितना ज्यादा महत्व देंगे, आपको भी उतना ही महत्व मिलेगा। माईग्रेन की समस्या से आज आपको काफी राहत मिलेगी। पैतृक संपत्ति से धन लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। लम्बे समय से चल रही योजना में आज कुछ नए चेंजेस कर सकते हैं। समाज में आपके द्वारा किए गए कार्यों की काफी सराहना होगी। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**वृश्चिक राशि-**आज आपका दिन नई उमंगो के साथ शुरू होने वाला है। जो लोग बेकरी का बिजनेस करते हैं, उन्हें आज उम्मीद से ज्यादा लाभ हो होगा। माताएं अपने बच्चों को कुछ नया सिखाएंगी, जिससे बच्चों में नए विचार आएंगे। शाम का समय खुशियों से भरा रहेगा। आज यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। अविवाहित जातकों को विवाह के लिए अच्छे रिश्ते आयेंगे। छात्रों को सफलता मिलने के योग बने हुए हैं।

**धनु राशि-**आज आपके दिन की शुरुआत आपके अनुकूल होने वाली है। आज आप ऑफिस में खूब मेहनत करेंगे। आपको कोई नयी जिम्मेदारी मिल सकती है। इस राशि के मनोरंजन उद्योग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन फायदेमंद होगा। आज परिवार के किसी सदस्य को बड़ी सफलता हासिल होगी। आपके घर में उत्सव का माहौल बना रहेगा।

**मकर राशि-**आज आपका दिन खुशनुमा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में जो भी रुकावटें आएंगी, उनसे आप कुछ सीख सकते हैं। कारोबार में कुछ नया करने के लिए चल रहे प्रयास सफल होंगे। दूसरों की मदद करने से समाज में आपका मान सम्मान बढ़ेगा। ज़मीन जायजाद के मामले में लाभ मिलेगा। साझेदार के साथ मिलकर किये गये कार्यों से ज्यादा लाभ मिलेगा।

**कुंभ राशि-**आज आपका दिन बढ़िया गुजरेगा। किसी काम को पूरा करने के लिए शॉर्टकट तरीके अपनाने से बचें। आज बिजनेस में बढ़ोतरी होगी। माताएं बच्चों को मोरल स्टोरी सुनाएंगी। काम को पूरा करने में मन लगायेंगे और कुछ क्रिएटिव 2शहह्म करने का प्रयास करेंगे। आपके पुत्र के करियर से रिलेटेड कोई अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा है। जीवनसाथी आज आपके कार्यों में सहयोग करेंगे। बच्चे खेल-कूद में व्यस्त रहेंगे।

**मीन राशि-**आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज किसी के बहकावे में न आये और अपने काम के प्रति सतर्क रहें। आपके परिवार में नन्हें मेहमान आने के योग बन रहे हैं। आज आपके परिवार में खुशियों का माहौल बनेगा। आज आपको किसी महत्वपूर्ण चर्चा में शामिल होने का मौका मिलेगा, जिसमें आपकी सहभागिता अच्छी खासी रहेगी।

# बढ़ती ही जा रही है उत्तराखंड के जंगल की आग की घटनाएँ



**अशोक भाटिया**

उत्तराखंड के जंगलों में आग कहर बरपा रही है। 3 लोगों की मौत हो गई है और हजारों जानवर जलकर राख हो गए हैं। आग से अब तक 1100 हेक्टेयर जंगल वीरान हो चुका है। राज्य में अब तक आग लगने के 886 मामले सामने आ चुके हैं। 61 लोगों के खिलाफ आगजनी के मामले दर्ज किए गए हैं। लगातार जल रही आग के कारण जंगल ही नहीं बल्कि पूरा इको सिस्टम अब खतरे में पड़ गया है। इसे लेकर वैज्ञानिकों ने भी चिंता जताई है। वैज्ञानिकों के मुताबिक आग से न सिर्फ तापमान बढ़ रहा है, बल्कि लगातार बड़ी मात्रा में ब्लैक कार्बन भी निकल रहा है। अगर ऐसा ही चलता रहा तो ग्लेशियर भी पिघल सकते हैं।मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार इस आग से पूरा इको सिस्टम खतरे में है। आग की वजह से बढ़ती गर्मी और उससे निकलने वाले ब्लैक कार्बन के कारण वायु प्रदूषण हो रहा है और इस वजह से हवा में ब्लैक कार्बन की मात्रा बढ़ रही है। उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग की गंभीरता को भांपते हुए फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया ने कई अलर्ट जारी किए हैं।वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी के पूर्व वैज्ञानिक पीएस नेगी ने ब्लैक कार्बन की वजह से ग्लेशियरों के पिघलने को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि गर्मियों में वनाग्नि के कारण ब्लैक कार्बन की मात्रा बढ़ने से हिमालय क्षेत्र में ग्लेशियरों के पिघलने का खतरा बढ़ गया है और पूरा पारिस्थितिकी तंत्र खतरे में है।विश्व बैंक के एक शोध से पता चला है कि ग्लेशियरों के पिघलने में ब्लैक कार्बन की क्या भूमिका होती है। रिपोर्ट के मुताबिक अगर किसी इलाके में ज्यादा मात्रा में ब्लैक कार्बन छोड़ा जाता है तो इससे ग्लेशियरों के पिघलने की दर बढ़ जाती है। इसका कारण यह है कि अगर ग्लेशियर के आसपास ब्लैक कार्बन जमा हो जाए तो सूरज की रोशनी का परावर्तन कम हो जाता है, जिससे ग्लेशियर तेजी से पिघलने लगता है। इस कारण हवा का तापमान भी बढ़ जाता है, ग्लेशियरों के पिघलने का यह भी एक बड़ा कारण है।जेसी कुनियाल समेत जीबी पंत नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन एनवायरनमेंट के शोधकर्ताओं ने हिमालयी क्षेत्र में जमा हो रहे ब्लैक कार्बन के कई स्रोतों के बारे में जानकारी जुटाई है। जेसी कुनियाल ने कहा है कि जंगल की आग, सीमा पार प्रदूषण और वाहनों के कारण भी वातावरण में ब्लैक कार्बन की मात्रा बढ़ जाती है। वहीं विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने भी चेतावनी जारी की है कि ग्लेशियरों के तेजी से घटने से क्षेत्र में प्राकृतिक आपदा की आशंका बढ़ रही है। जिसमें हिमालय की झीलों से बाढ़ का खतरा भी बढ़ रहा है।हालिया समाचारों के अनुसार उत्तराखंड में गर्मी का प्रकोप जंगलों पर बरस रहा है। उत्तराखंड के जंगल पिछले कई दिनों से धधक रहे हैं। अल्मोड़ा जिले के दूनागिरी मंदिर के पास भी जंगलों में पिछले एक हफ्ते से आग लगी हुई है और रविवार को आग दूनागिरी मंदिर तक पहुंच गई।दूनागिरी मंदिर तक आग पहुंचने के कारण वहां मौजूद श्रद्धालुओं में भगदड़ मच गई। आग की लपटों से घिरे श्रद्धालु खौफ में आ गए और जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। गनीमत रही कि वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया और एक बड़ी दुर्घटना होने से बच गई।वन विभाग के कर्मचारियों ने किसी तरह से आग पर काबू पाया। श्रद्धालुओं को किसी तरह का नुकसान नहीं पहुंचा है। इस दौरान कुमाऊं फॉरेस्ट चीफ पी।के। पात्रों और मुख्य वन संरक्षक कुमाऊं कोको रोशे ने भी मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया। वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों को आग पर जल्द नियंत्रण पाने के निर्देश दिए गए हैं।28 अप्रैल को नासा के जरिए सामने आई सैटेलाइट तस्वीरों में उत्तराखंड में लगी जंगल की आग की भयावता दिखाई दे रही थी । अगर मार्च अप्रैल 2023 और 2024 में उत्तराखंड में जंगलों में लगी आग के बीच तुलना करें तो 2024 में स्थिति ज्यादा गंभीर हो गई है।मार्च अप्रैल 2023 में अल्मोड़ा जिले में आग लगने की 299 घटनाएं हुई थी तो 2024 में इन्हीं दो महीना में आगजनी की 909 घटनाएं हो चुकी हैं। इसी तरह चंपावत जिले में साल 2023 में 120 जंगल की आज की घटनाएं हुई तो 2024 में यह 1025 हो चुकी है। गढ़वाल जिले में भी मार्च अप्रैल 2023 में 378 राजधानी की घटनाएं हुई तो इस साल 742 का आंकड़ा पार हो चुका है। इसी तरह नैनीताल में पिछले साल 207 आग लगने की घटनाएं 2 महीने में दर्ज की गई जो कि इस साल दो महीना में 1524 हो चुकी हैं।अगर आंकड़ों पर नजर डालें तो साल 2023 के मार्च महीने में जंगल में आगलगने की 804 घटनाएं के सामने आई थी तो 2024 में मार्च महीने में 585 आगजनी की घटनाएं सामने आई हैं लेकिन अप्रैल महीने की स्थिति ज्यादा चिंताजनक है क्योंकि अप्रैल 2023 में आग लगने की 1046 घटनाएं दर्ज हुई थी जबकि 2024 में अब तक अप्रैल महीने में 5710 आगे ने की घटनाएं दर्ज हो चुकी हैं।बताया जाता है कि उत्तराखण्ड के जंगलों में आग लगने की समस्या खासतौर पर फरवरी से जून के महीनों के दौरान देखी जाती है, क्योंकि इस समय मौसम शुष्क और गर्म होता है। नैनीताल के जंगलों में आग लगने का प्रमुख कारण नमी की कमी है। जंगल में मौजूद सूखी पत्तियां और अन्य ज्वलनशील पदार्थ तेज गर्मी की वजह से आग पकड़ लेते हैं। कई बार स्थानीय लोगों और पर्यटकों की लापरवाही के कारण भी जंगलों में आग लग जाती है। दरअसल, स्थानीय लोग अच्छी गुणवत्ता वाली घास उगाने, पेड़ों की अवैध कटाई को छुपाने, अवैध शिकार आदि के लिए जंगलों में आग लगा देते हैं, जिसकी वजह से आग पूरे जंगल में फैल जाती है। इसके अलावा टूरिस्ट कई बार जलती हुई सिगरेट या दूसरे पदार्थ जंगल में फेंक देते हैं, जिसके कारण आग पूरे जंगल में फैल जाती है। प्राकृतिक कारणों से भी जंगलों में आग लग जाती है। सूखी पत्तियों के साथ बिजली के तारों के घर्षण से भी जंगल में आग लगती है, जैसे बिजली गिरती है। वहीं बदलते जलवायु पैटर्न के कारण मौसम गर्म और शुष्क हो रहा है, जिसकी वजह से जंगलों में आग देखने को मिल रही है। उत्तराखंड में एडिशनल प्रिंसिपल चीफ कंजरवेटर कपिल जोशी कहते हैं, ÷उत्तराखंड में जंगल में आग लगने की कई प्रतिकूल परिस्थितियां हैं और जितनी ज्यादा प्रतिकूल परिस्थितियां होगी उतनी ही ज्यादा जंगल में आग लगने की घटनाएं होंगी। नमी का स्तर, लंबे समय तक शुष्क व उच्च तापमान, हवा की दिशा और बारिश का समय जैसी प्रतिकूल जलवायु परिस्थितियां इसमें योगदान करती हैं क्योंकि पिछले कुछ सालों में जलवायु की बदलती परिस्थितियों ने इन प्रतिकूल परिस्थितियों को और बद्तर बना दिया है लेकिन यह भी एक तथ्य है कि क्षेत्र में जंगल में आग लगा एक सामान्य घटना है। हम आग पर काबू पाने में भी बेहतर स्थिति में हैं।मॉनसूनी आपदा हो या वनाग्नि, उत्तराखंड जितना खूबसूरत है, उतनी ही कठिन देवभूमि की जिंदगी है। कहते हैं स्वयं भगवान ही यहां की रक्षा करते हैं। वनाग्नि जब विकराल रूप ले रही होती है तो मॉनसून उस आग से यहां के वासियों को छुटकारा दिलाता है। आइए जानते हैं इस एक्सक्लूसिव डेटा से कि वनाग्नि ने पिछले 5 सालों में कितनी तबाही मचाई है। 30 जून 2019 तक उपलब्ध आंकडों के अनुसार, 2158 वन अग्नियों की घटनाएं हुई, जिनमे 2981।55 हेक्टेयर वन भूमि जल कर खाक हो गई। इन हादसों में 15 लोग घायल हुए, 1 व्यक्ति और 6 वन्यजीवों की मौत हो गई थी। नुकसान की बात करें तो वन विभाग को 55 लाख 92 हजार का राजस्व नुकसान हुआ। आग से करीब 7000 पेड़ पौधे भी नष्ट हो गए। साल 2020 में कुछ हद तक यह आंकड़े गिरे। 23 जून तक उपलब्ध डेटा के अनुसार, 135 वनाग्नि घटनाएं हुई हैं। 17269 हेक्टेर भूमि वनाग्नि से भस्म हो गई थी। इन घटनाओ में 2 लोगों की मौत हुई, 1 व्यक्ति घायल हुआ और किसी वन्यजीव की मौत दर्ज नहीं हुई है। आग से 4 लाख 44 हजार का नुकसान हुआ था। 23 जुलाई 2021 तक उपलब्ध डेटा के अनुसार, वनाग्नि ने एक बार फिर विकराल रूप लिया और 2813 घटनाओं में 3944 हेक्टेयर वन भूमि को आग निगल गई। 8 लोगो की मौत और 3 लोग घायल हुए थे। वहीं 29 वन्यजीवों की मौत और 24 घायल हुए थे। आग से 1 करोड़ 6 लाख का नुकसान हुआ था और 1 लाख 20 हजार पेड़ नष्ट हो गए थे। - साल 2022 में भी वनाग्नि ने कोहराम मचाया था। 6 अगस्त तक उपलब्ध डेटा में करीब 2186 घटनाओं में 3226 हेक्टेयर वन भूमि जल कर खाक हो गई, जिसमे 7 लोग घायल हुए और 2 लोगों की मौत हो गई थी, वन जीवों का आंकड़ा दर्ज नहीं हुआ। आग से 89 लाख 25 हजार का नुकसान हुआ और 39000 पेड़ पौधे जल कर खाक हो गए थे। 29 नवम्बर 2023 तक का डेटा बताता है कि 73 वनाग्नि की घटनाएं हुई 933 हेक्टेयर भूमि जल गई। 3 लोग घायल हुए 3 लोगों की मौत हुई, वन्यजीवों का आंकड़ा शून्य रहा था। आग से 23 लाख 97 हजार का राजस्व नुकसान हुआ था। वहीं 15000 पेड़ पौधे नष्ट हो गए थे।

**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, एवं टिप्पणीकार**

# समूचा विश्व भयाक्रांत

**ललित गर्ग**

शांति के तमाम उपायों के बीच दुनिया भर में सैन्य खर्च, शस्त्रीकरण एवं घातक हथियारों की होड़ खतरे की घंटी हैं। शस्त्रीकरण के भयावह दुष्परिणामों से समूचा विश्व भयाक्रांत है।

हर पल आणविक हथियारों के प्रयोग को लेकर दुनिया डर के साये में जी रही है। इसीलिए आज अयुद्ध, निशस्त्रीकरण एवं शांति की आवाज चारों ओर से उठ रही हैं। शक्ति संतुलन के लिए शस्त्र-निर्माण एवं शस्त्र संग्रह की बात से किसी भी परिस्थिति में सहमत नहीं हुआ जा सकता क्योंकि इससे अपव्यय तो होता ही है, साथ ही गलत हथियारों के हाथों में पड़कर दुरुपयोग की आशंकाएं बढ़ जाती हैं।ताजा घटनाक्रम को देखें तो एक ओर रूस और यूक्रेन आमने-सामने हैं, दूसरी तरफ इस्राइल और ईरान के बीच तल्खी भी चरम पर है। चीन और ताइवान के बीच भी रह-रह कर युद्ध के बादल मंडरा रहे हैं। ऐसे माहौल में सवाल स्वाभाविक है कि क्या सचमुच दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की ओर बढ़ते हुए घातक हथियारों की प्रयोगभूमि बन रही है? सवाल और भी हैं। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की हथियारों पर ताजा रिपोर्ट ऐसे ही सवाल खड़े कर रही है। दुनिया सीधे-सीधे दो खेमों में बंट गई है। स्टॉकहोम की रिपोर्ट के आंकड़े चौंकाने वाले ही नहीं, डराने वाले भी हैं। शांति के तमाम उपायों के बीच दुनिया भर में सैन्य खर्च का बढ़ना एवं नये-नये हथियारों का बाजार गरम होना, चिंताजनक है।रिपोर्ट में खास बात यह है कि दुनिया में सर्वाधिक सैन्य खर्च करने वाले देशों में भारत चौथे नंबर पर बरकरार है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश बन चुका है। रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है।

भारत ने बीते पांच साल में दुनिया में सबसे ज्यादा हथियार खरीदे। रिपोर्ट में बताया गया है कि यूरोप का हथियार आयात 2014-18 की तुलना में 2019-23 में लगभग दोगुना बढ़ा है, जिसके पीछे रूस-यूक्रेन युद्ध बड़ा कारण माना जा रहा है। इसके अलावा, पिछले पांच वर्षो में सबसे ज्यादा हथियार एशियाई देशों ने खरीदे। इस लिस्ट में रूस-यूक्रेन युद्ध ने देश के रक्षा निर्यात को काफी प्रभावित किया है। इस कारण पहली बार रूस हथियार निर्यात में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है तो अमेरिका पहले और फ्रांस दूसरे नम्बर पर हैं। पिछले 25 सालों में पहली बार अमेरिका एशिया और ओशिनिया का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता रहा।अमेरिका की हथियारों की होड़ एवं तकनीकीकरण की दौड़ पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है।

अब तो दुनिया के साथ-साथ अमेरिका स्वयं ही हथियारों एवं हिंसक मानसिकता का शिकार है। अमेरिका ने दुनिया पर आधिपत्य स्थापित करने एवं अपने शस्त्र कारोबार को पनपाने के लिए जिस अपसंस्कृति को दुनिया में फैलाया है, उससे पूरी मानवता पीड़ित है।

अमेरिका ने नई विश्व व्यवस्था (न्यू वर्ल्ड ऑर्डर) की बात की है, खुलेपन की बात की है।लगता है कि 'विश्व मानव' का दम घुट रहा है, और घुटन से बाहर आना चाहता है। विडंबना देखिए, अमेरिका दुनिया का सबसे अधिक शक्तिशाली और सुरक्षित देश है, लेकिन उसके नागरिक सबसे अधिक असुरक्षित और भयभीत नागरिक हैं। वहां की जेलों में आज जितने कैदी हैं, दुनिया के किसी देश में नहीं हैं।

कई वाकये हो चुके हैं कि किसी रेस्तरां, होटल या फिर जमावड़े पर अचानक किसी सिरफिरे ने गोलीबारी शुरू कर दी और बड़ी तादाद में लोगों को मार डाला। 2014 में अमेरिका में हत्या के दर्ज सवा चौदह हजार मामलों में अड़सठ फीसद मामलों में बंदूकों का इस्तेमाल किया गया था।

दरअसल, मनुष्य के भयभीत मन को युद्ध एवं हथियारों की विभीषिका से मुक्ति दिलाना जरूरी है। युद्धरत देशों में शांति स्थापित कर, युद्ध-विराम करके विश्व को निर्भय बनाना चाहिए। निश्चय ही यह किसी एक या दूसरे देश की जीत नहीं, बल्कि समूची मानव-जाति की जीत होगी। यथार्थ यह है कि अंधकार प्रकाश की ओर चलता है, पर अंधापन मृत्यु-विनाश की ओर। रूस ने अपनी शक्ति एवं सामर्थ्य का अहसास गलत समय पर गलत उद्देश्य के लिए कराया है। युद्ध से तबाही रूस-यूक्रेन की नहीं, बल्कि समूची दुनिया की तबाही होगी, क्योंकि रूस परमाणु विस्फोट करने को विवश होगा जो दुनिया की बड़ी चिंता का सबब है। बड़े शक्तिसंपन्न देशों को युद्ध विराम के प्रयास करने चाहिए। लेकिन प्रश्न है कि जो देश हथियारों के निर्माता हैं, वे क्यों चाहेंगे कि युद्ध विराम हो। जब तक शक्तिसंपन्न देशों की शस्त्रों के निर्माण एवं निर्यात की भूख शांत नहीं होती तब तक युद्ध की आशंकाएं मैदान में, समुद्र में, आकाश में तैरती रहेंगी।

# लोकमित्र का रंग कवियों के संग

## महादान मतदान

मतदान का अधिकार है अनमोल,
इसे ना समझो कोई बोझ ।
एक-एक वोट से बनता है भविष्य हमारा,
यही तो है लोकतंत्र का सहारा ।
चलो उठो, चलो बढ़ो, चलो मतदान करें,
अपने देश के भविष्य का स्वयं निर्माण करें
हर वोट है कीमती, यह बात याद रखना,
मतदान करना है अपना, पहला कर्तव्य हमारा ।
जाति, धर्म, या लिंग नहीं, विकास को आधार करें
सोच समझकर वोट करना, जनहित का सम्मान करें
आओ मिलकर करें एक वादा, भविष्य बने सुंदर,
ऐसा हो मतदान हमारा ।

**आकाश सिन्हा अर्श**
**पटना, बिहार**



## बनो जागरुक मतदाता

लोकतंत्र की सुनो पुकार,
कभी न खोना मताधिकार।
मत का ये अधिकार करेगा,
सभी कलुष पर कटु प्रहार।।
जाति - धर्म से ऊपर उठकर,
बनो जागरुक मतदाता।
सभी कामो को छोड़ वोट दो,
तुम्हीं देश के भाग्य विधाता।।
एक हम सभी का मत भी,
तस्वीर नई - सी दिखाएगी।
सबके हित में काम कर सके,
वो सरकार बनाएगी।।
जिस मतदाता की ऊँगली पर,
लगता एक निशान है।
वही नए सरकार गठन में,
निश्चित ही मूल्यवान है।।
हो विकास के साथ सुरक्षा,
जन- सम्मान सुशासन की।
प्रथम जरूरी अनुशासन फिर,
स्वस्थ सही मतदान की।।
एक - एक मत लोकतंत्र में,
संविधान बन जाता है।
जनमत का सम्मान है बढ़ता,
लोभ स्वार्थ शरमाता है।।
लोकतांत्रिक परम्पराओं की,
मर्यादा ध्यान में रखना है।
निर्भय और निष्पक्ष प्रतिक्षण,
रह मतदान भी करना है।।
जनमानस की सभी समस्या,
का निदान मतदान है।
सकारात्मक परिवर्तन भी,
भारत देश का मान है।।
लोकतंत्र की गुणवत्ता भी,
तभी सार्थक होती है।
जनमत के प्रति मतदाता में,
जागृति जब-जब होती है।।
आम चुनाव ये भारत का,
कोई पूर्वाग्रह को न पाले।
ये महायज्ञ है पावन - सा,
खूब सोच-समझ मत को डाले।।

**डॉ. (कु.) शशि जायसवाल**
**प्रयागराज, उत्तर प्रदेश**



## एक एहसास ऐसा भी

लाख कोशिशें कर लो
सबको खुश रखने की
सबको एक साथ लाने की
कहीं न कहीं कोई कमी
रह ही जानी है
आखिरकार...
सबकी शिकायतों की
एक लंबी कतार हमेशा
मौजूद रहेगी
कुछ न कुछ बाकी
बच ही जाना है
हर-बार...
देखने में तो जुबां है छोटी सी
पर घाव इसके नासूर बनकर
बड़े हो ही जाते हैं
कभी-कभार...
कहने को जीवन मिला है एक बार
पर हर कोई मरता है यहां हर रोज
कई-कई बार...
रख हौसला जो खड़ा हो
हर हाल में अपने पैरों पर
वही बसा पाता है यहां
खुशियों का
संसार.... !

**लक्ष्मी यादव**
**सांगली (महाराष्ट्र)**




## मत देने जरूर जाना

मत देना भूल मत जाना,
मत देने जरूर, जरूर जाना।
घर पर आए मतदान अधिकारी,
मत पत्र में मत जरूर जरूर देना।
सुबह मतदान केंद्र पर जाकर ,
मतदाता परिचय पत्र ले जाकर।
मतपत्र मशीन में अंकित करना,
मत बहुमूल्य ,अनमोल अपना।
आज आप मत देने जाएंगे,
आप अपनी सरकार पाएंगे।
लोकतंत्र के महापर्व में ,
अपनी भूमिका निभाएंगे।
अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के साथ-साथ,
आदर्श नागरिक, लोकतंत्र समर्थक कहलाएंगे।
मत देना भूल मत जाना,
मत देने जरूर जरूर जाना।

**आनंद कुमार जैन**
**खंडवा, मध्य प्रदेश, भारत**






## नज़र आ गये तुम

मुरली की धुन लगती प्यारी,
मैं तो जाऊं तुझ पर वारी-वारी,
प्रीत का रंग लगा है लाल,
तेरे ध्यान में रम जाती हूं नंदलाल ।
छटा सुहानी मैं तेरी दीवानी,
क्यों कर रहा मनमोहन मनमानी,
जन्मों की प्यासी की प्यास बुझा,
सांवरे मिटा तेरे मिलन की क्षुधा ।
जग की माया में और ना उलझा,
हरि अब तो थोड़ा सा मुस्कुरा,
÷आनंद÷ जीवन का दे बहा,
पिला दे तेरे दर्शनों की सुधा ।
सांसों में चलता हर पल सुमिरन,
भाव करते हैं श्रद्धा का अर्पण,
जप-तप विधि न जानू कोई,
दासी मैं तुम्हारी, स्वीकारो मोई ।
मन में अपने बसा रखा है तुमको,
नज़र में अपनी छुपा रखा है तुमको,
याद किया जब चित मन कर शून्य,
खिला ह्रदय कुसुम और नज़र आ गये तुम ।

**मोनिका डागा आनंद÷ ,**
**चेन्नई**




## शाश्वत प्रेम

यही लीला रचाई प्रभु ने,
सबको ही प्रेम सिखाया
स्वास स्वास जब बोले कान्हा
शाश्वत प्रेम समझ आया ।।
राधे के गिरधर गोपाल,
मीरा के नटवर नागर नंदा,
प्रभु भक्ति में लीन रहे गोपियां
रास रचाए नाचे प्रभु संग बृंदा।।
जब निस्वार्थ प्रेम समर्पण से,
भक्त ,दास , सखा साथी सब
अनुभव सारे जब कर पाओगे,
तुम शाश्वत प्रेम को समझ जाओगे।।
नही एक दिन का ये कोई प्रेम
जन्म जन्मांतर का ये संबंध
इष्ट को समर्पित होकर पाया
आत्म से परमात्मा का ये बंधन हैं।।
राधा जाने कृष्ण को कबसे,
कृष्णा जाने राधा को तबसे,
दोनो ही एक आत्म का है ओर छोर
नही कोई भी चितचोर।
शिक्षा दी है त्याग की,
एक दूजे के सम्मान की
हैं हर बंधन, हर संबंध से बड़ा
गरिमामय हैं ये शास्वत प्रेम ।।

**आशी प्रतिभा**
**मध्य प्रदेश, ग्वालियर**





# अधिवक्ताओं के मान सम्मान व सुरक्षा को लेकर प्रत्याशियों ने भरी हुंकार

## संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर हुआ दक्षता भाषण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील पार्क मे सोमवार को संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव के ठीक एक दिन पहले हुए प्रत्याशियों के दक्षता भाषण में चुनावी गहमागहमी का माहौल दिखा। प्रत्याशियों ने अधिवक्ताओं के मान सम्मान व सुरक्षा को लेकर हुंकार भरी। वहीं दक्षता भाषण के दौरान खचाखच भरे पार्क में अधिवक्ता प्रत्याशियों का जमकर उत्साहवर्धन भी करते दिखे। प्रारम्भ में चुनाव समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने अधिवक्ताओं को मतदान की व्यवस्था को लेकर बिंदुवार जानकारियां प्रदान की।

उन्होनें भरोसा दिलाया कि चुनाव समिति मतदान और मतगणना की पारदर्शिता व निष्पक्षता पर पूरी तरह खरी उतरेगी। संचालन महामन्त्री देवी प्रसाद मिश्र ने किया। संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने स्वागत तथा पूर्व अध्यक्ष राव वीरेन्द्र सिंह ने आभार जताया। अध्यक्ष तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष व महामंत्री तथा कोषाध्यक्ष पद पर लड़ रहे प्रत्याशियों ने दक्षता भाषण में तहसील व दीवानी न्यायालय परिसर में व्यवस्थाओं में सुधार को लेकर भी साथियों का दिल जीतने का भरसक प्रयास किया। हालांकि दक्षता भाषण सुन रहे अधिवक्ताओं को प्रत्याशियों की बात सुनने में ही दिलचस्पी देखी गयी। वहीं आज मंगलवार को होने वाले संयुक्त अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों के चुनाव के लिए प्रातः आठ बजे से अपरान्ह तीन बजे तक मतदान होगा। इसके बाद साढ़े तीन बजे के बाद मतगणना शुरू होगी।

मतगणना के ठीक बाद चुनाव परिणामों की घोषणा भी होगी। दक्षता भाषण के दौरान बीच बीच मे समर्थक अधिवक्ताओं द्वारा अधिवक्ता एकता जिंदाबाद के नारे व प्रत्याशियों की हौंसला आफजाई मे बीच बीच मे तालियों की गड़गडाहट भी चुनावी सरगर्मी को तेज किये हुये दिखी। प्रत्याशियों ने भाषणों के जरिये शेरो व शायरी तथा कविताओं से भी समर्थन की समां बांधी। प्रत्याशियों के बीच प्रतिद्वंदियों को लेकर एक दूसरे के खिलाफ बिना नाम लिये बीच बीच मे तीखे वार तथा इशारे ही इशारे मे कसे गये तंज को देख सुन आम अधिवक्ताओं का ठहाका भी गूंजता दिखा। वहीं मतदान के ठीक एक दिन पहले भी तहसील चुनावी रंग मे गुलजार रही।

समिति के प्रवक्ता विकास मिश्र ने बताया कि मतदान एवं मतगणना को लेकर तहसील परिसर मे सुरक्षा के प्रबन्धों के बाबत समिति की ओर से डीएम व एसपी एवं एसडीएम व सीओ को पत्र लिखा गया है। इस मौके पर चुनाव समिति के राममोहन सिंह, टीपी यादव, शिवाकांत उपाध्याय, राधारमण शुक्ल, अजय शुक्ल गुड्डू, बेनीलाल शुक्ल, लाल राजेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र सिंह, रामलगन यादव, कालिका प्रसाद पाण्डेय दक्षता भाषण के आयोजन के प्रबंधन में मशक्कत करते दिखे। इधर संयुक्त अधिवक्ता संघ के आज होने वाले मतदान को लेकर प्रशासनिक व्यवस्था भी कड़ी की गयी है। नगर में अधिवक्ताओं के चुनाव को देखते हुए भारी वाहनों का नेशनल हाइवे पर रूटडायवर्जन भी प्रशासन द्वारा कराया जाएगा।

# भाजपा प्रत्याशी ने लगाई चौपाल, मांगा समर्थन

## विश्वनाथगंज विधानसभा में संसदीय कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता सोमवार को पट्टी विधानसभा इलाके के एक दर्जन से अधिक गांव में चौपाल लगाने पहुंचे। युवाओं ने उनका जोरदार स्वागत किया और उनके साथ अबकी बार 400 पर का उद्घोष किया। सांसद संगम लाल गुप्ता ने कहा की एक बार फिर सबको मिलकर कमल वाले निशान पर बटन दबाकर मोदी जी को प्रधानमंत्री बनने के लिए वोट डालना है। पट्टी इलाके में बूथ सम्मेलन के बाद सांसद संगम लाल गुप्ता ने गाँव और बाजारों में लोगों से व्यापक जनसंपर्क किया। महिलाओं ने सांसद को तिलक लगाकर विजय का आशीर्वाद भी दिया। इसी क्रम में विश्वनाथगंज विधानसभा में संसदीय कार्यालय का सांसद संगम लाल गुप्ता ने फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष नवीन सिंह और अपना दल एस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक राज कुमार पाल, विश्वनाथगंज विधायक जीत लाल पटेल, सूर्य प्रकाश पटेल, चंद्र दत्त शुक्ला, मंडल प्रभारी विनोद शर्मा, मंडल अध्यक्ष आलोक सिंह, मंडल महामंत्री रवींद्र पटेल, नितिन पटेल, पंकज मिश्र, नगर पंचायत चेयर मैन अभय प्रताप बादल, दिनेश प्रताप सिंह, शंभूनाथ, लोकेश गुप्ता, बाबा भूपेंद्र, पंकज शुक्ला, अरुण, अनिल सिंह, कमलेश मिश्रा, दिनेश मिश्र, संजय सिंह राम चंद्र मिश्रा, रमेश अग्रहरी आदि लोग मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय ब्राम्हण महासभा की बैठक संपन्न



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ लोकसभा क्षेत्र के रामपुर खास विधानसभा में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा संगठन के जिलाध्यक्ष अजय कृष्ण तिवारी के नौढिया गांव स्थित आवास पर संगठन के कार्यकर्ताओं की चुनावी बैठक की गई।इस मौके पर कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा हिंदुत्ववादी पार्टी है जहां पर ब्राह्मण कैंडिडेट नहीं है वहां पर हमारा संगठन भाजपा का समर्थन करेगी और जहां पर ब्राह्मण कैंडिडेट हैं वो किसी भी दल से चुनाव लड़ रहा हो उसका समर्थन किया जाएगा।प्रतापगढ़ लोकसभा पर चुनाव चर्चा करते हुए बीएसपी द्वारा प्रथमेश मिश्रा को चुनाव में समर्थन करने की बात कही।इस मौके राष्ट्रीय संरक्षक शिव प्रकाश मिश्र,प्रदेश प्रभारी परशुराम सेना पं प्रवीण मिश्र,जिला अध्यक्ष अजय कृष्ण तिवारी,पूर्व जिला अध्यक्ष राजन,प्रभाकर मिश्र,आशीष समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# समृद्ध सोमवंशी बने आईसीएसई हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में जिले के टॉपर

## लालगंज के सरोजनी कान्वेंट स्कूल का छात्र है जिले का टॉपर समृद्ध सोमवंशी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** आईसीएसई हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में लालगंज स्थित सरोजनी कान्वेंट स्कूल वर्मा नगर के छात्र समृद्ध सोमवंशी ने 94.7 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में पहला स्थान बनाने में कामयाबी ली है। समृद्ध के जिले के टॉपर बनने पर माता-पिता समेत विद्यालय के लोग खुशी से गदगद हैं। इसके साथ ही यहां के बच्चों में नब्बे फीसदी से अधिक अंक हासिल कर विद्यालय का मान बढ़ाया है।

आईसीएसई हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा का परिणाम सोमवार सुबह घोषित हुआ। बोर्ड परीक्षा के हाईस्कूल के परिणाम में यहां के छात्र समृद्ध सोमवंशी के जिले के टॉपर बनने के साथ ही यहां के छात्र आदर्श मिश्र ने चौरान्वे प्रतिशत, संयम पाण्डेय ने बान्नवे प्रतिशत तथा मो. उमर, तुषा शुक्ला व ऋषभ पाण्डेय ने नब्बे प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। बच्चों की सफलता पर सरोजनी कान्वेंट स्कूल के प्रबन्धक अजय श्रीवास्तव व शिक्षकों ने खुशी जतायी है।

# हत्यारोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा-प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के काशीपुर डुबकी मुड़ियापुर गांव में बीते तीन मई को दो पक्षों मे मारपीट एवं धारदार हथियार से वार करने से राहुल सरोज की मौके पर मौत हो गई थी। जिसमें 9 लोग नामजद किए गए हैं। सोमवार को उपनिरीक्षक दिनेश कुमार व देवेन्द्र कुमार तथा आरक्षी अंकित कुमार ने चेकिंग के दौरान भिटारा चौराहे से काशीपुर डुबकी मुडियापुर निवासी निशांत तिवारी उर्फ देवेन्द्र तिवारी पुत्र फत्ते उर्फ रमाकांत को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के बाद जेल भेज दिया ।

# वैशाख मास में भागवत कथा सुनकर श्रोता हो रहे भाव विभोर



**कटरा मेदनीगंज,प्रतापगढ़।** खजोहरी ग्राम सभा में गोविन्द यादव के घर चल रही भागवत कथा मेआचार्य प्रभाकर जी महाराज ने कृष्ण जी के बाल लीला का वर्णन बड़े सुन्दर और सरल व सहज वर्णन किया।। कथा सुनकर भक्तो ने झूम के रसपान किया। कथा मे श्रीकृष्ण जी एवं रुकमणी का विवाह के वर्णन एवं सुन्दर झाकी प्रदर्शन के साथ कथा का सुन्दर वर्णन किया। इस तपती दोपहरी में श्रोता भक्त खजोहरी ग्राम सभा मे पहुँच कर कथा का रसपान कर रहे है। कथा स्थल पर भोला सिंह वेद प्रकाश तिवारी कमलेश यादव , हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव कृष्णकान्त मिश्रा रमेश यादव, कृष्ण कुमार यादवश् राजेश यादव गोविन्द यादव आदर्श शर्मा अर्पित शर्मा अश्वनी शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# मनरेगा मजदूरों का छीना जा रहा हक, जेसीबी से कराया जा रहा काम



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा-प्रतापगढ़।** कोरोना काल में शहरों से लौटे मजदूरों को उनके गांव में ही काम मिल सके। इसके लिए प्रदेश सरकार उन्हें मनरेगा योजना से काम दे रही है। लेकिन धरातल पर हकीकत कुछ और ही है। कालाकांकर ब्लॉक क्षेत्र के काशीपुर गांव में मनरेगा श्रमिकों के रोजगार पर पलीता लगाने का काम किया जा रहा है। दरअसल यहां श्रमिकों से काम करने के बजाय जेसीबी मशीनों से काम कराया जा रहा है। मामला हाइलाइट होने पर पूरा महकमा इसकी जांच में जुट गया। मनरेगा मजदूरों से उनका हक छीनने का काम किया जा रहा है। आरोप है कि यहां मनरेगा योजना के तहत तालाब की खुदाई का काम श्रमिकों के बजाय जेसीबी मशीन से करा दिया गया। इस पर काम के बदले श्रमिकों के नाम पर फर्जी भुगतान का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि भुगतान से पहले ही इसकी शिकायत हो गई। शिकायत के बाद जब मामला सामने आया तो मुख्य विकास अधिकारी ने तत्काल ब्लाक द्वारा पांच सदस्य टीम गठित कर जांच करने का आदेश दिया है। मौके पर पहुंचे कालाकांकर बीडीओ समेत जांच अधिकारी शिकायत को सही पाया। हालांकि अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।शिकायतकर्ता अशोक कुमार, दीपक कुमार जागेश्वर कुमार का कहना है कि 2 दिन के अंदर कार्रवाई नहीं हुई तो पूरे ग्राम सभा के लोग एकत्रित होकर जिला अधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# दहेज हत्या का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**रानीगंज,प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद के थाना रानीगंज के उ0नि0 फिरोज खां ने मय हमराह द्वारा उ0नि0 सतीराम देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों के चेकिंग एवं विवेचना के दौरान, मुखबिर की सूचना पर थाना रानीगंज में पंजीकृत मु0अ0सं0159,2024 धारा 323, 506, 498ए, 304बी भादवि व 3,4 डीपी एक्ट' से संबंधित वांछित अभियुक्त राजेश यादव पुत्र बजरंगी निवासी ग्राम बोर्रा थाना रानीगंज, जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र रानीगंज में भवानीगढ़ नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया ।

# रघुकुल तिलक सुजन सुखदाता, आयउ कुसल देव मुनि त्राता...

## दिव्य धाम रामपुर भेड़ियानी में आयोजित रामकथा का विश्राम दिवस




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** मानव कल्याण सेवा संस्थान परिवार द्वारा आयोजित नौ दिवसीय श्री राम कथा के विश्राम दिवस पर कथा व्यास श्री संजय कृष्ण जी महाराज ने आगे की कथा बोलते हुऐ बताया कि चित्रकूट से बढकर प्रभू श्री राम सुतीक्षण जी महाराज को दर्शन देकर अगस्त मुनि का आशीर्वाद लेते हैं और आगे कहाँ निवास करे ऐसा पूछने पर मुनि ने उन्हे पंचवटी मे निवास करने को कहा वहीं पर सूपनखा के उद्दंडता करने पर उसका नाक कान भैया लछ्मण ने काट दिया ऐसा जानकर खर दूषण आक्रमण करते हैं और मारे जाते जब यह समाचार रावण को मिला तो वह समझ जाता है कि खर दूषण को नारायण के शिवाय कोई मार नहीं सकता। अत अपने व अपनो के उद्धार के लिये माता सीता का हरण कर लेता है प्रभु श्री राम गीध राज जटायू का उद्धार कर माता सबरी को नवधा भक्ति का ज्ञान देते हैं सुग्रीव से मित्रता व बालि बध करके और प्रभु श्री राम रावण को कुल समेत मारकर माता सीता को पुन वापस लाते हैं संस्थान परिवार द्वारा कथा व्यासव साथी आचार्यो का अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। भक्तो का भारी हुजूम रहा भजन गायक सतीश चंद्र पांडेय बलराम जी के भजन दशा मुझ दीन की भगवन पर लोग झूम उठे। संयोजक पं श्याम शंकर पांडेय ने सभी का आभार एवम् आय व्यय वयौरा प्रस्तुत किया। अध्यक्ष शिवनारायण पांडेय ने सभी रामभक्तो को सफल आयोजन के लिये सराहना की। कथा सुनने श्री शिव प्रकाश मिश्रा सेनानी श्री मती सिन्धुजा मिश्रा सेनानी श्री आशुतोष त्रिपाठी पूर्व प्रत्याशी सदर श्री आलोक त्रिपाठी मुख्य स्थाई अधिवक्ता उच्च न्यायालय प्रयागराज ई धीरेन्द्र प्रसाद पांडेय ओम प्रकाश तिवारी रामबदन तिवारी शिव मूरत तिवारी विनोद कुमार मिश्र कमला प्रसाद दुबे कृष्ण देव शुक्ल आदि तमाम रामभक्त रहे।

# पंचायत के दौरान हुई मारपीट में विवाहिता घायल, रेफर

**रखहा,प्रतापगढ़।** दो पक्षों में जमीनी बंटवारे को लेकर पंचायत के दौरान हुई मारपीट में एक पक्ष की विवाहिता को दूसरे पक्ष के लोगों ने जमकर पीटा जिससे वह घायल हो गई । पीड़िता ने तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है ।कन्धई थाना क्षेत्र के रखहा बाजार निवासी मोहम्मद सुबराती तथा उनके भाई शौकत अली के बीच जमीनी बंटवारे को लेकर अरसे से विवाद चला आ रहा है । सोमवार को दोनों पक्षों में निपटारे को लेकर पंचायत हो रही थी इसी दौरान आरोप है कि शौकत अली के पक्ष के लोगों ने सुबराती की बहू 28 वर्षीय बेबी बानो पत्नी सेबू को पकड़ कर फावड़ा तथा अन्य हथियार से मारा पीटा जिससे वह घायल हो गई । सेबू ने घटना को लेकर पुलिस को फोन किया तो आरोपी भाग निकले। मौके पर पहुंची पुलिस ने इलाज के लिए सीएचसी बाबा बेलखरनाथ धाम भेजा जहां सिर में अधिक चोट लगने के कारण मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया । पीड़िता ने तीन नामजद लोगों के खिलाफतहरीर देते हुए न्याय की गुहार लगाई है ।कन्धई थाने के एसआई रज्जन राव ने बताया कि रखहा बाजार में दो पक्षों में जमीनी बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था जिसमें सोमवार को एक पक्ष की ओर से विवाहिता को मारपीट कर घायल कर दिया गया जिन्हें इलाज के लिए भेजा गया है ।

# गोवध निवारण अधिनियम में वांछित गिरफ्तार

**लीलापुर,प्रतापगढ़।** पुलिस ने गोवध निवारण ीअधिनियम में वांछित अभियुक्त के गिरफ्तार किया है।दिनांक 19.02.2024 को थाना लीलापुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम हण्डौर खलहिया में अज्ञात व्यक्ति द्वारा जानवर के काटे जाने के सम्बन्ध में थाना लीलापुर पर मु0अ0सं0 64,24 धारा 3,5,8 गोवध निवारण अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया था।इसी क्रम में आज दिनांक 06.05.2024 को थाना लीलापुर से उ0नि0 श्री किशन सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, संदिग्ध व्यक्तियोंध्वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियोग उपरोक्त से संबंधित अभियुक्त शैनुद्दीन पुत्र सिराजुद्दीन निवासी हण्डौर थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र लीलापुर के ग्राम हण्डौर के पास से गिरफ्तार किया गया।

# तमंचा एवं कारतूस समेत चोरी का आरोपी गिरफतार

**सांगीपुर,प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध,अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है।इसी क्रम में जनपद के थाना सांगीपुर से उ0नि0 राजेश कुमार शुक्ला ने मय हमराह का0 सर्वेन्द्र सिंह चौहान द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त एवं जांच प्रार्थना पत्र के दौरान, मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र के सई नदी घाट पावर हाउस की तरफ सीमेन्ट सेड के पास अभियुक्त रितिक कोरी पुत्र लल्लन कोरी निवासी ग्राम देउम पूरब पूरे सुदामा पाण्डेय का पुरवा थाना सांगीपुर को 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर, 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया ।अभियुक्त रितिक कोरी उपरोक्त के कब्जे से 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर, 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। जिसके संबंध में थाना सांगीपुर में मु0अ0सं0 457, 380, 511 भादवि व 3,25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया।

# हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**

बाघराय,प्रतापगढ़। थाना क्षेत्र बाघराय के ग्राम काशीपुर डुबकी गांव के पास आरोपीगण द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर धारदार हथियार से हमले करने पर 01 व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी। इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर 03 मई को थाना बाघराय में मु0अ0सं0 145,2024 धारा 147, 148, 149, 504, 286, 341, 302, 120बी भादवि 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)5, 3(2)5क एससी,एसटी एक्ट बनाम 09 व्यक्ति व कुछ अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था।पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के द्वारा उक्त अभियोग से संबंधित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमे गठित कर संबंधित को कड़े निर्देश दिये गये थे। इसी क्रम में आज सोमवार को थाना बाघराय के उ0नि0 दिनेश कुमार ने मय हमराह यूटी उ0नि0 देवेन्द्र कुमार पाठक, का0 अंकित कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्र, संदिग्ध व्यक्तियों,वाहनों की चेकिंग,जांच प्रार्थना पत्र एवं विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियोग उपरोक्त से संबंधित अभियुक्त निशान्त तिवारी उर्फ देवन्द्र तिवारी पुत्र फत्ते तिवारी उर्फ उमाकान्त तिवारी निवासी ग्राम पण्डित का पुरवा काशीपुर डुबकी थाना बाघराय को थाना क्षेत्र के भिटारा तिराहे के पास से गिरफ्तार किया ।

# मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने लाखों रुपए का जेवर और नगदी उड़ा दिया। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है।महेशगंज थाना क्षेत्र के झींगुर निवासी सुशील मिश्रा पत्नी स्व. प्रेम शंकर मिश्रा के मकान का बीते रविवार की रात अज्ञात चोर मेन गेट का ताला तोड़कर अंदर घुस गए। इसके बाद घर के अंदर अलमारी में रखा लाखों रुपए कीमत का गहना और 53000 नगद गायब कर दिए । सुबह घटना की जानकारी होने पर हड़कंप मच गया । सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक की टीम मौके पहुंची और घटना की जांच की।

# वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**रानीगंज,प्रतापगढ़।** जनपद के थाना रानीगंज के उ0नि0 श्री फिरोज खां मय हमराह द्वारा उ0नि0 सतीराम देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों के चेकिंग एवं विवेचना के दौरान, मु0नं0 7124ध्04 धारा 323, 325, 504 भादवि से संबंधित 01 वारण्टी अभियुक्त रामसिंह पुत्र भईयाराम निवासी ग्राम मथुरा थाना रानीगंज, जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया ।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, मृतक की नहीं हो सकी शिनाख्त

**लालगंज, प्रतापगढ़।** हाइवे से पैदल जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी होने पर पुलिस ने उसे इलाज के लिए ट्रामा सेण्टर भेजवाया। यहां चिकित्सकों ने घायल हो मृत घोषित कर दिया। मृतक की शिनाख्त न होने से पुलिस ने अज्ञात में शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया है। लालगंज कस्बे से गुजरे हाइवे पर रविवार की रात करीब ढाई बजे पुरानी पेट्रोल पम्प के समीप पैदल जा रहे तीस वर्षीय एक युवक को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया। उधर से गुजर रही गश्ती पुलिस ने सड़क किनारे घायल को पड़े देखा तो उसे इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेण्टर भेजवाया। परीक्षण के बाद यहां चिकित्सकों को घायल युवक को मृत घोषित कर दिया। काफी छानबीन के बाद भी मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि मृतक युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। अज्ञात में शव को जिला मुख्यालय भेजवाया गया है। मृतक की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

# विद्यालय प्रबंधक ने शत-प्रतिशत रिजल्ट पर दी शुभकामनाएं

**सुवंसा (प्रतापगढ़)।** स्थानीय एसटीवीएमपी विद्यालय गांधी बाजार में अध्यन रत छात्र छात्राओं का आईसीएससी बोर्ड की दसवीं कक्षा की परीक्षा का शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। परीक्षा परिणाम के अनुसार मोहम्मद कौसेन 84.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, रौनक तिवारी 78.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान और हर्षित तिवारी ने 74 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। परीक्षा परिणाम पर विद्यालय प्रबंधक लक्ष्मी कांत दूबे ने अपनी शुभ कामनाएं व्यक्त की और सभी अध्यापकों की सराहना की।

# बदमाशों ने चाचा भतीजा को मारी गोली,हालत गंभीर

**प्रतापगढ़।**देल्हूपुर थाना क्षेत्र के चघईपुर गांव के मो समीर की शादी चार दिन पहले हुई थी। शादी में बाइक पाया था। मान्धाता से वापस आ रहा था बकुलाही नदी के पास बदमाशों ने बाईक छीन लिया। शोर मचाने पर प्रधान के भाई सत्यम् सिंह तथा भतीजे विपिन सिंह पहुंचे। बदमाशों ने गोली मारी। दोनों प्रयागराज इलाज के लिए भेजें गये। मौके पर एस ओ के साथ भारी संख्या में पुलिस मौजूद है।

# लोकहित के लिए श्रीराम ने नर रूप में लिया था अवतार- महंत धर्मराज

## त्रिवेणी के तत्वावधान में किया गया वार्ता कार्यक्रम का आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** बालनाथ आश्रम के महंत धर्मराज महाराज ने कहा है कि सृष्टि के पालनकर्ता भगवान विष्णु ने पृथ्वी पर सुव्यवस्थित जीवन शैली की स्थापना के लिए ही त्रेतायुग में दशरथ पुत्र श्रीराम के रूप में अवतार लिया था। यह बातें उन्होंने अध्यात्म व संस्कृति को समर्पित संस्था 'त्रिवेणी' के तत्वावधान में आयोजित वार्ता कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में कही। उन्होंने कहा कि यद्यपि राम के पास ब्रह्मशक्ति थी और पल भर में जैसी व्यवस्था चाहते उसके अनुसार सब कुछ हो जाता किंतु ऐसी स्थिति में कर्म का सिद्धांत लुप्त हो जाता और आगे चलकर सिर्फ कामनाएं ही रह जाती और उद्यम तथा परिश्रम सब खत्म हो जाता, इसलिए उन्होंने मानव



रूप में अवतरित होकर पूरे समाज को उच्च मानव मूल्यों का संदेश अपने कृत्यों से किया। नगर के बरियाघाट स्थित सिटी लॉन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संत धर्मराज ने कहा कि अवतार लेना बहुत ही बोझिल एवं बड़ा दायित्व होता है और ऐसी स्थिति में स्वयं की आकांक्षाओं का हनन तथा लोक की भलाई पर ही अहर्निश काम करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इसे आम जीवन में इस रूप में देखा जा सकता है कि जो जितने बड़े दायित्वों से बंधा हुआ है, उसे उतना ही परिश्रम करना पड़ता है तथा स्वयं को समस्याओं की आग में तपाना भी पड़ता है।इसी क्रम में महाराज ने कहा कि त्यागपूर्ण जीवन जीने वाला स्वतः महान हो जाता है जबकि संग्रह में लगा व्यक्ति संकुचित हो जाता है। उत्तम जीवन के लिए श्रीराम के चरित्र का अहर्निश ध्यान और उनके द्वारा समय-समय पर दिए गए संदेशों का मनन किया जाए तो मानसिक क्लेश दूर होता है। व्याख्यान गोष्ठी की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार पांडेय ने की तथा श्रीराम के व्यक्तित्व तथा कृतित्व से संबंधित कविता भी सुनाई। महाराज को अंग वस्त्रम पूर्व डीजीसी आशुतोष अग्रवाल एवं राजेश मिश्र ने देकर सम्मानित किया। स्वागत करने वालों में आशीष बुधिया, मनोज शुक्ल तथा अन्य रहे। उक्त अवसर पर भजन की प्रस्तुति से विन्ध्यवासिनी केशरवानी ने वातावरण को पूरी तरह आध्यात्मिक बना दिया। कार्यक्रम का संचालन सलिल पांडेय ने किया।

### रजिस्ट्री कार्यालय में हुई चोरी के एक और आरोपी चोरी के लैपटोप के साथ गिरफ्तार

**चित्रकूटः** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध की रोकथाम के लिए अपराधियों की धरपकड के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकार नगर राजकमल के पर्वेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली कर्वी की पुलिस टीम द्वारा रजिस्ट्री कार्यालय में हुई चोरी एवं आगजनी के 01 और वांछित अभियुक्त को चोरी के लैपटोप के साथ गिरफ्तार किया गया ।कोतवाली कर्वी प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि बीती 23-24 जनवरी की रात्रि में धुस मैदान स्थित रजिस्ट्री कार्यालय में अज्ञात चोरों ने चोरी करके कार्यालय में आग लगा दी थी।

# प्रशस्ति पत्र वितरण के साथ नृत्य कार्यशाला का हुआ समापन

## रोटरी क्लब मीरजापुर की ओर से आयोजित डांस कार्यशाला के 100 बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** रोटरी क्लब मीरजापुर द्वारा टैलेंट हाउस डांस क्रू अकादमी के सहयोग से जरूरतमंद बच्चों को नृत्य कौशल में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए मीरजापुर वाइब शीर्षक 5 दिवसीय निःशुल्क नृत्य कार्यशाला का समापन लालडिग्गी स्थित रोटरी भवन में कार्यशाला में भाग लिए 100 बच्चों को प्रशस्ति पत्र वितरित कर किया गया।कार्यशाला का शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस पर किया गया था। समापन रोटरी क्लब मीरजापुर के अध्यक्ष रो0 आयुष कुमार सर्राफ के उद्बोधन से हुआ। सचिव गोकुल अग्रवाल, देवांश सिंघानियां एवं रतन सिंह द्वारा माँ विंध्यवासिनी के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण किया। प्रथम पूज्य श्रीगणेश जी की वंदना पर आधारित नृत्य के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। वक्ताओं ने कहाकि रोटरी क्लब मीरजापुर सदैव से सेवा भाव से कार्य करता आ रहा है और इसी भावना से जरूरतमंद बच्चों तक नृत्य का उचित प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए निःशुल्क कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त किये 100 बच्चों को प्रशस्ति प्रदान किया गया। अंतरराष्ट्रीय हास्य दिवस पर प्रशस्ति पत्र पाकर बच्चे खुश हो गए और उन्होंने यह संकल्प लिया कि वे नियमित रूप से नृत्य का अभ्यास करेंगे जिससे वे मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रह सकें। कार्यक्रम में टैलेंट हाउस डांस क्रू के संस्थापक शिवम गुप्ता एवं उनकी प्रशिक्षक टीम को भी सम्मानित किया गया।

# शिक्षकों ने की अग्निपीड़ित किसान की आर्थिक सहायता

**चित्रकूटः** शिक्षक समाज में ज्ञान अध्यापन के अलावा सामाजिक, नैतिक, मूल्यों, आदर्शों को समझते हैं और सदैव प्रयास करते हैं कि वह अपना उत्तरदायित्व निभाते हैं। इसके साथ समाज में जहां भी कहीं सहयोग की आवश्यकता होती है। शिक्षक सदैव बढ-चढकर हिस्सा लेते हैं। आज उसका उदाहरण है कि ग्राम पंचायत अतरसुई के खेरवा मजरे में किसान देवीचरण के घर में बीती 26 अप्रैल को आग लगने से पूरी गृहस्थी का सामान व लगभग चार लाख रुपए नष्ट हो गया, उसके घर में एक बेटी की शादी का आयोजन था। जिसके तहत 28 अप्रैल को बयाना करने जाना था। जिस लिए बैंक से निकला गया सब जलकर राख हो गया, उसके सहयोग के लिए खंड शिक्षा अधिकारी रामनगर एन पी सिंह, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय के आवाहन पर ब्लाक रामनगर के समस्त शिक्षकों ने उसे पीडित परिवार की सहायता के लिए बढ-चढ कर हिस्सा लिया। साथ ही सभी शिक्षक मिलकर पीडित परिवार के घर जाकर किसान और उसकी बेटी को 188000 रुपए नगद राशि प्रदान कर ढांढस बंधाया। इसके पूर्व सेवानिवृत्त शिक्षक रामलोटन पांडेय ने 10 हजार का चेक दिया और 1000 रुपये अवधेश ने दिया। इस प्रकार लगभग 2 लाख से अधिक की राशि सहयोग के रूप प्रदान की गई।

खंड शिक्षा अधिकारी एनपी सिंह ने कहा कि यह राशि बेटी के कन्यादान के रूप में सहयोग है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय ने कहा कि शिक्षक सामाजिक सहयोग में कभी पीछे नहीं रहा और शिक्षक की भूमिका सदैव आगे ही रही।

समाज को नई दिशा, नई प्रेरणा और उसके सदैव सहयोग के लिए शिक्षक तत्पर रहता है। शिक्षकों ने स्वप्रेरण से शैक्षिक सहयोग किया है। ब्लाक अध्यक्ष रामनगर शिवभूषण त्रिपाठी ने सभी साथियों को बधाई दी।

# वैशाख मास अमावस्या मेला में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत शहर में भारी वाहनों का आवागमन रहेगा प्रतिबंधित

**चित्रकूटः** आगामी वैशाख मास अमावस्या मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत शहर क्षेत्र में 7 मई को प्रातः 5.30 बजे से 8 मई की रात्रि 9.30 बजे तक भारी एवं मध्यम मालवाहनों (आपातकालीन एवं आवश्यक वस्तुओं के वाहनों को छोडकर) का कर्वी नगर में प्रवेश एवं परिवहन, आवागमन पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगा।

यातायात प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि आगामी 8 मई के पश्चात आम जनमानस को सुगम व सुरक्षित यातायात उपलब्ध कराये जाने एवं दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कर्वी नगर में 9 मई से 30 दिवस तक या नवीन आदेश दिये जाने की तिथि, जो पूर्व हो, निम्नांकित विवरण के अनुसार भारी एवं मध्यम मालवाहनों (आपातकालीन एवं आवश्यक वस्तुओं के वाहनों को छोडकर) का कर्वी नगर में प्रवेश एवं परिवहन, आवागमन पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगा। जिसमें लोढवारा मोड, राजापुर मार्ग प्रातः 5:30 बजे से रात्रि 9:30 बजे तक, रेहुटिया (रेलवे क्रॉसिंग के पूर्व) प्रयागराज रोड, खोह (पुलिस लाईन तिराहा) मानिकपुर रोड प्रातः 5:30 बजे से रात्रि 10 बजे तक, शेषनपुरवा मोड सोनेपुर, सतना रोड प्रातः 5:30 बजे से रात्रि 10:30 बजे तक, बेडी पुलिया (मत्यगजेन्द्रनाथ धर्मकांटा) बांदा रोड प्रातः 5:30 बजे से रात्रि 11 बजे तक, निर्मोही अखाडा यूपी एमपी बार्डर से बेडी पुलिया तिराहा तक प्रातः 5:30 बजे से रात्रि 11 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही प्रातः 5:30 बजे नो इन्ट्री बैरियरों से प्रवेश किये हुए भारी माल वाहन प्रातः 6 बजे तक प्रत्येक दशा में नो इन्ट्री क्षेत्र से बाहर निकल जायेगें। निर्मोही अखाडा यूपी एमपी बार्डर से बेडी पुलिया तिराहा तक श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत नया नो इन्ट्री मार्ग घोषित किया गया है। नगर में वैवाहिक, धार्मिक, त्यौहार, जुलूस, झांकी, शोभा यात्रा, राजनैतिक कार्यक्रमों आदि के दृष्टिगत नो इन्ट्री के समय में परिवर्तन किये जाने पर परिवर्तन की सूचना नो इन्ट्री बैरियर पर ही दी जायेगी।

### खोये हुये मोबाइल को बरामद कर मोबाइल स्वामी के किया सुपुर्द

**चित्रकूटः** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि बीती 28 अप्रैल को अरुण कुमार पुत्र रामसजीवन निवासी ग्राम हरसबपुर घाटमपुर कानपुर नगर द्वारा अपने मोबाइल खो जाने के सम्बन्ध में सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत की थी।

### अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूटः** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 2 आरोपियों के कब्जे से 30 क्वार्टर देशी व 37 लीटर कच्ची शराब बरामद की।

कोतवाली कर्वी के उप निरीक्षक राजीव कुमार सिंह तथा उनके हमराही द्वारा सुधीर निषाद निवासी डिलौरा को 19 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार भरतकूप थाना के उप निरीक्षक अजहर जमाल तथा उनके हमराही द्वारा ओमप्रकाश निवासी रौली कल्याणपुर को 18 लीटर कच्ची शराब व 30 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

# निषक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न कराने के लिए सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों को दिया गया प्रशिक्षण

**चित्रकूटः** जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द की उपस्थिति में सोमवार को विकास भवन के सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 को सकुशल, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण ढंग से एवं पारदर्शिता से संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार 236- चित्रकूट विधानसभा एवं 237- मानिकपुर विधानसभा के सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेटो का प्रशिक्षण संपन्न हुआ।



जिला निर्वाचन अधिकारी ने जोनल तथा सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि 20 मई को जनपद में मतदान संपन्न होगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एमपीएस एप, मतदान प्रतिशत संकलन एप जो लागू किया गया है, उसी के अनुसार मतदान प्रक्रिया की जानकारी एप के माध्यम से मोबाइल पर डाउनलोड करके दिया जाना है। उन्होंने कहा कि एआरओ द्वारा रजिस्ट्रेशन सेक्टर मजिस्ट्रेट का किया जाएगा।

साथ ही सेक्टर मजिस्ट्रेट पीठासीन अधिकारियों का रजिस्ट्रेशन करेंगे। इसको अच्छी तरह से आप लोग समझ ले ताकि मतदान के दिन कोई समस्या न हो।

आप लोग गंभीरता पूर्वक प्रशिक्षण लेकर निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराएंगे। उन्होंने कहा कि मतदान के एक दिन पूर्व जब पोलिंग पार्टियां रवाना होगी तो आप सभी बूथों का निरीक्षण करेंगे और व्यवस्थाओं को देखेंगे अगर कोई समस्या है तो तत्काल उसका निस्तारण कराएंगे।

उन्होंने कहा कि जो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन संपन्न कराने के लिए बुकलेट दी गई है, उसका अच्छी तरह से आप लोग अध्ययन करें ताकि मतदान के समय किसी भी प्रकार की समस्या न हो।

प्रशिक्षण में ईवीएम मशीन के संचालन, वैलेट यूनिट, वीवी पैट, कंट्रोल यूनिट, मशीनों का सीरियल नंबरों का मिलान करना, मत पत्र कृम, पोलिंग पार्टियों निर्धारित वाहनों से रवानगी, मशीनों की सीलिंग, मशीनों का रखरखाव, मांक पोल, वोटिंग कंपार्टमेंट, सीआरसी करना, वास्तविक मतदान प्रारंभ होने से पहले, वीवी पैट बैटरी बदलना, वीवी पैट बदलना, सीयू को पावर ऑफ करना, ग्रीन पेपर की सीलिंग, वास्तविक मतदान की सीलिंग, एबी सीलिंग, मतदाता पर्ची, क्लोज बटन दबाना, मतदान के दौरान विशेष परिस्थितियां, एएसडी मतदाता, चौलेंज वोट, टेंडर वोट, मतदाता द्वारा मत देने से इंकार करना, प्रांक्सी द्वारा मतदान, आयु के संबंध में आपत्ति, मतदाता द्वारा मतदान प्रक्रिया का उल्लंघन, दृष्टिबाधित एवं आसक्त मतदाताओं के संबंध में, पोस्टल बैलेट, पीवी, ईडीसी, पीठासीन अधिकारी की डायरी आदि विभिन्न बिंदुओं की जानकारी दी गई।

इस मौके पर पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, जिला विकास अधिकारी आर के त्रिपाठी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# प्राथमिक शिक्षक संघ ने शिक्षक समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



**चित्रकूटः** प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से अलग-अलग ब्लाकों में शिक्षक समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपे गए। इस दौरान आचार संहिता और धारा 144 का पालन करते हुए सम्बन्धित खण्ड शिक्षाधिकारियों को ज्ञापन सौंपे गए।

प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय ने खण्ड शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि शिक्षकों के नियमित वेतन भुगतान के लिए प्रत्येक दशा में प्रत्येक माह की 28 तारीख तक लेखाधिकारी कार्यालय मे वैरियेशन प्राप्त करवाएं, समय से वैरियेशन प्राप्त न होने के कारण यदि वेतन विलंब से आता है तो उसकी जिम्मेदारी आपकी होगी। कार्यालय सहायकों की नियुक्ति खण्ड शिक्षाधिकारी कार्यालय के लिए की गयी है,

इसलिए कार्यालय सहायकों के साथ विद्यालय निरीक्षण करना और कार्यालय सहायकों द्वारा शिक्षकों से सवाल-जवाब करना नियमविरुद्ध है। इसलिए कार्यालय सहायकों को साथ लेकर विद्यालय निरीक्षण न करें, यदि अपरिहार्य कारणों से साथ में रखना भी पडे तो कार्यालय सहायकों को स्पष्ट निर्देश दें कि वह निरीक्षण अवधि में विद्यालय से बाहर रहें तथा निरीक्षण में किसी प्रकार का सहयोग, हस्तक्षेप न करें। साथ ही कार्यालय सहायकों द्वारा सूचनाओं के बहाने शिक्षकों को फोन किया जाता है और उसी फोन वार्ता में लेनदेन की बातें भी होती हैं, जबकि सूचनाओं की जिम्मेदारी संकुल शिक्षकों की है। इसलिए कार्यालय सहायकों को निर्देशित करने का कष्ट करें कि कार्यालय सहायक सूचनाओं के लिए नोडल संकुल शिक्षक, संकुल शिक्षक से वार्ता करें और नोडल संकुल शिक्षक, संकुल शिक्षक अपने संकुल के शिक्षकों से फोन करके सूचनाओं का आदान-प्रदान करें। शिक्षकों द्वारा अवगत कराया जाता है कि खण्ड शिक्षाधिकारी कार्यालय में उनके प्रत्यावेदन शिकायत को रिसीव नहीं किया जाता है, जबकि महानिदेशक स्कूल शिक्षा द्वारा शिक्षकों की समस्या सम्बन्धित प्रत्यावेदन प्राप्त करके उनको जन सुनवाई पंजिका में दर्ज करने के स्पष्ट निर्देश दिये गये। कार्यालय सहायकों को शिक्षकों के प्रत्यावेदन रिसीव करने और उनको जन सुनवाई पंजिका मे दर्ज करने के लिए निर्देशित करने का कष्ट करें। वित्त नियंत्रक के आदेशानुसार शिक्षकों के अवशेष देयक के लिए किये गये आनलाइन आवेदन को तीन दिन मे फारवर्ड कराएं। अवकाश के लिए किये गये शिक्षकों के आनलाइन आवेदन को आवेदित अवकाश दिवस से पहले ही अप्रूव, रिजेक्ट करने का कष्ट करें, आनलाइन अवकाश आवेदन को समय से अप्रूव, रिजेक्ट न करने पर यदि शिक्षक अनुपस्थित होते हैं तो उसकी जिम्मेदारी आपकी होगी। शिक्षकों द्वारा अवगत कराया गया कि उनको शैक्षिक सत्र 2023-24 में सम्पन्न सेवारत शिक्षक प्रशिक्षणों के टीए/डीए का भुगतान नहीं किया गया है, अतः भुगतान कराएं।

इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष देव यादव, ब्लाक मंत्री मनीष शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी मतदाता करें मताधिकार का प्रयोग



**चित्रकूटः** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मतदाता जागरण अभियान के तहत सोमवार को छात्र-छात्राओं के बीच में पत्रक वितरित किए। साथ ही आगामी 20 मई को होने वाले मतदान के प्रति जागरूक किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को सदर ब्लाक के नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण किया। उन्होंने बताया कि आगामी 20 मई को लोकसभा चुनाव के लिए बांदा-चित्रकूट संसदीय सीट में मतदान होना है। पांचवे चरण के लिए होने जा रहे इस मतदान में सभी मतदाताओं को अपने मतदाधिकार का प्रयोग करना चाहिए। विद्यार्थी परिषद द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 को लोकतंत्र के महापर्व के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में मतदाता जागरण अभियान के पत्रक मतदाताओं के बीच वितरित किए जा रहे हैं। जिला संगठन मंत्री रामजी ने कहा कि भारत लोकतांत्रिक राष्ट्र है। देश की समग्र उन्नति से विश्व कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। लोकतंत्र में निर्वाचन की प्रक्रिया से ही सत्ता स्थापित होती है और लोक के लिए कार्य करती है।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
नं0 वाद सं0 2394/2022
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन श्रीमती संगीता बनाम राजेन्द्र प्रसाद
बनाम
राजेन्द्र प्रसाद आयु 48 साल पुत्र राम अजोर यादव निवासी ग्राम तारडीह पो0 उपाध्यायपुर पर0 तह0 सदर जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 09.09.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 09.09.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 16 महोदय प्रतापगढ़
वाद सं0 640/2023
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन शैलेश कुमार शुक्ल बनाम सुशील कुमार सिंह आदि
बनाम
1. सुशील कुमार सिंह पुत्र स्व0 राजनारायण सिंह निवासी म0नं0 76 किफायल उल्ला रोड पर0 व तह0 सदर जनपद प्रतापगढ़ 2. अश्वनी कुमार सिंह पुत्र प्रद्युम्न बहादुर सिंह निवासी बाबागंज पार्क के सामने पर0 व तह0 सदर जनपद प्रतापगढ़
तारीख पेशी 10.07.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 10.07.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2016 अनुक्रमांक 1942110 का अंकपत्र वास्तव में खो गया है।

अमन निषाद
पुत्र फूलचन्द्र निषाद
ग्राम व पोस्ट करेंटी, कुण्डा
प्रतापगढ़ उ0प्र0

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मैने अपना नाम राकेश कुमार छोटू से बदलकर राकेश कुमार रख लिया है । भविष्य में मुझे राकेश कुमार के नाम से जाना जाय ।

राकेश कुमार पुत्र झुरी लाल,
निवासी वार्ड नं 6 ,गाजी का पुरा,
धाता रोड ,
नगर पंचायत सिराथू, कौशांबी

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 16 महोदय प्रतापगढ़
म0मु0नं0 2404/21
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन मकबूल अहमद आदि बनाम मुबारक उल्ला आदि
बनाम
2. मो0 सिद्दीक 3. मो0 शब्बीर 4. वाहिद अली 5. रियाजुद्दीन 6. मो0 सईद सुतगण मुबारक उल्ला 7. इन्सान अली 8. इबरार अली 9. नियाज अली 10. इसतियाक अली 11. इन्साफअली सुतगण सिराजुद्दीन 18. तमजीद खान सुत अ0 कय्यूम 19. शमसुन्निशां वेवा अ0 कय्यूम समस्त निवासीगण ग्राम मदईपुर पर0 व तह0 सदर जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 04.07.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 04.07.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 16 महोदय प्रतापगढ़
वाद सं0 2052/21
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन राम लखन आदि बनाम कलावती
बनाम
कलावती आयु 60 साल विधवा राम चन्द्र नि0 ग्राम रतनमई पर0 पट्टी तह0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 16.07.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 16.07.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय द्वितीय प्रतापगढ़
कम्प्यूटरीकृत वाद सं0 टी2021025702404
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन बैजनाथ वैश्य बनाम शंकर लाल आदि
बनाम
1. शंकर लाल 2. चिरंउजीलाल 3. कल्लू 4. गुड्डु 5. अनिल 6. बबलू सुतगण अमृतलाल 7. कमला देवी विधवा अमृत लाल नि0गण ग्राम सरायहरिनारायण पो0 मानधाता त0 सदर प्रतापगढ़ 8. राम नरेश सुत छोटेलाल नि0ग्रा0 भगवा तह0 सदर प्रतापगढ़ 9. अयोध्या सत मथुरा 10. गंगा प्रसाद सुत महराजीदीन 11. जगत प्रसाद सुत गंगादीन 12. अनरू लाल सुत बाबूलाल 13. मुरली देवी पत्नी बजरंगी 14. राम गोपाल सुत भोलानाथ 15. बजरंगी लाल सुत भोलानाथ समस्त निवासीगण ग्राम सराय हरिनारायण पो0 मानधाता तह0 सदर प्रतापगढ़
अं0धारा 116 उ0प्र0भू0राजस्व संहिता
तारीख पेशी 15.05.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 15.05.2024 को समय 07.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# लोकहित के लिए श्रीराम ने नर रूप में लिया था अवतार- महंत धर्मराज

## त्रिवेणी के तत्वावधान में किया गया वार्ता कार्यक्रम का आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** बालनाथ आश्रम के महंत धर्मराज महाराज ने कहा है कि सृष्टि के पालनकर्ता भगवान विष्णु ने पृथ्वी पर सुव्यवस्थित जीवन शैली की स्थापना के लिए ही त्रेतायुग में दशरथ पुत्र श्रीराम के रूप में अवतार लिया था। यह बातें उन्होंने अध्यात्म व संस्कृति को समर्पित संस्था 'त्रिवेणी' के तत्वावधान में आयोजित वार्ता कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में कही। उन्होंने कहा कि यद्यपि राम के पास ब्रह्मशक्ति थी और पल भर में जैसी व्यवस्था चाहते उसके अनुसार सब कुछ हो जाता किंतु ऐसी स्थिति में कर्म का सिद्धांत लुप्त हो जाता और आगे चलकर सिर्फ कामनाएं ही रह जाती और उद्यम तथा परिश्रम सब खत्म हो जाता, इसलिए उन्होंने मानव



रूप में अवतरित होकर पूरे समाज को उच्च मानव मूल्यों का संदेश अपने कृत्यों से किया। नगर के बरियाघाट स्थित सिटी लॉन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संत धर्मराज ने कहा कि अवतार लेना बहुत ही बोझिल एवं बड़ा दायित्व होता है और ऐसी स्थिति में स्वयं की आकांक्षाओं का हनन तथा लोक की भलाई पर ही अहर्निश काम करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इसे आम जीवन में इस रूप में देखा जा सकता है कि जो जितने बड़े दायित्वों से बंधा हुआ है, उसे उतना ही परिश्रम करना पड़ता है तथा स्वयं को समस्याओं की आग में तपाना भी पड़ता है।इसी क्रम में महाराज ने कहा कि त्यागपूर्ण जीवन जीने वाला स्वतः महान हो जाता है जबकि संग्रह में लगा व्यक्ति संकुचित हो जाता है। उत्तम जीवन के लिए श्रीराम के चरित्र का अहर्निश ध्यान और उनके द्वारा समय-समय पर दिए गए संदेशों का मनन किया जाए तो मानसिक क्लेश दूर होता है। व्याख्यान गोष्ठी की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार पांडेय ने की तथा श्रीराम के व्यक्तित्व तथा कृतित्व से संबंधित कविता भी सुनाई। महाराज को अंग वस्त्रम पूर्व डीजीसी आशुतोष अग्रवाल एवं राजेश मिश्र ने देकर सम्मानित किया। स्वागत करने वालों में आशीष बुधिया, मनोज शुक्ल तथा अन्य रहे। उक्त अवसर पर भजन की प्रस्तुति से विन्ध्यवासिनी केशरवानी ने वातावरण को पूरी तरह आध्यात्मिक बना दिया। कार्यक्रम का संचालन सलिल पांडेय ने किया।

### रजिस्ट्री कार्यालय में हुई चोरी के एक और आरोपी चोरी के लैपटोप के साथ गिरफ्तार

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध की रोकथाम के लिए अपराधियों की धरपकड के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकार नगर राजकमल के पर्वेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली कर्वी की पुलिस टीम द्वारा रजिस्ट्री कार्यालय में हुई चोरी एवं आगजनी के 01 और वांछित अभियुक्त को चोरी के लैपटोप के साथ गिरफ्तार किया गया ।कोतवाली कर्वी प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि बीती 23-24 जनवरी की रात्रि में धुस मैदान स्थित रजिस्ट्री कार्यालय में अज्ञात चोरों ने चोरी करके कार्यालय में आग लगा दी थी।

# प्रशस्ति पत्र वितरण के साथ नृत्य कार्यशाला का हुआ समापन

### रोटरी क्लब मीरजापुर की ओर से आयोजित डांस कार्यशाला के 100 बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित




**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** रोटरी क्लब मीरजापुर द्वारा टैलेंट हाउस डांस क्रू अकादमी के सहयोग से जरूरतमंद बच्चों को नृत्य कौशल में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए मीरजापुर वाइब शीर्षक 5 दिवसीय निःशुल्क नृत्य कार्यशाला का समापन लालडिग्गी स्थित रोटरी भवन में कार्यशाला में भाग लिए 100 बच्चों को प्रशस्ति पत्र वितरित कर किया गया।कार्यशाला का शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस पर किया गया था। समापन रोटरी क्लब मीरजापुर के अध्यक्ष रो0 आयुष कुमार सर्राफ के उद्बोधन से हुआ। सचिव गोकुल अग्रवाल, देवांश सिंघानियां एवं रतन सिंह द्वारा माँ विंध्यवासिनी के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण किया। प्रथम पूज्य श्रीगणेश जी की वंदना पर आधारित नृत्य के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। वक्ताओं ने कहाकि रोटरी क्लब मीरजापुर सदैव से सेवा भाव से कार्य करता आ रहा है और इसी भावना से जरूरतमंद बच्चों तक नृत्य का उचित प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए निःशुल्क कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त किये 100 बच्चों को प्रशस्ति प्रदान किया गया। अंतरराष्ट्रीय हास्य दिवस पर प्रशस्ति पत्र पाकर बच्चे खुश हो गए और उन्होंने यह संकल्प लिया कि वे नियमित रूप से नृत्य का अभ्यास करेंगे जिससे वे मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रह सकें। कार्यक्रम में टैलेंट हाउस डांस क्रू के संस्थापक शिवम गुप्ता एवं उनकी प्रशिक्षक टीम को भी सम्मानित किया गया।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
नं0 वाद सं0 2394/2022
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन श्रीमती संगीता बनाम राजेन्द्र प्रसाद
बनाम
राजेन्द्र प्रसाद आयु 48 साल पुत्र राम अजोर यादव निवासी ग्राम तारडीह पो0 उपाध्यायपुर पर0 तह0 सदर जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 09.09.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 09.09.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत्त अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 16 महोदय प्रतापगढ़
वाद सं0 640/2023
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन शैलेश कुमार शुक्ल बनाम सुशील कुमार सिंह आदि
बनाम
1. सुशील कुमार सिंह पुत्र स्व0 राजनारायण सिंह निवासी म0नं0 76 किफायल उल्ला रोड पर0 व तह0 सदर जनपद प्रतापगढ़ 2. अश्वनी कुमार सिंह पुत्र प्रद्युम्न बहादुर सिंह निवासी बाबागंज पार्क के सामने पर0 व तह0 सदर जनपद प्रतापगढ़
तारीख पेशी 10.07.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 10.07.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत्त अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2016 अनुक्रमांक 1942110 का अंकपत्र वास्तव में खो गया है।

अमन निषाद
पुत्र फूलचन्द्र निषाद
ग्राम व पोस्ट करेंटी, कुण्डा
प्रतापगढ़ उ0प्र0

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मैने अपना नाम राकेश कुमार छोटू से बदलकर राकेश कुमार रख लिया है । भविष्य में मुझे राकेश कुमार के नाम से जाना जाय ।

राकेश कुमार पुत्र झुरी लाल,
निवासी वार्ड नं 6 ,गाजी का पुरा,
धाता रोड ,
नगर पंचायत सिराथू, कौशांबी

# शिक्षकों ने की अग्निपीड़ित किसान की आर्थिक सहायता

**चित्रकूट:** शिक्षक समाज में ज्ञान अध्यापन के अलावा सामाजिक, नैतिक, मूल्यों, आदर्शों को समझते हैं और सदैव प्रयास करते हैं कि वह अपना उत्तरदायित्व निभाते हैं। इसके साथ समाज में जहां भी कहीं सहयोग की आवश्यकता होती है। शिक्षक सदैव बढ-चढकर हिस्सा लेते हैं। आज उसका उदाहरण है कि ग्राम पंचायत अतरसुई के खेरवा मजरे में किसान देवीचरण के घर में बीती 26 अप्रैल को आग लगने से पूरी गृहस्थी का सामान व लगभग चार लाख रुपए नष्ट हो गया, उसके घर में एक बेटी की शादी का आयोजन था। जिसके तहत 28 अप्रैल को बयाना करने जाना था। जिस लिए बैंक से निकला गया सब जलकर राख हो गया, उसके सहयोग के लिए खंड शिक्षा अधिकारी रामनगर एन पी सिंह, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय के आवाहन पर ब्लाक रामनगर के समस्त शिक्षकों ने उसे पीडित परिवार की सहायता के लिए बढ-चढ कर हिस्सा लिया। साथ ही सभी शिक्षक मिलकर पीडित परिवार के घर जाकर किसान और उसकी बेटी को 188000 रुपए नगद राशि प्रदान कर ढांढस बंधाया। इसके पूर्व सेवानिवृत्त शिक्षक रामलोटन पांडेय ने 10 हजार का चेक दिया और 1000 रुपये अवधेश ने दिया। इस प्रकार लगभग 2 लाख से अधिक की राशि सहयोग के रूप प्रदान की गई।

खंड शिक्षा अधिकारी एनपी सिंह ने कहा कि यह राशि बेटी के कन्यादान के रूप में सहयोग है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय ने कहा कि शिक्षक सामाजिक सहयोग में कभी पीछे नहीं रहा और शिक्षक की भूमिका सदैव आगे ही रही।

समाज को नई दिशा, नई प्रेरणा और उसके सदैव सहयोग के लिए शिक्षक तत्पर रहता है। शिक्षकों ने स्वप्रेरण से शैक्षिक सहयोग किया है। ब्लाक अध्यक्ष रामनगर शिवभूषण त्रिपाठी ने सभी साथियों को बधाई दी।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 16 महोदय प्रतापगढ़
म0मु0नं0 2404/21
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन मकबूल अहमद आदि बनाम मुबारक उल्ला आदि
बनाम
2. मो0 सिद्दीक 3. मो0 शब्बीर 4. वाहिद अली 5. रियाजुद्दीन 6. मो0 सईद सुतगण मुबारक उल्ला 7. इन्सान अली 8. इबरार अली 9. नियाज अली 10. इसतियाक अली 11. इन्साफअली सुतगण सिराजुद्दीन 18. तमजीद खान सुत अ0 कय्यूम 19. शमसुन्निशां वेवा अ0 कय्यूम समस्त निवासीगण ग्राम मदईपुर पर0 व तह0 सदर जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 04.07.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 04.07.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत्त अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 16 महोदय प्रतापगढ़
वाद सं0 2052/21
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन राम लखन आदि बनाम कलावती
बनाम
कलावती आयु 60 साल विधवा राम चन्द्र नि0 ग्राम रतनमई पर0 पट्टी तह0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 16.07.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 16.07.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत्त अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

### अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 2 आरोपियों के कब्जे से 30 क्वार्टर देशी व 37 लीटर कच्ची शराब बरामद की।

कोतवाली कर्वी के उप निरीक्षक राजीव कुमार सिंह तथा उनके हमराही द्वारा सुधीर निषाद निवासी डिलौरा को 19 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार भरतकूप थाना के उप निरीक्षक अजहर जमाल तथा उनके हमराही द्वारा ओमप्रकाश निवासी रौली कल्याणपुर को 18 लीटर कच्ची शराब व 30 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय द्वितीय प्रतापगढ़
कम्प्यूटरीकृत वाद सं0 टी2021025702404
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन बैजनाथ वैश्य बनाम शंकर लाल आदि
बनाम
1. शंकर लाल 2. चिरंउजीलाल 3. कल्लू 4. गुड्डू 5. अनिल 6. बबलू सुतगण अमृतलाल 7. कमला देवी विधवा अमृत लाल नि0गण ग्राम सरायहरिनारायण पो0 मानधाता त0 सदर प्रतापगढ़ 8. राम नरेश सुत छोटेलाल नि0ग्रा0 भगवा तह0 सदर प्रतापगढ़ 9. अयोध्या सत मथुरा 10. गंगा प्रसाद सुत महराजीदीन 11. जगत प्रसाद सुत गंगादीन 12. अनरू लाल सुत बाबूलाल 13. मुरली देवी पत्नी बजरंगी 14. राम गोपाल सुत भोलानाथ 15. बजरंगी लाल सुत भोलानाथ समस्त निवासीगण ग्राम सराय हरिनारायण पो0 मानधाता तह0 सदर प्रतापगढ़
अं0धारा 116 उ0प्र0भू0राजस्व संहिता
तारीख पेशी 15.05.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 15.05.2024 को समय 07.00 बजे स्वयं या मार्फत्त अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

# वैशाख मास अमावस्या मेला में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत शहर में भारी वाहनों का आवागमन रहेगा प्रतिबंधित

**चित्रकूट:** आगामी वैशाख मास अमावस्या मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत शहर क्षेत्र में 7 मई को प्रातः 5.30 बजे से 8 मई की रात्रि 9.30 बजे तक भारी एवं मध्यम मालवाहनों (आपातकालीन एवं आवश्यक वस्तुओं के वाहनों को छोडकर) का कर्वी नगर में प्रवेश एवं परिवहन, आवागमन पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगा।

यातायात प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि आगामी 8 मई के पश्चात आम जनमानस को सुगम व सुरक्षित यातायात उपलब्ध कराये जाने एवं दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कर्वी नगर में 9 मई से 30 दिवस तक या नवीन आदेश दिये जाने की तिथि, जो पूर्व हो, निम्नांकित विवरण के अनुसार भारी एवं मध्यम मालवाहनों (आपातकालीन एवं आवश्यक वस्तुओं के वाहनों को छोडकर) का कर्वी नगर में प्रवेश एवं परिवहन, आवागमन पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगा। जिसमें लोढवारा मोड, राजापुर मार्ग प्रातः 5:30 बजे से रात्रि 9:30 बजे तक, रेहुटिया (रेलवे क्रॉसिंग के पूर्व) प्रयागराज रोड, खोह (पुलिस लाईन तिराहा) मानिकपुर रोड प्रातः 5:30 बजे से रात्रि 10 बजे तक, शेषनपुरवा मोड सोनेपुर, सतना रोड प्रातः 5:30 बजे से रात्रि 10:30 बजे तक, बेडी पुलिया (मत्यगजेन्द्रनाथ धर्मकांटा) बांदा रोड प्रातः 5:30 बजे से रात्रि 11 बजे तक, निर्मोही अखाडा यूपी एमपी बार्डर से बेडी पुलिया तिराहा तक प्रातः 5:30 बजे से रात्रि 11 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही प्रातः 5:30 बजे नो इन्ट्री बैरियरों से प्रवेश किये हुए भारी माल वाहन प्रातः 6 बजे तक प्रत्येक दशा में नो इन्ट्री क्षेत्र से बाहर निकल जायेगें। निर्मोही अखाडा यूपी एमपी बार्डर से बेडी पुलिया तिराहा तक श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत नया नो इन्ट्री मार्ग घोषित किया गया है। नगर में वैवाहिक, धार्मिक, त्यौहार, जुलूस, झांकी, शोभा यात्रा, राजनैतिक कार्यक्रमों आदि के दृष्टिगत नो इन्ट्री के समय में परिवर्तन किये जाने पर परिवर्तन की सूचना नो इन्ट्री बैरियर पर ही दी जायेगी।

### खोये हुये मोबाइल को बरामद कर मोबाइल स्वामी के किया सुपुर्द

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि बीती 28 अप्रैल को अरुण कुमार पुत्र रामसजीवन निवासी ग्राम हरसबपुर घाटमपुर कानपुर नगर द्वारा अपने मोबाइल खो जाने के सम्बन्ध में सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत की थी।

# निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न कराने के लिए सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों को दिया गया प्रशिक्षण

**चित्रकूट:** जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द की उपस्थिति में सोमवार को विकास भवन के सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 को सकुशल, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण ढंग से एवं पारदर्शिता से संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार 236- चित्रकूट विधानसभा एवं 237- मानिकपुर विधानसभा के सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेटो का प्रशिक्षण संपन्न हुआ।




जिला निर्वाचन अधिकारी ने जोनल तथा सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि 20 मई को जनपद में मतदान संपन्न होगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एमपीएस एप, मतदान प्रतिशत संकलन एप जो लागू किया गया है, उसी के अनुसार मतदान प्रक्रिया की जानकारी एप के माध्यम से मोबाइल पर डाउनलोड करके दिया जाना है। उन्होंने कहा कि एआरओ द्वारा रजिस्ट्रेशन सेक्टर मजिस्ट्रेट का किया जाएगा।

साथ ही सेक्टर मजिस्ट्रेट पीठासीन अधिकारियों का रजिस्ट्रेशन करेंगे। इसको अच्छी तरह से आप लोग समझ ले ताकि मतदान के दिन कोई समस्या न हो।

आप लोग गंभीरता पूर्वक प्रशिक्षण लेकर निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराएंगे। उन्होंने कहा कि मतदान के एक दिन पूर्व जब पोलिंग पार्टियां रवाना होगी तो आप सभी बूथों का निरीक्षण करेंगे और व्यवस्थाओं को देखेंगे अगर कोई समस्या है तो तत्काल उसका निस्तारण कराएंगे।

उन्होंने कहा कि जो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन संपन्न कराने के लिए बुकलेट दी गई है, उसका अच्छी तरह से आप लोग अध्ययन करें ताकि मतदान के समय किसी भी प्रकार की समस्या न हो।

प्रशिक्षण में ईवीएम मशीन के संचालन, वैलेट यूनिट, वीवी पैट, कंट्रोल यूनिट, मशीनों का सीरियल नंबरों का मिलान करना, मत पत्र कृम, पोलिंग पार्टियों निर्धारित वाहनों से रवानगी, मशीनों की सीलिंग, मशीनों का रखरखाव, मांक पोल, वोटिंग कंपार्टमेंट, सीआरसी करना, वास्तविक मतदान प्रारंभ होने से पहले, वीवी पैट बैटरी बदलना, वीवी पैट बदलना, सीयू को पावर ऑफकरना, ग्रीन पेपर की सीलिंग, वास्तविक मतदान की सीलिंग, एबी सीलिंग, मतदाता पर्ची, क्लोज बटन दबाना, मतदान के दौरान विशेष परिस्थितियां, एएसडी मतदाता, चौलेंज वोट, टेंडर वोट, मतदाता द्वारा मत देने से इंकार करना, प्रांक्सी द्वारा मतदान, आयु के संबंध में आपत्ति, मतदाता द्वारा मतदान प्रक्रिया का उल्लंघन, दृष्टिबाधित एवं आसक्त मतदाताओं के संबंध में, पोस्टल बैलेट, पीवी, ईडीसी, पीठासीन अधिकारी की डायरी आदि विभिन्न बिंदुओं की जानकारी दी गई।

इस मौके पर पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, जिला विकास अधिकारी आर के त्रिपाठी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# प्राथमिक शिक्षक संघ ने शिक्षक समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



**चित्रकूट:** प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से अलग-अलग ब्लाकों में शिक्षक समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपे गए। इस दौरान आचार संहिता और धारा 144 का पालन करते हुए सम्बन्धित खण्ड शिक्षाधिकारियों को ज्ञापन सौंपे गए।

प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय ने खण्ड शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि शिक्षकों के नियमित वेतन भुगतान के लिए प्रत्येक दशा में प्रत्येक माह की 28 तारीख तक लेखाधिकारी कार्यालय मे वैरियेशन प्राप्त करवाएं, समय से वैरियेशन प्राप्त न होने के कारण यदि वेतन विलंब से आता है तो उसकी जिम्मेदारी आपकी होगी। कार्यालय सहायकों की नियुक्ति खण्ड शिक्षाधिकारी कार्यालय के लिए की गयी है,
इसलिए कार्यालय सहायकों के साथ विद्यालय निरीक्षण करना और कार्यालय सहायकों द्वारा शिक्षकों से सवाल-जवाब करना नियमविरुद्ध है। इसलिए कार्यालय सहायकों को साथ लेकर विद्यालय निरीक्षण न करें, यदि अपरिहार्य कारणों से साथ में रखना भी पडे तो कार्यालय सहायकों को स्पष्ट निर्देश दें कि वह निरीक्षण अवधि में विद्यालय से बाहर रहें तथा निरीक्षण में किसी प्रकार का सहयोग, हस्तक्षेप न करें। साथ ही कार्यालय सहायकों द्वारा सूचनाओं के बहाने शिक्षकों को फोन किया जाता है और उसी फोन वार्ता में लेनदेन की बातें भी होती हैं, जबकि सूचनाओं की जिम्मेदारी संकुल शिक्षकों की है। इसलिए कार्यालय सहायकों को निर्देशित करने का कष्ट करें कि कार्यालय सहायक सूचनाओं के लिए नोडल संकुल शिक्षक, संकुल शिक्षक से वार्ता करें और नोडल संकुल शिक्षक, संकुल शिक्षक अपने संकुल के शिक्षकों से फोन करके सूचनाओं का आदान-प्रदान करें। शिक्षकों द्वारा अवगत कराया जाता है कि खण्ड शिक्षाधिकारी कार्यालय में उनके प्रत्यावेदन शिकायत को रिसीव नहीं किया जाता है, जबकि महानिदेशक स्कूल शिक्षा द्वारा शिक्षकों की समस्या सम्बन्धित प्रत्यावेदन प्राप्त करके उनको जन सुनवाई पंजिका में दर्ज करने के स्पष्ट निर्देश दिये गये। कार्यालय सहायकों को शिक्षकों के प्रत्यावेदन रिसीव करने और उनको जन सुनवाई पंजिका मे दर्ज करने के लिए निर्देशित करने का कष्ट करें। वित्त नियंत्रक के आदेशानुसार शिक्षकों के अवशेष देयक के लिए किये गये आनलाइन आवेदन को तीन दिन मे फारवर्ड कराएं। अवकाश के लिए किये गये शिक्षकों के आनलाइन आवेदन को आवेदित अवकाश दिवस से पहले ही अप्रूव, रिजेक्ट करने का कष्ट करें, आनलाइन अवकाश आवेदन को समय से अप्रूव, रिजेक्ट न करने पर यदि शिक्षक अनुपस्थित होते हैं तो उसकी जिम्मेदारी आपकी होगी। शिक्षकों द्वारा अवगत कराया गया कि उनको शैक्षिक सत्र 2023-24 में सम्पन्न सेवारत शिक्षक प्रशिक्षणों के टीए/डीए का भुगतान नहीं किया गया है, अतः भुगतान कराएं।

इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष देव यादव, ब्लाक मंत्री मनीष शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी मतदाता करें मताधिकार का प्रयोग




**चित्रकूट:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मतदाता जागरण अभियान के तहत सोमवार को छात्र-छात्राओं के बीच में पत्रक वितरित किए। साथ ही आगामी 20 मई को होने वाले मतदान के प्रति जागरूक किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को सदर ब्लाक के नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण किया। उन्होंने बताया कि आगामी 20 मई को लोकसभा चुनाव के लिए बांदा-चित्रकूट संसदीय सीट में मतदान होना है। पांचवे चरण के लिए होने जा रहे इस मतदान में सभी मतदाताओं को अपने मतदाधिकार का प्रयोग करना चाहिए। विद्यार्थी परिषद द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 को लोकतंत्र के महापर्व के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में मतदाता जागरण अभियान के पत्रक मतदाताओं के बीच वितरित किए जा रहे हैं। जिला संगठन मंत्री रामजी ने कहा कि भारत लोकतांत्रिक राष्ट्र है। देश की समग्र उन्नति से विश्व कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। लोकतंत्र में निर्वाचन की प्रक्रिया से ही सत्ता स्थापित होती है और लोक के लिए कार्य करती है। लोकसभा चुनाव के रूप में अब यह लोकतांत्रित उत्सव का क्षण आ गया है और यह चुनाव भारतवर्ष की आगामी पांच वर्ष की दिशा तय करेगा। सभी लोग जानते हैं कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में हमारा मत की हमारी ताकत है और मतदान से ही हम अपने प्रतिनिधि का चयन करते हैं। ऐसे में सभी लोग सजगतापूर्वक इस लोकतंत्र के उत्सव में सहभागी बने। इस मौके पर प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य नीतेश त्रिपाठी, सत्या पाण्डेय, शिवम निषाद, रामपाल आदि मौजूद रहे।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# डीएम मैडम !बागदारी की सरकारी भूमि को कब मुक्त कराएगा प्रशासन?

## पिछले लम्बे अरसे से प्रशासनिक कार्रवाही की बाट जोह रहा बागदारी का मामला

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** कहने को तो प्रदेश में ईमानदार व कर्मठ कार्यशैली वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार है,कहा जाता है कि इस सरकार में अपराधियों,भृष्टाचारियों तथा भूमाफियाओं पर भरपूर नकेल कसी जा रही है परन्तु रायबरेली जनपद में पूर्व की सरकार में सरकारी मिल्कियत वाली बागदारी की भूमि में हुए कूटरचित बैनामा व दाखिल खारिज को निरस्त कराने तथा दाखिल खारिज में अहम भूमिका निभाने वाले अधिकारियों पर कार्रवाही करने के बजाय जिला प्रशासन के अधिकारी मामले से पल्ला झाड़ते नजर आ रहे हैं।

पिछले लम्बे अरसे से समाचार पत्रों की सुर्खियाँ बटोरने वाला यह मामला लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे शहर के बीच स्थित प्रगतिपुरम के सामने का है जो कि राजस्व अभिलेखों में ग्राम अख्तियारपुर नजूल के नाम से दर्ज है। गौरतलब है कि उपरोक्त भूमि बतौर खतौनी ''मिल्कियत हुकूमत सूबेजाती खंड खेवट खाता संख्या 01,कैसरहिंद बहादुर लम्बरदार जेरे इंतेजाम जिलाधीश''दर्ज है। भू राजस्व के विधिक जानकारों के मुताबिक उपरोक्त भूमि राज्य सरकार की मिल्कियत



वाली सरकारी खेवट खाते की ऐसी भूमि है जिसे बागदारों को आवंटित की गयी थी जिसका प्रबंध तंत्र जिलाधिकारी के हाथ में होता है,परन्तु जिले के एक चर्चित कारोबारी ने उपरोक्त भूमि को बागदारों से बाकायदा अपने परिजन के नाम बैनामा करवा कर तत्कालीन तहसील अधिकारियों से गठजोड़ कर के उसका दाखिल खारिज भी करवा लिया था।

### हरी भरी बाग को उजाड़ कर की गयी अवैध प्लाटिंग में हो चुका है निर्माण कार्य!

बताते चलें कि उपरोक्त भूमि को दाखिल खारिज करवाने के बाद खरीददार ने उस भूमि पर मौजूद आम आदि के फलदार दर्जनों वृक्षों को उजाड़ कर वहाँ प्लाटिंग करवा कर कई प्लॉट भी बेच डाले थे तथा उन प्लाटों में इमारतों का निर्माण कार्य भी शुरू हो चुका था परन्तु मामला जब समाचारपत्रों की सुर्खियाँ बनने लगा था तब तत्कालीन जिलाधिकारी के निर्देश पर तत्कालीन एसडीएम ने मौके पर जा कर निर्माण कार्य रोकवा दिया था,तभी से वहाँ बिलकुल सन्नाटा पसरा रहता था,परन्तु अब मामला ठंडा होने के बाद बीच-बीच में वहाँ निर्माण कार्य शुरू हो जाता है,वहीं जिले के जिम्मेदार अधिकारी मौन धारण किये बैठे हैं।

### ...बाप बड़ा ना भैया सबसे बड़ा रुपय्या!

जी हाँ !सरकारी बागदारी की भूमि के बैनामे व दाखिल खारिज के मामले में जहाँ लगातार खबरें प्रकाशित होती रहीं हैं वहीं जिलाधिकारी तक के हाथ में शिकायतीपत्र दिया गया था जिसमें पूर्व में तैनात रहीं जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने पूर्व में तैनात रहे एसडीएम से मामले की जाँच करवाई थी जाँच के बाद एसडीएम ने मौखिक रूप से यह भी स्वीकार किया था कि वाकई में इस भूमि का बैनामा व दाखिल खारिज नही हो सकता है लेकिन तत्कालीन अधिकारियों ने ये कारनामा करके वाकई बड़ा दुरूसाहसिक कदम उठाया था,इतना सब समझ आने के बाद भी एसडीएम ने अपनी जाँच रिपोर्ट में लिख दिया था कि न्यायालय के द्वारा इस मामले का निस्तारण होगा। अब हैरत की बात यह है कि अभी तक सरकार की मिल्कियत की भूमि को मुक्त कराने के लिए जिला प्रशासन की तरफ से वाद तक दाखिल नही किया गया है। लोगों के बीच तो यहाँ तक चर्चा है कि उक्त भूमि का खरीददार धन बल में कम नही है इसी लिए शुरू शुरू में हर अधिकारी मामले में तेजी दिखाता है परन्तु उसके बाद मामले को ठंडे बस्ते में डाल कर मामले को भूल जाता है। अब जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अगुवाई में मामले का निस्तारण होता है अथवा मामला यूँ ही दबा रहेगा फिलहाल यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

# बालिका सशक्तिकरण अभियान हेतु बेसलाइन सर्वे का हुआ आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** बालिका सशक्तिकरण अभियान की प्रतिभागी बालिकाओं के अकादमिक ज्ञान के स्तर को मापने के उद्देश्य से एनटीपीसी ऊंचाहार में बेसलाईन सर्वे का आयोजन किया गया। इस सर्वे में आसपास के गांवों के विद्यालयों की 61 अभ्यर्थी बालिकाओं ने भाग लिया और हिंदी, इंग्लिश, गणित व सामाजिक विज्ञान सहित कम्प्यूटर व पर्यावरण संरक्षण आदि विषयों पर आधारित विभिन्न प्रश्नों का बेबाकी से उत्तर दिया। इस सर्वे का उद्देश्य इस वर्ष आयोजित होने वाली बालिका सशक्तिकरण अभियान कार्यशाला हेतु बालिकाओं के ज्ञान के स्तर को मापते हुए तत्संबंधी एक माह हेतु कौशल विकास का विषयवस्तु तैयार करना है। परियोजना की मानव संसाधन प्रमुख रूमा दे शर्मा ने प्रतिभागी बालिकाओं से संवाद करते हुए कहा कि किसी भी बालिका में आगे बढ़ने की असीम संभावनाएं होती हैं। एनटीपीसी के द्वारा यह मंच आप सबको उपलब्ध कराकर उस छिपी हुई प्रतिभा को निखारने तथा आप सभी का भविष्य संवारने की भावना से एनटीपीसी कार्य कर रही हैं, आप सभी बालिकाएं इस कार्यशाला का भरपूर लाभ उठाएं। इस अवसर पर उपमहाप्रबंधक (मानव संसाधन) डॉ. दिशा अवस्थी, प्रबंधक (नैगम सामाजिक दायित्व) स्नेहा त्रिपाठी सहित सीएसआर व एचआर के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।उल्लेखनीय है कि बालिका सशक्तिकरण अभियान की इस वर्ष की कार्यशाला 14 मई से आरम्भ होगी, जिसमें आसपास के गांवों की लगभग 120 बच्चियां भाग लेंगी। प्रतिभाग करने वाली इन सभी बच्चियों को एक माह का आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिसमें उन्हें शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ कौशल विकास प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इस कार्यशाला के दौरान बच्चियों को कम्प्यूटर साक्षरता, आर्ट एंड क्राफ्ट, गीत-संगीत, ड्राइंग-पेंटिंग के अलावा लाइफ स्किल्स आदि का भी प्रशिक्षण दिया जाता है। नन्हीं बच्चियों के लिए ये कार्यशाला उत्साह का विषय बनी रहती है। एक माह इस कार्यशाला में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद बच्चियां कार्यशाला छोड़कर जाना नहीं चाहती हैं।

# पत्रकार पर प्राण घातक हमला कर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले तीन दिन बाद भी बदमाश पुलिस की चंगुल से दूर

## मुख्य आरोपी को भेजा जेल, फरार बदमाशों को पकड़ने में फेल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** शहर के बीचोंबीच दिनदहाड़े पत्रकार पर प्राण घातक हमला कर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले मुख्य शातिर बदमाश को शहर कोतवाली पुलिस ने भले ही वारदात में प्रयुक्त किया गया पत्थर व लूटे गए रुपए बरामद कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हो लेकिन अभी तक अज्ञात बदमाश पुलिस की पकड़ से दूर है जो पुनः वारदात को अंजाम दे सकते हैं।

दरअसल जेल भेजा गया अभियुक्त शातिर बदमाश बताया जाता है जिसके खिलाफ पूर्व से कई आपराधिक मुकदमें दर्ज है यही नहीं सूत्रों की माने तो वारदात में शामिल फरार इसके साथी भी बदमाश किस्म के है जिन्हें अभी तक पुलिस नहीं ढूंढ पाई है। रस्सी को सांप बनाने वाली पुलिस को दिनदहाड़े खुलेआम हूई इस वारदात से कोई सीख नहीं मिल रही है वह अपनी मस्ती की चाल चल रही है। शहर पुलिस की इस लचर कार्यशैली से पत्रकारों में आक्रोश है विदित हो कि पत्रकार सुशील सिंह पर तीन दिन पूर्व नामांकन के बाद खबर कवरेज कर घर जाते समय कुछ बेखौफ बदमाशों ने स्कूटी रोककर पत्थर से हमला कर नगदी व चौन लूट ली थी। शहर के बीचों बीच भीड़भाड़ इलाके में आचार संहिता लागू के बावजूद घटी इस घटना ने पुलिस कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर दिया है।

जिस तरह से बदमाशों ने पत्रकार के सर पर ताबड़तोड़ पत्थर से प्रहार कर वारदात को अंजाम दिया है जबकि घटना के दिन शहर के कोने-कोने में पुलिस के जवान तैनात रहे

> जिस तरह से दिनदहाड़े भीड़ भाड़ इलाके में बदमाशों द्वारा पत्रकार पर प्राण घातक हमला किया गय है नामांकन का दिन था चप्पे चप्पे पर पुलिस की मौजूदगी थी। इससे साफ है कि बदमाशों को पुलिस का खौफ नहीं रह गया है। फरार अज्ञात बदमाशों को पुलिस तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेजें।
>
> **अजीत सिंह, अध्यक्ष रायबरेली मीडिया क्लब**

ऐसी स्थिति में सवाल उठता है कि शहर में बदमाश बेखौफ हैं। सबसे बडी विडंबना तो यह है कि समाज के चौथे स्तंभ पर दिन दहाड़े प्राण घातक हमला हुआ और रोज गुड वर्क छपवाने वाली पुलिस के अधिकारी जिला अस्पताल तक पहुंचना मुनासिब नहीं समझा जो निंदनीय है।

# आज आयोजित होगा भाजपा का महिला मोर्चा सम्मलेन

**रायबरेली।** होटल प्लीजेंटविव निकट मनिका सिनेमा रोड रायबरेली में दोपहर 3 बजे आयोजित होगा ÷महिला मोर्चा सम्मलेन÷ कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला व प्रदेश कार्यसमित सदस्य नीलम त्रिवेदी मौजूद रहेंगी। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सुधा अवस्थी ने बताया कि कार्यक्रम में लो.स. क्षेत्र 36 की सभी महिला मोर्चा की पदाधिकारी कार्यकर्त्ता मौजूद रहेंगी। जिससे लो.सभा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के समर्थन में अपने अपने क्षेत्र में रहकर घर घर जनसंपर्क,पार्टी के कार्यो को सेक्टर.बूथ,मंडल,व विधान सभा स्तर पर अपनी अहम् भूमिका निभाएंगी। जिलाध्यक्ष बुद्धी लाल पासी ने बताया की चुनाव में रहेगी महिला मोर्चा की अहम् भूमिका घर घर जनसंपर्क कर ÷मोदी की गारंटी÷ केंद्र और राज्य की योजनाओ को जनता के बीच रखकर चुनाव में निभाएगी अपनी अहम् भूमिका।

# मेधावियों का सम्मान समारोह आयोजित

## प्रदेश में परचम लहराने वाली छात्रा को किया पुरुस्कृत



**रायबरेली।** सिद्धार्थ ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल बेलाखारा में बोर्ड परीक्षा 2024 के घोषित परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। राही विकासखंड के बेलाखारा स्थित सिद्धार्थ ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए संस्थापक दयाशंकर मौर्य, प्रबंधक भुवनेश्वर मौर्य एवं प्रधानाचार्य अनिल यादव ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन किया। इस अवसर पर विद्यालय द्वारा इंटरमीडिएट की परीक्षा में प्रदेश में 9वां स्थान एवं जिले में तीसरा स्थान हासिल करने वाली मेधावी छात्र पलक यादव को इलेक्ट्रिक स्कूटी एवं हाईस्कूल परीक्षा में जिले में आठवां स्थान हासिल करने वाली छात्रा रमा कुमारी को रेंजर साइकिल देकर पुरस्कृत किया। विद्यालय में 80 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी मेधावी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख राही धर्मेंद्र यादव ने कहा कि सिद्धार्थ ज्ञानोदय इंटर कॉलेज लगातार शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है मुझे खुशी है कि मेरे क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में स्थित यह विद्यालय प्रदेश स्तर में अपना परचम लहरा रहा है। इस अवसर पर पद्मश्री से सम्मानित अंतरराष्ट्रीय एथलीट रायबरेली एक्सप्रेस के नाम से विख्यात सुधा सिंह ने कहा कि मेहनत का कोई तोड़ नहीं होता है और असफलताओं से जो व्यक्ति सीखता है उसे सफलता पाने से कोई नहीं रोक सकता। रेल कोच फैक्ट्री के मुख्य अभियंता एल बी सिंह मौर्य ने कहा कि विद्यालय के अध्यापकों एवं प्रबंधन तंत्र के निर्देशन में छात्र उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। इस अवसर पर विद्यालय के उत्कृष्ट छात्र, स्टाफ व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# अतुल सिंह ने कांग्रेस पार्टी का गारंटी कार्ड किया वितरित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** विधानसभा ऊंचाहार के भागीपुर,मिंयापुर,जमुनापुर,भकउवापुर आदि गांवों में चौपाल व जनसम्पर्क कर कांग्रेस के प्रदेश सचिव एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अतुल सिंह ने कांग्रेस पार्टी का गारंटी कार्ड वितरित किया।इस अवसर पर श्री सिंह ने सभी से रायबरेली लोकसभा से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी को समर्थन देने के लिए अपील की एवं कहा कि हम सब रायबरेली से प्रधानमंत्री चुनने जा रहे हैं।कांग्रेस सरकार बनते ही रायबरेली सहित पूरे देश का विकास कराया जाएगा।रायबरेली में राहुल गांधी को



अपार जनसमर्थन मिल रहा है।श्री सिंह ने कहा कि राहुल गांधी देश के लोकतंत्र के लिए संघर्ष कर रहे हैं,देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए हम सबको राहुल गाँधी का साथ देना होगा।श्री सिंह ने कहा हम सबकी नेता श्रीमती प्रियंका गाँधी लगातार रायबरेली के विकास की चिन्ता करती रहती हैं।इस अवसर पर प्रमुख रूप से कांग्रेस नेता शैलेन्द्र सिंह, रामदत्त पाण्डेय, उमेश मिश्रा, गब्बर सिंह, करन बहादुर सिंह, गोलू अग्रहरि, अर्जुन गुप्ता, भानु प्रताप सिंह, भोलेन्द्र शुक्ला ,सुरजीत सिंह, अजीत पाल, विमलेन्द्र कुमार ,कप्तान सिंह, रामकिशुन यादव, बबलू पटेल,राम बहादुर यादव,राकेश सरोज,राम मिलन यादव,प्रमोद यादव, दिनेश सिंह,अमरनाथ पटेल,विपिन पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

# पीठासीन सहित मतदान कार्मिकों का द्वितीय आयोजित प्रशिक्षण की तिथियां निर्धारित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए मतदान कार्य में लगाए गए माइक्रो ऑब्जर्वर एवं पीठासीन तथा मतदान कार्मिकों को निर्वाचन सम्बन्धी सैद्वान्तिक एवं ई0वी0एम0 व वी0वी0 पैट का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिये जाने हेतु निर्देश दिये गये है कि निर्वाचन को निष्पक्ष, निर्भीक, सकुशल सम्पन्न कराने के लिए समस्त चुनावी गतिविधियों का संचालन विधिवत समझ के साथ ही मतदान कार्मिको/माइक्रो आब्जर्वर को प्रशिक्षण दिलाना जरूरी है। मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने बताया है कि माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण फिरोज गांधी महाविद्यालय रायबरेली के ऑडिटोरियम में 09 मई 2024 को दो पालियों में प्रथम पाली में प्रातः 11:00 बजे से अपरान्ह 01:00 बजे तक द्वितीय पार्टी अपरान्ह 02:30 बजे से 04:30 बजे तक ईवीएम एवं वीवीपैट का बेहतर तरीके से सम्पन्न कराया जायेगा। इसी प्रकार पीठासीन तथा मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण फिरोज गांधी महाविद्यालय रायबरेली के निर्धारित कक्षों में 10 मई से 15 अप्रैल 2024 तक दो पालियों में प्रथम पाली 10:00 से 01:00 बजे तक द्वितीय पाली 02:00 बजे से 05:00 बजे तक ईवीएम एवं वीवीपैट का प्रशिक्षण दिया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी से कहा कि माइक्रो आब्जर्वर एवं पीठासीन सहित मतदान कार्मिकों का द्वितीय आयोजित प्रशिक्षण हेतु फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज रायबरेली के निर्धारित सभी कक्षों, ऑडिटोरियम सहित बरामदा, अन्य कक्षों की समुचित साफ-सफाई, फॉगिंग, समुचित प्रकाश व्यवस्था, लाउडस्पीकर, डैस व्यवस्था, पीने हेतु स्वच्छ ठंडा पेयजल, गिलास मेज, कुर्सी व अन्य आवश्यक प्रशिक्षण सामग्री/स्टेशनरी की व्यवस्था निर्धारित प्रशिक्षण तिथि के एक दिन पूर्व प्रशिक्षण स्थल पर कराना सुनिश्चित करायें।

# हरीपुर और मुबारकपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं की हुई बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** सरेनी विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने हरीपुर और मुबारकपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर रायबरेली संसदीय क्षेत्र जीतना बीजेपी के लिए बहुत ही आवश्यक है। रायबरेली से भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को प्रत्याशी बनाया है। भाजपा प्रत्याशी हम सब के दुख दर्द में शामिल रहते हैं। स्थानीय प्रत्याशी हैं। जनपद में उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों के चलते जनता ने भी उन्हें वोट देने का मन बना लिया है। भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने जहां भारत में 400 पार का लक्ष्य दिया है वही उत्तर प्रदेश में भी 80 में 80 सीट जीतने का लक्ष्य बना रखा है।यह तभी पूरा होगा जब रायबरेली सीट भी हम जीतेंगे। कांग्रेस ने अमेठी से हारे हुए प्रत्याशी को अबकी बार रायबरेली में उतारा है। कार्यकर्ताओं को एकजुटता के साथ कांग्रेस के प्रत्याशी को रायबरेली से भी हराने की जरूरत है। भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा चालू की गई गरीब कल्याण योजनाओं की बदौलत आज गांव गरीब का भरपूर विकास हुआ है। प्रत्येक परिवार में मोदी की योजना देखी जा सकती है।सभी लोग लाभान्वित हुए हैं। बिना किसी भेदभाव के आज मोदी सरकार लोगों को किसान सम्मान निधि, उज्जवला गैस, प्रधानमंत्री आवास, फ्री राशन जैसी तमाम सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर संपर्क करने की योजना बनाकर नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री और रायबरेली सीट जीतने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अविनाश सिंह, चंद्रकांत मिश्रा, राहुल सिंह ,दिलीप सिंह, इंद्र बहादुर,राम अजोर, राम जगत सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# परमात्मा की महिमा को जानने वाले के जीवन में होती है परम आनंद की अनुभूति



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** जिसने अपने जीवन में निशिद्ध कर्म स्पर्श कर लिए हैं उसी के जीवन में मृत्यु व हानि के असंख्य भय होते हैं, जिन्होंने भगवत धर्म का स्पर्श कर लिया है उनके जीवन में नित्य नूतन आनदं रहते हैं।यह बात गुनागरखेड़ा मजरे बहरामपुर गांव मे चल रही श्रीमद् भागवतकथा के पांचवे दिन स्वामी स्वात्मानंद महाराज ने कही। उन्होंने कहा कि संसार को सुखी करने वाले बालक के रूप में भगवान कृष्ण ने जन्म लिया तो देवता भी पुष्प वर्षा करने लगे।सम्पूर्ण संसार ने अपने देवभाव के साथ गोकुल में निवास कर लिया। गो शब्द गाय के साथ इंद्रियो का वाचक है इसलिए जहां इंद्रियों का समूह रहता है वह भी गोकुल है।इस प्रकार से हमारा शरीर गोकुल है। जिसमें यशोदा मां बुद्धि के रूप में हैं जो यश देने वाली हैं।यश सही कार्य करने वालों को ही मिलता है।दैवीय सम्पदा युक्ति बुद्धि ही यशोदा है। यदि यह द्रष्टि आ जाए तो जीवन में परिवर्तन आ जाएगा।साधुता का कभी अभाव नही होता केवल दृष्टि का अभाव होता है। जिस दिन सम्पूर्ण मानव समाज एक दूसरे को परम पवित्र देख लेगा उसी समय महारास का अवतरण प्रकट होगा।लोगों को ईश्वर की महिमा का बोध नही होता। जिसने थोड़ा भी भगवान की महिमा को जान लिया उसी के जीवन में परम आनंद है।ईश्वर प्राकट्य के बाद ही दुष्टता व पाप का क्षय होता है। जो भगवतकथा सुनते व सुनाते रहते हैं उनके आचरण भी दिव्य हो जाते हैं। उनके जीवन में भी दिव्यता आ जाती है। इस मौके पर शिव सागर अग्निहोत्री, राजकुमारी अग्निहोत्री, गंगासागर,जयलक्ष्मी, शैलेश, बिमलेश अग्निहोत्री, राहुल, रोहित, बृजेश सिंह, पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडेय,कार्तिकेय शंकर वाजपेयी, शानू वाजपेयी, रविनंदन सिंह चौहान, काकू सिंह, संजय बजाज, पूर्व प्रधान संजय सिंह, प्रधान दुक्खीलाल, सुनील सिंह, शिव विजय सिंह,राम प्रकाश त्रिपाठी,शोभनाथ अवस्थी, रचना, अंकिता, माधुरी, सौम्या, शुभी आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# 20 मई मतदान दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषितः डीईओ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन के निर्देशानुसार जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने 36-रायबरेली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र एवं 37-अमेठी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में समाविष्ट 181-सलोन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 20 मई 2024 (सोमवार) को पंचम चरण में होने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु मतदान दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। उन्होंने कहा है कि यह अवकाश 14 निगोशिएबुल इन्स्ट्रूमेंट एक्ट 1881 (1881 एक्ट संख्या-26) के अन्तर्गत आता है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 में किसी भी प्रकार भी व्यवसाय, व्यापार, औद्योगिक प्रतिष्ठान तथा ऐसे अन्य प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों को मताधिकार का प्रयोग किये जाने के उद्देश्य से मतदान दिवस को सार्वजनिक घोषित करने का प्राविधान है।जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा पंचम चरण के अन्तर्गत 36-रायबरेली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र एवं 37-अमेठी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में समाविष्ट 181-सलोन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में दिनांक 20 मई, 2024 (सोमवार) को कारखानों में कार्यरत कर्मचारियों को मताधिकार का प्रयोग किये जाने के उद्देश्य से मतदान दिवस को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 (ख) में निहित प्राविधानानुसार अविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को उपयुक्त अवसर प्रदान करने तथा अनविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में मतदान दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है।

# सनातन राष्ट्र के लिए भाजपा को समर्थन-रुचि तिवारी

### शिवसेना की प्रदेश सचिव ने भाजपा नेत्री को दिया आश्वासन
### कहा, पार्टी शीर्ष नेतृत्व ने प्रदेश में भाजपा समर्थन को दी हरी झंडी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी की जीत के लिए क्षेत्र में सक्रिय श्री त्रिपाठी की पत्नी एवं पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री कविता त्रिपाठी एनडीए घटक दलों को सक्रिय करने में जुटी हैं।उन्होने शिवसेना शिंदे गुट की प्रदेश सचिव श्रीमती रुचि तिवारी से मिलकर टीम को चुनाव में सक्रिय करने का आग्रह किया है।श्रीमती रुचि तिवारी ने कहा हिन्दू हित व सनातन रक्षा के लिए पूरे मनोयोग से भाजपा के साथ हैं।शिवसेना की प्रदेश सचिव रुचि अभिषेक तिवारी ने भाजपा नेत्री कविता त्रिपाठी से मिलने के साथ उन्हें जीत की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि हम एनडीए के घटक दल हैं।लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने पहले ही हरी झंडी देते हुए प्रत्येक प्रदेश इकाई को भाजपा समर्थन के लिए निर्देश जारी किए गए हैं।चुनावी समर्थन व सक्रियता के लिए शिव सेना प्रदेश संगठन की टीम भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी से मिलकर स्पष्ट किया है कि हम लोग प्रत्येक क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशियों को जिताने का काम करेंगे। श्रीमती तिवारी ने मुलाकात के दौरान आश्वस्त किया है कि पूरी टीम चुनाव में सक्रियता से लगी हुई है।श्रीमती रुचि तिवारी मेजा क्षेत्र के जेवनियाँ से पँचायत की राजनीति से अपना सफर शुरू किया है।

बतौर प्रधान उंन्होने मुसहर उत्थान की अलख जगाकर प्रदेश स्तर पर नजीर कायम की।प्रशासनिक टीम ने इसे जेवनियाँ मॉडल के रूप में पेश किया।अपने प्रयास की कामयाबी से उत्साहित श्रीमती रुचि तिवारी अधिवक्ता पति अभिषेक तिवारी के सहयोग से साल दर साल विकास,जन सेवा,समाज सेवा के क्षेत्र में चर्चा में छा गयी । देश के अलौकिक संत स्वामी रामभद्राचार्य के कथा आयोजन में सक्रियता से वह जनपद में चर्चित महिलाओं में शुमार हो गयी।उनके जन प्रयासों को सराहा और कई मंचो से पुरस्कृत किया गया।सनातन राष्ट्र व हिन्दू हित के लिए वह जय भवानी के उद्घोष के साथ शिवसेना में सक्रिय हैं।

## श्यामलाल पाल को मिली प्रदेश की कमान, हुआ प्रतापपुर का नाम रोशन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**हंडिया।** हंडिया तहसील के विधानसभा प्रतापपुर क्षेत्र के मोहीउद्दीनपुर गांव निवासी शिक्षक श्यामलाल पाल को सपा मुखिया अखिलेश यादव ने प्रदेश की कमान सौपी है। प्रदेश की कमान सौपें जाने पर क्षेत्र वासियों में खुशी की लहर। गौरवान्वित खबर सुनकर उनके चाहने वालों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। श्यामलाल पाल विधानसभा प्रतापपुर से कई बार अपना दल से विधानसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं। मिलनसार स्वभाव के श्रीपाल को अच्छे मत भी मिले थे। उसके बाद उन्होंने सपा का दामन थाम लिया। फल स्वरुप पार्टी हित में उनके कार्यों को देखते हुए सपा मुखिया ने उन्हें प्रदेश की कमान सौंप दी।

# पत्नी कुदी कुएं में देख पति भी कूद गया, दोनों की हो गई मौत

### 0 मृतक पति पत्नी की सात बेटियों का रो-रो कर हो गया है बुरा हाल
### 0 आखिर सातों बेटियों का कैसे होगा गुजारा



**लोकमित्र ब्यूरो**
**हंडिया।** हंडिया थाना क्षेत्र दुलापुर गांव में बीती रात घरेलू कलह की वजह हुए विवाद में पति-पत्नी ने कुएं में कूदकर जान दे दिया द्य दुर्घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर घटनास्थल पर भारी संख्या में ग्रामीणों की भिड़ जमा हो गई द्य सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया द्य मिली जानकारी के अनुसार दुलापुर गांव निवासी लवकुश विश्वकर्मा 32 पुत्र सोहनलाल और उसकी पत्नी पिंकी पुत्र 30 वर्ष मामूली विवाद को लेकर रविवार की रात पति- पत्नी में आपसी विवाद के कारण पत्नी ने घर के बाहर एक कुएं में छलांग लगा दी। जिसे बचाने के लिए उसके पीछे गया उसका पति भी कुएं में कूद गया ।

जिससे दोनो की मौत हो गई द्य दुर्घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और ग्रामीणों की भिड़ जमा हो गई द्य सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया द्य मृतक लव कुश दो भाई में सबसे बड़ा है जिसकी शादी 15 वर्ष पहले हुई थी और उनको सात बेटियां हैं द्य पति-पत्नी के मौत के बाद से परिजनों के साथ-साथ बच्चो का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है द्य पति पत्नी की मामूली बात को लेकर हुए विवाद में मौत से सात बेटियों के सिर से माता-पिता का साया उठ गया है। आखिर उनकी शादी और पढ़ाई लिखाई गुजर बसर कैसे होगा। माता-पिता की गुस्से से उठाया गया कदम साथ-साथ जिंदगियां तबाह कर दी।

# अण्डरपास बनाए जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने रोकवाया काम



**लोकमित्र ब्यूरो**
**हनुमानगंज।** फूलपुर तहसील से संबंधित सरायइनायत थाना क्षेत्र से जुड़े बरियारी, अमरसापुर, भोजपुर सहित आधा दर्जन गांवों से होकर जा रही रिंग रोड के बीच अण्डरपास बनाये जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने निर्माण कार्य बंद करा दिया। अपनी मांग को लेकर अक्रोशित ग्रामीण धरने पर बैठ गयें। सूचना पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी और रिंग रोड निर्माण में लगे कार्यदाई संस्था के अधिकारी मौके पर जा पहुंचे।बताते चले वर्ष 2025 में लगने वाले महाकुम्भ के दौरान शहर को जाम से निजात दिलाने के लिये शहर के चारों तरफ बनायी जा रही रिंग रोड के बीच से अण्डरपास दिये जाने की मांग करते हुये बरियारी,अमरसापुर व भोजपुर सहित आधा दर्जन गाँव के ग्रामीणों ने जिला पंचायत सदस्य की अगुवाई में रिंग रोड निर्माण कार्य बंद कराते हुये धरना प्रदर्शन करने लगे। सूचना पाकर मौके पर भारी पुलिस बल के साथ रिंग रोड निर्माण में लगे अधिकारी व एसडीएम फूलपुर तपन कुमार मिश्रा भी मौके पर पहुँच गये। ग्रामीणों की समस्या से अवगत होकर एसडीएम फूलपुर ने अण्डरपास बनाये जाने के लिये रिंग रोड निर्माण में लगे अधिकारियों को सलाह दी जिस पर उन लोगों ने निर्माण समिति से प्रस्ताव पास हो जाने की बात कही। एसडीएम फूलपुर ने दस दिन में समस्या से निजात दिलाने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया।

थाना प्रभारी पंकज कुमार राय ने ग्रामीणों को हिदायत दी कि चुनाव को लेकर धारा 144 लगी है ऐसे में यदि इस तरह का जाम लगाया जाता हैं तो जाम लगाने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

## 87.75प्रतिशत अंक पा कर वागिशा ने समाज का नाम रौशन



**प्रयागराज।** आईसीएससी बोर्ड के दसवीं के नतीजे घोषित होते ही छात्र - छात्राएं खुशी से झुम उठे। वहीं प्रयागराज आईपीएम इंटरनेशनल स्कूल की बारहवीं छात्रा वागीशा केसरवानी ने 12 वीं बोर्ड में 87.75 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल के साथ ही समाज का भी नाम रौशन किया है।बेहद ही साधारण परिवार में जन्मी वागिशा के पिता कृष्णा केसरवानी पेशे से व्यापारी है, वह राजापुर व्यापार मंडल के महामंत्री भी है। व्यापार व समाजसेवा के साथ ही अपने बच्चों के साथ समय व्यतीत कर उनकी पढ़ाई व करियर को लेकर काफी सक्रिय भूमिका निभाते है । वहीं वागिशा ने बताया कि वह करियर में आगे चलकर चार्टेड अकाउंट ( सीए ) बनाना चाहती है लेकिन अगर मौका मिला तो वह प्रशासनिक सेवा में जाकर देश की सेवा भी करना चाहती है उन्हें दार्शनिक स्थानों पर घूमना पसंद है। उनके इस सफलता से परिवार में खुशी का माहौल है।

# सब्ज बाग दिखाने वालों को जनता जवाब दे-उज्ज्वल

### जन अधिकार पार्टी के प्रदेश महासचिव ने कहा हम बड़ी जीत करेंगे दर्ज
### जन अधिकार पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न



**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** लोकसभा चुनाव में इंडी गठबन्धन के घटक दलों ने प्रचार अभियान में पूरी ताकत झोंक दी है। इलाहाबाद के कॉग्रेस प्रत्याशी उज्ज्वल रमण सिंह के समर्थन में सपा की सक्रियता के साथ जन अधिकार पार्टी की टीम ने मोर्चा संभाल लिया है।जन अधिकार पार्टी के प्रदेश महा सचिव बबलू कुशवाहा ने कहा कि गठबन्धन के प्रत्याशी को हमने परखा है।जरूरत है, एकजुट हो कर सब्जबाग दिखाने वाली भाजपा को सबक सिखाने की। इलाहाबाद कोई चारागाह नही जहाँ रोज नए प्रयोग किए जाँय।इंडी गठबन्धन के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते उज्ज्वल रमण सिंह ने कहा कि हम राष्ट्र में अमन ,भाई चारे की बात करते हैं।हम लोकतंत्र और संविधान से देश चलाने की वकालत कर रहे हैं।हमारा लक्ष्य किसानों को उपज का सही मूल्य,नौजवानों को रोजगार और महंगाई से निजात दिलाना है।समय आ गया है जब आप सब एकजुट होकर देश को सब्जबाग दिखाकर सत्ता हथियाने वालों को जबाब दें और इंडी गठबन्धन के देश मे सरकार बनाएं। जन अधिकार पार्टी के प्रदेश महासचिव बबलू कुशवाहा के क्षेत्र के गोसौरा स्थित आवास के सामने इंडिया गठबंधन का कार्यकर्ता सम्मेलन सोमवार को सम्पन्न हुआ।श्री बबलू कुशवाहा ने कहा कि समय आ गया है कि दलित,शोषित और वंचित समाज के मतदाता अपने हक और सम्मान के लिए इंडी गठबन्धन के प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह को बडे अंतर से जीत दिलाएं।यह गठबन्धन देश की एकता और अखंडता की बात कर रहा है।लोकतंत्र और संविधान की रक्षा संकल्प के साथ चुनाव मैदान में है।जरूरत है हम सब पूरी ऊर्जा के साथ जांचे परखे नेता उज्ज्वल रमण सिंह को विजयी बनाएं जिससे ठप पड़ चुके जनपद के विकास को गति मिल सके।मौके पर मेजा विधायक संदीप पटेल, जयशंकर भारती, ललन सिंह, दिलावर सिंह, प्रवीण कुमार कुशवाहा, राजाराम विद्यार्थी, विश्वनाथ पाठक, सीताराम कुशवाहा, श्रीदेवी कुशवाहा लालमणि कुशवाहा, उदय राज कुशवाहा ,संजय कुशवाहा, राम सिंह, प्रधान कमलेश, सुधाकर सिंह, कुशवाहा पूर्व प्रधान तेंदुआ विजय सिंह, मंडल सचिव जारी नरेश मौर्य, सतीश कुशवाहा, अशोक मौर्य, प्रेम शंकर प्रधान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भैंस की लाश के साथ दलालों ने कर दिया थाने में विधवा के साथ खेल

### 80 हजार की मरी भैंस की कीमत 26 हजार में जबरन कराया गया समझौता
### दूसरे थाने के मामले में समझौता पर रोती हुई बद्दुआ देते चली गयी विधवा महिला

**लोकमित्र ब्यूरो**
**हंडिया।** सोमवार को दोपहर उतरांव थाने में एक विधवा महिला की मरी भैंस के साथ दलालों ने बड़ा खेल कर दिया। जबकि मामला हंडिया थाने का है। विधवा महिला की 80000 की भैंस कार की टक्कर में मर गई थी। महिला को दलालों ने मात्र 26000 हजार रुपए दिलवा कर उससे जबरन हस्ताक्षर करवा लिए गए। जिससे विधवा महिला थाने से रोते हुए बद्दुआ देते हुए चली गई। आपको बताते चलें की हंडिया के अंजना गांव निवासी रमना देवी पत्नी स्वर्गीय अच्छी लाल यादव की लगभग 80000 की कीमत की भैंस को एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी जिससे भैंस की अंजना जीटी रोड घटना स्थल पर मौके पर ही मौत हो गई। कार चालक उतरांव के एक अस्पताल संचालक का बेटा है। काबिले गौर बात तो यह है कि मामला हंडिया क्षेत्र के होने के बावजूद उतरांव थाने में तहरीर दी गयी। सोमवार को दोनों पक्षों को थाने पर बुलाया गया। थानाध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी के कहीं चले जाने के बाद थाने पर दलालों ने मरी भैंस के साथ खेला कर दिया। विधवा महिला रमना और उसके बेटे संतोष का कहना है कि उसकी 80 हजार की कीमत की मरी भैंस मात्र 26 000 देकर थाने में दलालों के शह पर समझौता करा दिया। जिससे दुखित महिला थाने से रोते हुए बद्दुआ देते हुए चली गई।आपको यह बताते चले कि हंडिया क्षेत्र का मामला होने के बावजूद दलालों ने उतरांव में तहरीर दिलवा कर मरी भैंस की लाश के साथ भी खेला कर दिया। कम पैसे में समझौता कर विधवा का पैसा बंदरबांट कर लिया।

# आंखों में इकरार नहीं है कह दो हमसे प्यार नहीं है

### प्रसार भारती के अपर महानिदेशक के प्रयागराज आगमन पर दूरदर्शन केन्द्र ने आयोजित की शाम-ए-ग़ज़ल की महफिल

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।**दूरदर्शन केन्द्र प्रयागराज ने दिल्ली से आए प्रसार भारती सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के अपर महानिदेशक के सम्मान में आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के कलाकारों मनोज गुप्ता, स्वाती निरखी, शिखा त्रिपाठी एवं मोनानली चक्रवर्ती ने शाम -ए-ग़ज़ल की एक शानदार शाम सजाई। अपर महा निदेशक ने दिन भर आकाशवाणी व दूरदर्शन केन्द्र के अधिकारियों के साथ कुछ अनिवार्य बैठक के साथ ही दस्तावेजों काअवलोकन किया। आकाशवाणी की अधिकृत एवं अस्थाई उद्घोषिका शिप्रा श्रीवास्तव ने दूरदर्शन केन्द्र में उनका एक विशेष साक्षात्कार लिया जिसका विषय था ÷लोक प्रसारक की भूमिका में प्रसार भारती÷ उक्त साक्षात्कार का शीध्र ही दूरदर्शन उत्तर प्रदेश से प्रसारण किया जाएगा। तत्पश्चात दूरदर्शन केन्द्र प्रयागराज के कार्यक्रम प्रमुख व निदेशक अभिषेक तिवारी की अगुवाई और कार्यक्रम समन्वयक हर्षित कुमार के कुशल संयोजन में आयोजित ÷शाम- ए-




ग़ज़ल÷ में प्रख्यात गायक मनोज गुप्ता, नामचीन गायिका स्वाति निरखी के साथ ही अपनी गायिकी और दिलकश आवाज़ के चलते तेजी से चर्चा में आ रही गायिका शिखा त्रिपाठी और मोनाली चक्रवर्ती ने एक से बढ़कर एक ग़ज़लें आमंत्रित को सुनाई। कार्यक्रम की शुरुआत स्वाति निरखी ने वयोवृद्ध शायर सुरेन्द्र शास्त्री के ग़ज़ल संग्रह ÷पूछती हैं मछलियों से मछलियां÷ की एक ग़ज़ल ÷मौसम है अपना बज़्म-ए-तरब फिर सजाइए,हम रो रहे हैं आप कोई गीत गाइये÷ से की। उसके बाद मनोज गुप्ता ने आई. ए. एस. डॉक्टर हरिओम की रचना ÷आंखों में इक़रार नहीं है कह दो हमसे प्यार नहीं है÷, बशीर भद्र की रचना ÷वो चांदनी का बदन खुशबुओं का साया है÷, गायिका शिखा त्रिपाठी ने ÷बैठे हुए देते हैं वो दामन से हवाएं, अल्लाह करे हम ना कभी होश में आएं÷ सुनाई। वहीं मोनाली चक्रवर्ती ने ÷अगर तलाश करूं कोई मिल ही जाएगा, मगर तुम्हारी तरह कौन मुझको चाहेगा÷ तथा ÷सालोना सा सजन है और मैं हूं÷ गाकर खूब महफिल जमाई द्य अपर महानिदेशक की मांग पर मनोज गुप्ता एवं स्वाति निरखी ने युगल गीत ÷यह दौलत भी ले लो यह शोहरत भी ले लो÷ सहित कई गजलें सुनाई।तत्पश्चात कलाकारों की मांग पर अपर महानिदेशक ने भी बशीर बद्र की लिखी ग़ज़ल ÷सर झुकाओगे तो पत्थर देवता हो जाएगा, इतना मत चाहो उसे वो बेवफा हो जाएगा÷ सुनाकर अपनी मखमली सुरों का एहसास कराया। समस्त कलाकारों के साथ रविशंकर बांसुरी, जय किशन वायलिन, दुर्गेश कुमार सिंथेसाइजर, प्रशांत भट्ट ऑक्टोपैड, सूर्या भट्ट ढोलक तथा आशुतोष गुप्ता एवं वासुदेव पांडे ने तबले पर संगत करके चार चांद लगा दिया।कार्यक्रम का मंच संचालन सुप्रसिद्ध उद्घोषक संजय पुरुषार्थी और शरद कुमार मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में आकाशवाणी दूरदर्शन केन्द्र के अधिकारियों कर्मचारियों के साथ ही अंशू त्रिपाठी, ज्योति यादव, अमित अवधेश, विभूति के अलावा शहर के कई गणमान्य मौजूद रहे।

# गौ गठबंधन से युग तुलसी पार्टी के विकास शुक्ला ने किया नामांकन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** गौ गठबंधन से युग तुलसी पार्टी के एडवोकेट विकास शुक्ला ने आज दोपहर बाद नामांकन किया। उन्होंने कहा कि देश में कई गठबंधन बनें है जैसे एन डी ए गठबंधन इंडिया गठबंधन उसी तरह से गौ गठबंधन भी बना है। इस गठबंधन में लगभग 73 दल शामिल है। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज द्वारा गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित कराने के लिए आंदोलन लगातार चलाया जा रहा है। गौ हत्या बंद हो गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित हो इसके लिए जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज ने वृन्दावन से संसद भवन तक कड़ी गर्मी में नगें पांव पद यात्रा की थी। इसी से प्रेरित होकर 73 दलों ने जगद्गुरु शंकराचार्य जी के सानिध्य में गौ भक्त पार्टियों ने मिलकर गौ गठबंधन बनाया है। जिसके राष्ट्रीय संयोजक राजा सक्षम योगी है। इस गौ गठबंधन में युग तुलसी पार्टी भी शामिल है। आज युग तुलसी पार्टी से फूलपुर संसदीय क्षेत्र से एडवोकेट विकास शुक्ला ने नामांकन किया है।

# प्रसपा के लोकसभा प्रत्याशी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## जमीन दिलाने के नाम पर रुपये ऐंठने का आरोप

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।**प्रगतिशील समाज पार्टी के इलाहाबाद लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी अजीत कुमार पटेल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सोमवार को भोर में घूरपुर पुलिस ने डांडी गांव के मन्ना का पुरवा में पहुंचकर अजीत पटेल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार अजीत के खिलाफ जमीन दिलाने के नाम पर धन ऐंठने का मुकदमा दर्ज कराया गया है। ज्ञात हो कि अजीत कुमार पटेल को प्रगतिशील समाज पार्टी ने इलाहाबाद संसदीय सीट से अपना प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने नामांकन पत्र भी दाखिल कर दिया है। सोमवार को भोर में घूरपुर पुलिस ने घर पर पहुंचकर उनको गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार अजीत के किलाफ धोखाधड़ी करने का मुकदमा दर्ज कराया गया है। इस संबंध में परिवार के लोगों का कहना है कि प्रशासन चाहता है कि अजीत चुनाव न लड़ सकें। उनको चुनाव लड़न से रोकने के लिए यह हथकंडा अपनाया जा रहा है। रविवार को अजीत के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। तहरीर में कहा गया है कि अजीत ने जमीन दिलाने के नाम पर पांच लाख रुपया ले लिया है। जमीन नहीं दिलाई न ही पैसा वापस कर रहे हैं। पैसा वापस मांगने पर मारने पीटने के लिए धमकी देते हैं। अजीत कुमार पटेल चुनाव लड़ने के आदी हैं। वह तीन चार बार विधानसभा चुनाव भी बतौर निर्दल प्रत्याशी लड़ चुके हैं। 2019 के विधानसभा चुनाव में प्रगतिशील समाज पार्टी ने ही उन्हें करछना विधानसभा से प्रत्याशी बनाया था। लोकसभा के चुनाव में भी प्रसपा ने उन्हें टिकट दिया है। इसके पहले भी वह तीन बार बतौर निर्दल चुनाव लड़ चुके हैं। क्षेत्र के लोगों की माने तो अजीत चुनाव लड़ने के आदी हो गए हैं।पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुशवाहा ने कहा कि प्रशासन चुनाव लड़ने से रोकने के लिए यह हथकंडा अपना रहा है। कई दिनों से अजीत को धमकी मिल रही थी। सुबह सात बजे जब वह पूजा करने के लिए मंदिर जा रहे थे तभी पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। छह घंटे तक थाने में बैठाए रखा। उनको मारने पीटने की धमकी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इस संबंध जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ, प्रेक्षक और चुनाव आयोग से शिकायत की गई है। पुलिस अधिकारी बात करने के लिए तैयार नहीं हैं। पिछले चुनाव में भी उनको प्रताड़ित किया गया था और चुनाव से पहले इनके भाई की हत्या कर दी गई थी।

## निर्वाचन व्यय से सम्बंधित शिकायत या सूचना कंट्रोल रूम स्थापित

**प्रयागराज।** मुख्य कोषाधिकारी, कलेक्ट्रेट कोषागार प्रत्यूष कुमार ने बताया है कि निर्वाचन व्यय के सम्बंध में भ्रष्ट आचरण की शिकायत के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका नम्बर-0532-2990390, 0532-2990391, 0532-2990392 है। यदि कोई व्यक्ति लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए निर्वाचन व्यय के सम्बंध में भ्रष्ट आचरण से सम्बंधित कोई शिकायत या सूचना प्रेषित करना चाहता है, तो वह उपरोक्त दिए गए नम्बरों पर सम्पर्क कर सकता है।

# रात भर बांट रहे गरीबों को शरबत

**प्रयागराज।** गर्मी के दिनों में लोग प्यार, शरबत वितरण आदि तरह तरह के कार्यक्रम चलाते रहते हैं लेकिन रात में प्यासों के लिए कोई व्यवस्था नहीं होती। पूनम संत महिला एवं विकास समिति द्वारा रात में प्यासों के लिए एक व्यवस्था चलाई जा रही है।पूनम संत महिला एवं विकास समिति द्वारा आज राजरूपपुर, प्रयागाज में निशुल्क शरबत का वितरण किया गया। इस भीषण गर्मी को देखते हुए संस्था द्वारा निरंतर शरबत वितरण व प्याऊ जल की सुविधा आम जनमानस के लिए संस्था द्वारा जगह-जगह पर कराई जाएगी एवं राजरूपपुर में निरंतर शरबत का वितरण प्रतिदिन की तरह आज भी चलता रहा। संस्था की अध्यक्ष पूनम संत ने बताया कि यह एक पुनीत कार्य



है जिसको ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस कार्य में अपनी सहभागिता देनी चाहिए और गर्मी से निजात हेतु शर्बत व पानी का वितरण करते रहना चाहिए। रिक्शा चलाने वाले, मजदूर वर्ग के लोग एवं चलते-फिरते आम जनमानस को इस पुनीत कार्य से लाभ पहुंच रहा है। यह सच में एक सामाजिक चेतना का कार्य है जिसको हर एक नागरिक को करने की जिम्मेदारी उठाना चाहिए। आज के इस कार्य में संस्था की संयोजिका इसाबेल ब्रेंडिश ने भी शरबत एवं जल आने जाने वाले राहगीरों को वितरण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था के सचिव अभिषेक संत, श्रृष्टि कुमारी, प्रिंस कुमार, चाहत तिवारी, सतिकला, मीरा, गुड़िया, प्रीति प्रजापति, संजना, गूंजा देवी आदि बड़ी संख्या महिलाओं ने हिस्सा लिया और इस पुनीत कार्य में सहयोग प्रदान किया।

## दुर्गापुर में अमित शाह ने टीएमसी को घेरा

# 'आप दिलीप घोष को जिता दो, गुंडो को हम सीधा कर देंगे'



**कोलकाता।** तीसरे चरण के मतदान से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में चुनाव प्रचार किया। दुर्गापुर में एक रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी पर तंज करते हुए कहा कि टीएमसी के गुंडे यहं की गरीब मजदूरों की मजदूरी की उगाही करके भतीजे को देते हैं।

रैली में भाजपा उम्मीदवार दिलीप घोष का समर्थन करते हुए अमित शाह ने कहा, 'एक बार यहां से दिलीप घोष को जिता दो, इन गुंडों को हम सीधा कर देंगे।' उन्होंने टीएमसी पर कटाक्ष करते हुए कहा, 'ये लोग कटमनी चलाते हैं, घुसपैठ कराकर अपना वोट बैंक बनाते हैं। ममता दीदी, आपको शर्म आनी चाहिए, सरहदी राज्य में आप घुसपैठ को बढ़ावा देती हो और घुसपैठियों को अपना वोट बैंक बनाती हो।'

सोमवार को हुगली में बस विस्फोट पर अमित शाह ने कहा कि बंगाल में भ्रष्टाचार और चुनावी हिंसा आम हो चुकी है। ममता बनर्जी डराना चाहती है। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग ने केंद्रीय बलों को तैनात किया है। अमित शाह ने लोगों से से कहा कि उन्हें ममता बनर्जी से डरने की कोई जरूरत नहीं है।

### संदेशखाली मामले में फिर एक बार ममता सरकार को घेरा

संदेशखाली मुद्दे पर अमित शाह ने फिर एक बार ममता सरकार को घेरा। उन्होंने टीएमसी पर धर्म के आधार पर सैकड़ों महिलाओं पर अत्याचार करने का आरोप लगाया। भाजपा नेता ने कहा, 'ममता बनर्जी संदेशखाली के अपराधियों को पकड़ने को तैयार नहीं थीं। हाई कोर्ट के आदेश के बाद भी जांच नहीं की, तो हाई कोर्ट ने जांच सीबीआई को सौंपी।' उन्होंने बंगाल की सीएम से कहा, 'आपको शर्म आनी चाहिए, आप महिला मुख्यमंत्री हो और आपकी नाक के नीचे सैकड़ों माताओं-बहनों पर अत्याचार हुआ, लेकिन आपके पेट का पानी नहीं हिला।' अमित शाह ने आगे कहा कि संदेशखाली में जिसने अत्याचार किया है, वो अगर पाताल में भी छिप जाए तो भी हम उसे जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा देंगे।

### हुगली में बम विस्फोट से एक बच्चे की मौत, दो घायल, भाजपा ने टीएमसी पर लगाए आरोप



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हुगली में रहस्यमय विस्फोट के कारण एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हुए हैं। यह घटना पांडुआ में तिन्ना नेताजी कॉलोनी में घटी। विस्फोट उस स्थान पर हुआ, जहां बच्चे खेल रहे थे। घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है।

भाजपा सांसद लॉकेट चटर्जी ने इस बम विस्फोट को लेकर टीएमसी को घेरा है। उन्होंने दावा किया कि पांडुआ में टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी के चुनाव प्रचार से पहले सत्तारूढ़ पार्टी यहां डर फैला रही है।

## उमर अंसारी को मिली अग्रिम जमानत, 2022 में यूपी चुनाव के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन का था आरोप



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी को अग्रिम जमानत दे दी है। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोप में उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। जस्टिस ऋषिकेश रॉय और पीके मिश्रा की पीठ ने उन्हें इस मामले में अदालत के समक्ष पेश होने के लिए कहा था।

शीर्ष अदालत ने 25 जनवरी को उमर अंसारी को इस मामले में गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान किया था। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने पिछले साल 19 दिसंबर को उनकी अग्रिम जमानत की याचिका को खारिज कर दिया था। अदालत ने कहा था कि मामले की तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए अपराध बनता है।

बता दें कि अब्बास अंसारी, उमर अंसारी और 150 अज्ञात लोगों के खिलाफ चार मार्च 2022 में एफआईआर दर्ज की गई थी। आरोप लगाया गया कि तीन मार्च को पहाड़पुर ग्राउंड में अब्बास अंसारी, उमर अंसारी और आयोजक मंसूर अहमद अंसारी ने मऊ प्रशासन के साथ हिसाब-किताब तय करने का आह्वान किया था। इसे आचार संहिता का उल्लंघन माना गया है।

### केरल के मुख्यमंत्री की बेटी को विजिलेंस कोर्ट से मिला झटका, वित्तीय लेनदेन मामले में दाखिल की गई थी याचिका

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस विधायक मैथ्यू कुझालनदान की एक याचिका को यहां की एक सतर्कता अदालत ने सोमवार को खारिज कर दिया, जिसमें एक निजी खनन कंपनी और मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की बेटी की कंपनी टी वीणा की आईटी कंपनी के बीच कथित वित्तीय लेनदेन की अदालत की निगरानी में जांच की मांग की गई थी।

कुझालनदान ने शुरू में यहां विशेष सतर्कता अदालत का रुख किया और कहा कि सतर्कता विभाग ने कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड (सीएमआरएल) और वीना की कंपनी एक्सालॉजिक के बीच वित्तीय लेनदेन की जांच करने से इनकार कर दिया है। बाद में, उन्होंने अपना रुख बदल दिया और कथित वित्तीय लेनदेन की अदालत की निगरानी में जांच की मांग की।

## 'जवानों को लेकर राजनीति करना कांग्रेस के संस्कार'

**चन्नी के बयान पर भड़की भाजपा**





**नई दिल्ली।** पुंछ में भारतीय वायुसेना के वाहन पर आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले को कांग्रेस नेता चरणजीत सिंह चन्नी ने स्टंटबाजी बताया था। उन्होंने कहा था कि हमले नहीं हो रहे हैं। जब भी चुनाव आता है तो भाजपा को जिताने के लिए ऐसे स्टंट खेले जाते हैं। उनके इस बयान ने सियासी गलियारों में हलचल पैदा कर दी। चरणजीत सिंह चन्नी के बयान को लेकर कांग्रेस सवालों के घेरे में आ गई है। इस बयान को लेकर भाजपा ने भी पलटवार किया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक ने इसके जवाब में कहा कि देश के जवानों को लेकर घटिया राजनीति केवल कांग्रेस ही कर सकती है।

भाजपा नेता अजय आलोक ने कहा, 'चरणजीत सिंह चन्नी का दिमाग खराब हो गया है। किसी मुख्यमंत्री की तरफ से ऐसा बयान शोभा देता है? देश के जवानों को लेकर ऐसी घटिया राजनीति केवल कांग्रेस पार्टी ही कर सकती है। यही उनका संस्कार है।'

चन्नी के इस बयान पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने भी पलटवार किया है। उन्होंने कहा, 'यह एक और सबूत है, जो यह बताता है कि कांग्रेस पार्टी हित और वोट बैंक हित को राष्ट्र हित से ऊपर रखती है। वह पाकिस्तान को क्लीन चिट देने के लिए तैयार हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आतंकी घटनाओं का इस्तेमाल वोट बैंक की राजनीति के लिए किया जा रहा है। चन्नी ने कहा कि पुंछ में आतंकी हमला भारत की तरफ से की गई एक स्टंटबाजी है। इसका मतलब कि आप एक बार फिर से पाकिस्तान को क्लीन चिट दे रहे हैं।'

### आतंकवादी हमले को लेकर चरणजीत सिंह चन्नी का बयान

पुंछ पर वायुसेना के वाहन पर हुए हमले को लेकर चरणजीत सिंह ने मीडिया से बात की थी। उन्होंने कहा कि जब इलेक्शन आते हैं तो ऐसे स्टंट खेले जाते हैं। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने आगे कहा, ?ये तैयार करके हमले करवाए जाते हैं। भाजपा को जिताने का स्टंट होता है, इसमें सच्चाई नहीं होती। लोगों को मरवाने और लोगों की लाशों पर खेलना ये भाजपा को आता है।'

### दिल्ली के बाद अहमदाबाद के स्कूलों को भी मिली बम से उड़ाने की धमकी

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में कई स्कूलों को सोमवार को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। पुलिस ने कहा कि सोमवार को ईमेल के जरिए स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। इस बीच डीसीपी कंट्रोल अहमदाबाद सिटी ने कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है, बढ़ा-चढ़ाकर कहने की जरूरत नहीं है।।5 से 6 स्कूलों को मेल के जरिए बम विस्फोट की धमकी दी गई है। हम जांच कर रहे हैं। डीसीपी ने कहा लोगों को घबराना नहीं चाहिए क्योंकि कल मतदान का दिन है। ये धमकी दिल्ली के कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के कुछ दिनों बाद आई है। 1 मई को दिल्ली के कुल 131 स्कूलों को धमकी भरे ईमेल मिले थे। बम की धमकी के बाद, कुछ स्कूलों ने अभिभावकों को सूचित किया था कि बुधवार को स्कूल बंद रहेंगे, जबकि अन्य ने ईमेल मिलने के बाद बच्चों को घर भेज दिया था।

## अमित जेठवा हत्याकांड : गुजरात उच्च न्यायालय ने भाजपा के पूर्व सांसद समेत सात लोगों को किया बरी

**गांधीनगर।** गुजरात उच्च न्यायालय ने आरटीआई कार्यकर्ता अमित जेठवा की हत्या के मामले में भाजपा के पूर्व सांसद समेत सात लोगों को बरी कर दिया है। इन लोगों को सीबीआई अदालत ने दोषी ठहराया था। इसी के खिलाफ भाजपा के पूर्व सांसद दीनू सोलंकी और अन्य छह लोगों ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था और अपील दी थी, जिसे अदालत ने सोमवार को स्वीकार कर लिया।

न्यायमूर्ति एएस सुपेहिया और न्यायमूर्ति विमल के व्यास की खंडपीठ ने सीबीआई अदालत के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें उपरोक्त सभी को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। उच्च न्यायालय ने गौर किया कि निचली अदालत ने पहले ही दोषी मानते हुए कार्यवाही की। पीठ ने कहा कि ऐसा लगता है कि अपराध को लेकर की गई जांच में शुरुआत से ही सावधानी नहीं बरती गई और पहले से ही आरोपियों को दोषी मान लिया गया था।

सोलंकी और छह अन्य को हत्या तथा आपराधिक साजिश के मामले में 2019 में सीबीआई अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी और 15 लाख रुपये का जुर्माना भरने का आदेश दिया था। उच्च न्यायालय ने बाद में दीनू सोलंकी और इस मामले में दोषी ठहराए गए उनके भतीजे की आजीवन कारावास की सजा पर रोक लगा दी थी। उच्च न्यायालय ने मामले के मुख्य आरोपी दीनू सोलंकी और छह अन्य की अपील को सोमवार को स्वीकार कर लिया और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाने वाले सीबीआई अदालत के आदेश को रद्द कर दिया।

सीबीआई अदालत द्वारा सात जून 2019 को दोषी ठहराए जाने के फैसले के खिलाफ दीनू सोलंकी ने याचिका दायर की थी। इसके बाद सितंबर 2021 में उच्च न्यायालय ने अपील के लंबित रहने तक सोलंकी की सजा पर रोक लगा दी थी। पिछले साल, उच्च न्यायालय ने उनके भतीजे शिवा सोलंकी की आजीवन कारावास की सजा पर भी रोक लगा दी थी और सीबीआई अदालत द्वारा सुनाई गई सजा के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई होने तक उन्हें जमानत दे दी थी। आरटीआई अधिनियम के तहत जानकारी मांगकर कथित तौर पर दीनू सोलंकी की संलिप्तता वाली अवैध खनन गतिविधियों को उजागर करने की कोशिश के बाद 20 जुलाई 2010 को गुजरात उच्च न्यायालय के बाहर जेठवा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद दो अज्ञात हमलावरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई और जांच राज्य पुलिस के आपराधिक अन्वेषण विभाग (सीआईडी) को सौंप दी गई। सीआईडी ने इस मामले में आरोपपत्र दायर किया। सितंबर 2012 में उच्च न्यायालय ने जांच सीबीआई को सौंप दी। सीबीआई अदालत ने सात जून 2019 को सातों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

## हाईकोर्ट से झटका मिलने के बाद सुप्रीम कोर्ट पहुंचे पूर्व सीएम सोरेन

**नई दिल्ली।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अब सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। दरअसल, हाल ही में सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली एक याचिका हाईकोर्ट में दाखिल की थी, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया था। इसी के खिलाफ सोमवार को पूर्व सीएम ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया।

सोरेन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया और उनकी याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि वह इस अनुरोध पर गौर करेगी। झारखंड हाईकोर्ट ने शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली सोरेन की रिट याचिका खारिज कर दी थी और उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था। बता दें कि हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा 31 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था। उन पर जमीन से जुड़े घोटाले के मामले में धन शोधन का आरोप है। पूर्व सीएम फिलहाल रांची की बिरसा मुंडा जेल में न्यायिक हिरासत में हैं। इस मामले में हाईकोर्ट द्वारा सोरेन की जमानत याचिका पर जवाब देने के लिए ईडी को एक और सप्ताह का समय दिया गया था।

### रांची में 8.86 एकड़ जमीन से जुड़ी है जांच

सोरेन के खिलाफ जांच रांची में 8.86 एकड़ जमीन से जुड़ी है। ईडी का आरोप है कि इसे अवैध रूप से कब्जे में लिया गया था। एजेंसी ने सोरेन, प्रसाद और सोरेन के कथित 'फ्रंटमैन' राज कुमार पाहन और हिलारियास कच्छप तथा पूर्व मुख्यमंत्री के कथित सहयोगी बिनोद सिंह के खिलाफ 30 मार्च को यहां विशेष पीएमएलए अदालत में आरोपपत्र दायर किया था। सोरेन ने रांची की एक विशेष अदालत के समक्ष जमानत याचिका दायर की थी।

## 'मेरिट और योग्यता...' राहुल गांधी की बातों पर बिफरे वाइस चांसलर

**ओपन लेटर लिखकर की एक्शन की मांग**



**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति की प्रक्रिया को लेकर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा की गई टिप्पणी से नाराज 181 प्रमुख कुलपतियों और अकादमिक हस्तियों ने 'ओपन लेटर' लिखकर कांग्रेस नेता के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस पत्र में राहुल गांधी पर राजनीतिक लाभ लेने के मकसद से झूठ का सहारा लेकर बड़े पैमाने पर कुलपतियों के कार्यालय को बदनाम करने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ कानून के अनुसार तुरंत उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है।

पत्र में राहुल गांधी की टिप्पणी का हवाला देते हुए कहा गया है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के ट्वीट और ओपन सोर्स से यह उनके संज्ञान में आया है कि वह यह कह रहे हैं कि कुलपतियों की नियुक्ति मेरिट और योग्यता के आधार पर नहीं, बल्कि किसी संगठन से संबद्धता के आधार पर की जाती है जिससे कुलपतियों की नियुक्ति की चयन प्रक्रिया पर सवाल उठते हैं। प्रमुख कुलपतियों और अकादमिक हस्तियों ने अपने 'ओपन लेटर' में राहुल गांधी के दावे को पूरी तरह से खारिज करते हुए कहा है कि वे स्पष्ट रूप से ऐसे दावों को खारिज करते हैं। विश्वविद्यालयों के कुलपतियों का चयन योग्यता, विद्वतापूर्ण विशिष्टता और कठोर पारदर्शी प्रक्रिया से होता है। इनका चयन पूरी तरह से शैक्षणिक योग्यता, प्रशासनिक कौशल और विश्वविद्यालयों को आगे ले जाने के दृष्टिकोण पर आधारित होता है।

आगे कहा गया है कि ज्ञान के संरक्षक और शिक्षा जगत के प्रशासकों के रूप में वे शासन की अखंडता, नैतिक व्यवहार और संस्थागत अखंडता के उच्चतम स्तर को बनाए रखने के लिए एक अटूट प्रतिबद्धता बनाए रखते हैं। उन्होंने कुलपतियों की नियुक्ति की प्रक्रिया पर सवाल उठाने वाले राहुल गांधी और अन्य लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि वे इसमें शामिल सभी व्यक्तियों से दृढतापूर्वक आग्रह करते हैं कि वे तथ्यों को कल्पना से अलग करने में विवेक का प्रयोग करें, निराधार अफवाह फैलाने से बचें और एक गतिशील और समावेशी शैक्षणिक वातावरण बनाने के उनके साझा लक्ष्य के लिए रचनात्मक और सहायक संवाद में भाग लें।

उन्होंने कहा कि वे उच्च शिक्षा के क्षेत्र में योग्यता और उत्कृष्टता के सिद्धांतों के प्रति अपने दृढ़ समर्पण को एक बार फिर से बताना चाहते हैं और भारत में विश्वविद्यालयों में हुए महत्वपूर्ण परिवर्तन जैसे- वैश्विक रैंकिंग, प्रमुख मान्यता, विश्व स्तरीय अनुसंधान और नवाचारों में वृद्धि, उद्योग शैक्षणिक अंतर को कम करने वाले पाठ्यक्रम में बदलाव और प्लेसमेंट की बढ़ती संभावनाओं को देखने से शैक्षणिक गुणवत्ता और सामाजिक प्रासंगिकता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की पुष्टि होती है।

पत्र में राहुल गांधी पर कार्रवाई करने की मांग करते हुए आगे कहा गया है कि देश भर के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के कुलपति और अकादमिक व्यक्ति पूरे विश्वास के साथ, चयन प्रक्रिया के संबंध में हाल ही में लगाए गए आरोपों को पूरी तरह से निराधार बताते हुए उनका खंडन करते हैं। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि राहुल गांधी ने झूठ का सहारा लिया है और इससे राजनीतिक लाभ लेने के इरादे से बड़े पैमाने पर कुलपतियों के कार्यालय को बदनाम किया है। इसलिए उसके खिलाफ तुरंत कानून के अनुसार उचित कार्रवाई किए जाने की विनम्र प्रार्थना है।"

## मोदी सरकार डोज देती है, डोजियर नहीं : सुधांशु त्रिवेदी



**नई दिल्ली।** भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने शशि थरूर के बांग्लादेश के अखबार में लिखे गए लेख में जम्मू कश्मीर के लिए इस्तेमाल किए शब्द, फारूक अब्दुल्ला के पाकिस्तान के पास परमाणु बम होने और पंजाब के पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी सहित इंडी गठबंधन के नेताओं द्वारा दिए गए सात अलग-अलग बयानों का जिक्र करते हुए राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा है।

सुधांशु त्रिवेदी ने भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए कहा कि इंडी गठबंधन के नेता पाकिस्तान को मोरल कवर फायर दे रहे हैं, इंडी गठबंधन के नेताओं के बयान में पाकिस्तान की छाप है। ये नेता पाकिस्तान के नेताओं के सुर में सुर मिला रहे हैं।

त्रिवेदी ने बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि इंडी गठबंधन के नेताओं में पाकिस्तान के चंद सिरफिरे नेताओं की आत्मा प्रवेश कर गई है और राहुल गांधी को यह बताना चाहिए कि यह किसका षड्यंत्र है और वे किसके हाथों में खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये सात दिनों के सात वचन सिर्फ संयोग नहीं हैं, बल्कि यह सोचा समझा प्रयोग और षड्यंत्र है।

उन्होंने फारूक अब्दुल्ला पर देश की नारी शक्ति के अपमान का भी आरोप लगाया। कांग्रेस पर हमला जारी रखते हुए उन्होंने कहा कि पहले इनकी सरकार द्वारा पाकिस्तान को सिर्फ डोजियर दिया जाता था, लेकिन यह पीएम मोदी की सरकार है जो डोजियर नहीं डोज देती है। उन्होंने देश की जनता से अपील करते हुए कहा कि चुनाव तो आते-जाते रहेंगे लेकिन देश की जनता को देश के अंदर के गद्दारों से संभल कर रहना चाहिए।

## सतर्कता अदालत से सीएम विजयन की बेटी को मिली राहत

**कोर्ट की निगरानी में जांच की याचिका खारिज**

**तिरुवनंतपुरम।** सतर्कता अदालत से कांग्रेस विधायक मैथ्यू कुझालनादन को झटका लगा है। उनकी उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें एक निजी खनन कंपनी और मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की बेटी टी वीणा की बंद हो चुकी आईटी कंपनी के बीच कथित वित्तीय लेनदेन की अदालत की निगरानी में जांच कराने की मांग की गई थी।

कुझालनादन ने विशेष सतर्कता अदालत का रुख किया था। उन्होंने कहा था कि सतर्कता विभाग ने कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड (सीएमआरएल) और वीणा की कंपनी एक्सलॉजिक के बीच वित्तीय लेनदेन की जांच करने से इनकार कर दिया है।

पिछले महीने जब अदालत को अपना फैसला सुनाना था, तो कुझालनादन ने एक नई मांग रखी की अदालत की निगरानी में जांच की जाए। इससे अदालत नाराज हो गई, जिसने उनसे पूछा कि क्या उन्हें यकीन है कि मामले में उनका पक्ष क्या है। तब कुझालनादन ने कहा कि वह और सबूत प्रस्तुत करेंगे।अदालत ने उनकी नई मांग पर विचार करने का फैसला किया।

### अदालत ने याचिका खारिज कर दी

कांग्रेस विधायक द्वारा सौंपे गए दस्तावेजों पर विस्तृत सुनवाई के बाद अदालत ने याचिका खारिज कर दी। इस बीच, कुझालनादन ने कहा कि कहा, 'चूंकि मैं पेशे से एक वकील हूं, इसलिए यह कहना जल्दबाजी होगी कि क्या मैं अपील के लिए जाऊंगा। मुझे अभी तक फैसले की प्रति नहीं मिली है और इसे पढ़ने के बाद, मैं जवाब दूंगा। जैसा कि मैंने पहले कहा, मैं भागने वाला नहीं हूं।'

### कुल 1.72 करोड़ रुपये का भुगतान होने पर मामला सामने आया

केरल में एक निजी खनिज कंपनी और मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की बेटी टी वीणा और उनकी आईटी फर्म के बीच कुछ वित्तीय लेनदेन को लेकर पिछले साल विवाद छिड़ गया था। एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया था कि कंपनी का सत्तारूढ़ माकपा के साथ-साथ विपक्षी कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ के शीर्ष नेताओं के साथ लेनदेन हुआ। यह मुद्दा तब सामने आया जब हाल ही में एक मलयालम दैनिक ने रिपोर्ट दी कि कोचीन मिनरल्स एंड रुटाइल लि. (सीएमआरएल) ने 2017 और 2020 के बीच तीन साल की अवधि के दौरान सीएम की बेटी को कुल 1.72 करोड़ रुपये का भुगतान किया। मामले को लेकर भाजपा ने मुख्यमंत्री विजयन पर हमला किया था और उनसे अपनी बेटी के खिलाफ लग रहे आरोपों पर चुप्पी तोड़ने को कहा था।

## पार्क में खेल रही 5 साल की बच्ची पर पालतू कुत्तों ने किया हमला

**चेन्नई।** चेन्नई के एक पार्क में कल रात दो रॉटवीलर कुत्तों के हमले में पांच साल की एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने लापरवाही का मामला दर्ज कर कुत्तों के मालिक को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में कुत्तों की देखभाल करने वाले दो अन्य लोगों को आरोपी बनाया गया है। इस घटना के साथ ही आक्रामक नस्लों के कुत्तों को पालतू जानवर के रूप में रखने पर फिर से बहस शुरू हो गई है। यह घटना चेन्नई के थाउजेंड लाइट्स इलाके के एक सार्वजनिक पार्क की है।

जांचकर्ताओं के मुताबिक मालिक ने कुत्तों को खुला छोड़ दिया था। कुत्तों ने बच्ची पर हमला कर दिया और आरोप है कि मालिक ने तब तक हस्तक्षेप नहीं किया जब तक बच्ची के माता-पिता उसे बचाने के लिए नहीं दौड़े और शोर नहीं मचाया। लड़की के पिता पार्क में सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करते हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शेखर देशमुख ने कहा, "हमने मालिक को गिरफ्तार कर लिया है और कुत्तों की देखभाल करने वाले दो अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।" पार्क के एक सीसीटीवी में ये सारी घटना कैद हुई है। पांच साल की बच्ची की पहचान सुदक्षा के रूप में की गई है, जिसका इलाज एक निजी अस्पताल में किया जा रहा है। हाल ही में उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में मां के साथ दुकान गई बच्ची पर एक जर्मन शेफर्ड कुत्ते ने हमला कर दिया था। बच्ची चार साल की थी। घटना पटेल नगर कोतवाली क्षेत्र की है। इस हमले में बच्ची के चेहरे पर गंभीर चोटें आई। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नोएडा में आवारा कुत्ते ने सेक्टर-70 स्थित पैन ओएसिस सोसाइटी में गुरुवार की रात छह साल के बच्चे को काट लिया था।

## यौन उत्पीड़न मामले में प्रज्वल रेवन्ना की बढ़ीं मुश्किलें

# एसआईटी ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर



**बंगलूरू।** हासन जेडी (एस) सांसद प्रज्वल रेवन्ना की मुश्किलें और बढ़ती नजर आ रही है। अब पीड़ित महिलाएं खुद विशेष जांच विभाग से संपर्क कर अपनी आपबीती सुनाएंगी। दरअसल, एसआईटी प्रज्वल रेवन्ना द्वारा महिलाओं के कथित यौन उत्पीड़न की जांच कर रही है। इसी को देखते हुए टीम ने पीड़ितों के लिए उनसे संपर्क करने के लिए एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया है।

एसआईटी प्रमुख और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक बी के सिंह ने एक बयान में कहा कि पीड़ित 6360938947 पर कॉल कर सकते हैं। सिंह ने कहा कि पीड़ितों को एसआईटी कार्यालय जाने की जरूरत नहीं है क्योंकि टीम उन्हें राहत देने के लिए व्यक्तिगत रूप से उनसे संपर्क करेगी। इस बीच एसआईटी ने बड़े पैमाने पर लोगों को चेतावनी दी कि वे सोशल मीडिया या व्यक्तिगत मैसेंजर एप्लिकेशन पर रेवन्ना द्वारा कथित तौर पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न और छेड़छाड़ करने वाले वीडियो को साझा न करें। सिंह ने कहा, 'मैसेंजर सेवाओं पर इन वीडियो को साझा करने वाले लोगों का पता लगाना आसान है, इसलिए ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।' उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे वीडियो साझा करने से पीड़ितों की प्रतिष्ठा और सम्मान को नुकसान होगा। जानकारी के लिए बता दें कि प्रज्वल जेडी (एस)-भाजपा गठबंधन के उम्मीदवार के रूप में हासन से फिर से चुनाव लड़ रहे हैं। इस निर्वाचन क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान हुआ था। जेडी (एस) पिछले साल सितंबर में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग में शामिल हो गया था। कथित तौर पर प्रज्वल ने मतदान के एक दिन बाद 27 अप्रैल को देश छोड़ दिया था और उनके खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया गया है। जबकि प्रज्वल के खिलाफ दुष्कर्म और छेड़छाड़ के मामले दर्ज किए गए हैं। वहीं, उनके पिता और विधायक एचडी रेवन्ना को 33 वर्षीय सांसद द्वारा कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने वाली एक महिला का अपहरण करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है और पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

भेज रहे हैं स्नेह निमंत्रण, मतदाता तुम्हें बुलाने को, 13 मई को भूल न जाना, वोट डालने आने को

# डीएम की ओर से घर-घर पहुंचेगा आमंत्रण-पत्र

लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** जैसे-जैसे मतदान की तिथि नजदीक आती जा रही है, वैसे-वैसे मतदाता जागरूकता अभियान परवान चढ़ने लगा है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 अन्तर्गत 28_खीरी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र और 29_धौरहरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए 13 मई को होने वाले मतदान में शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अभिनव पहल के तहत घर-घर ₹मतदाता आमंत्रण पत्र₹ भेजा जा रहा।

इसी कड़ी में सोमवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने इलेक्शन आईकॉन शिक्षक एसपी सिंह को बड़ी संख्या में मतदान दिवस पर मतदाताओ को आमंत्रित किए जाने वाले आमंत्रण पत्र सौपे। इस दौरान




डीएम को एसपी सिंह द्वारा तैयार ₹मतदाता जागरूकता पोस्टर₹ की न केवल लाइन लांचिंग की बल्कि इसे अपने दफ्तर की दीवारों पर स्थान दिया। डीएम से प्राप्त आमंत्रण पत्र को एसपी सिंह ने मतदाताओ को प्रदान कर उनसे मताधिकार का प्रयोग किए जाने की अपील की।

डीएम ने जनपद वासियों से लोकतंत्र के महापर्व 13 मई को अपने अपने बूथों पर पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस पर्व पर जनपद वासियों व विशेषकर युवा मतदाताओं का बढ़-चढ़कर अपनी मताधिकार का प्रयोग करें। बताते चलें कि जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लिए जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में स्वीप जागरुकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

### मतदान निमंत्रण पाकर बोले मतदाता

मतदान निमंत्रण पत्र वितरण के दौरान कई मतदाताओं ने बताया कि यह निमंत्रण उन्हें विभिन्न सोशल प्लेटफॉर्म के जरिए भी मिल चुका है। कई मतदाता ने कहा, उन्हें उम्मीद नहीं थी कि मतदान के लिए डीएम उन्हें स्वयं निमंत्रण पत्र भेजेंगे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में कोटेदार बाटेंगे निमंत्रण

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने जिला पूर्ति अधिकारी अंजनी कुमार सिंह से अबतक निमंत्रण पत्र वितरण की प्रगति जानी। उन्होंने कोटेदारों के जरिए गांव के गली-मोहल्लों में एक-एक घर तक निमंत्रण कार्ड भिजवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निमंत्रण वितरण का पर्यवेक्षण क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी एवं पूर्ति निरीक्षकों से कराने को कहा।

### इस रणनीति से घर-घर पहुंचेगा आमंत्रण पत्र

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के माध्यम से आमंत्रण पत्र उनके घरों को भिजवाएं जा रहे है। जबकि शासकीय चिकित्सालयों में आने वाले मरीज़ों को ओपीडी के पर्चे के साथ आमंत्रण पत्र का वितरण भी किया जायेगा। इसी प्रकार नगर निकायों द्वारा सेवित क्षेत्र अन्तर्गत आने वाले घरों में तथा बैंकों द्वारा अपने काउण्टर्स के माध्यम से मतदाता आमंत्रण पत्र का वितरण किया जायेगा।

# देश में 35 लाख से ज्यादा स्वयं सहायता समूह सक्रिय : कमलेश यादव

लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के इग्नू अध्ययन केंद्र में सोमवार को इग्नू शिक्षार्थियों के लिए इन्क्यूबेशन सेंटर का एक्सपोजर विजिट किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड कमलेश यादव ने छात्रों को ग्रामीण विकास कार्यक्रमों से अवगत कराया। उन्होंने कहा ग्रामीण क्षेत्र में छोटी छोटी वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए स्वयं सहायता समूह का विशेष योगदान है। वर्तमान में देश में लगभग 35 लाख से ज्यादा स्वयं सहायता समूह सक्रिय हैं। नाबार्ड अपने लाभांश का उपयोग प्रदेश सरकार को लोन देकर विकास कार्यों को बढ़ावा देने के लिए कर रहा है जिसका उपयोग सरकार द्वारा प्रमुख शिक्षा, स्वास्थ्य एवं किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने हेतु किया जाता है।




उन्होंने छात्रो को स्वरोजगार शुरू करने ने लिए नाबार्ड एवं अन्य बैंकिग संस्थाओ से वित्तीय सहायता, वित्तीय अनुदान प्राप्त करने हेतु जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं इग्नू क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ की वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. मनोरमा सिंह ने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए युवाओं की सर्वाधिक उपयोगिता है, उन्होंने कहा कि इग्नू अध्ययन केंद्र अयोध्या में नाबार्ड के माध्यम से इन्क्यूबेशन सेंटर द्वारा इग्नू शिक्षार्थियों के उद्यम कौशल एवं स्टार्ट अप को बढ़ावा दिया जा सकता है। सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. कीर्ति विक्रम सिंह द्वारा केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओ की जानकारी प्रदान की गई।

# तेज रफ्तार के कहर से 13 लोग गंभीर रूप से घायल



लोकमित्र संवाददाता

**धौरहरा-खीरी।** क्षेत्र से निकले सिसैया ढखेरवा हाइवे पर दोपहर लगभग तीन बजे तेज रफ्तार डिजायर कार व आटो की आमने सामने हुई टक्कर से कुल 13 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक ने सभी घायलों को सी एच सी धौरहरा में भर्ती कराया जहां मौजूद चिकित्सकों द्वारा फौरी तौर पर इलाज करते हुए सभी लोगों को जिला अस्पताल ओयल के लिए रिफर कर दिया।

प्राप्त विवरण के अनुसार कोतवाली धौरहरा के पीछे मोहल्ला घोसियाना से बारात लेकर गांव घूसा कला शहबाज पुर जा रही डिजायर कार व सिसैया चौराहे से सवारी लेकर आ रहे आटो को अनियंत्रित डिजायर चालक द्वारा टक्कर मारने से प्रियांशी 4 वर्ष पुत्री ओमकार, ओमकार 30 वर्ष हीरालाल निवासी कोईलीपुरवा सीतापुर, रामादेवी 6 वर्ष पुत्री विनोद निवासी नामदार पुरवा, उषा 22 पुत्री राजकुमार, रामबेटी 36 पत्नी विनोद निवासी नामदार पुरवा, मैकिन 66 पत्नी रसूल अहमद निवासी नानपारा, सुसीला 40 सुरेश कुमार नामदार पुरवा, नौशाद अली 35 पुत्र अरमान नारपारा, शाहिना 30 पत्नी मोबीन धोसियाना,आरती 22 पत्नी ओमकार, अनवर 35 पुत्र इमरती, सइमुन 40 पत्नी रफीक निवासी घोसियाना गंभीर रूप से घायल हो गए घटना सूचना पर कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक पवन प्रताप सिंह ने सभी घायलों को सी एच सी धौरहरा में भर्ती कराया जहां से सभी को जिला अस्पताल ओयल भेजा गया। बताया जाता है कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आटो में सवार सवारियों के चप्पल व अन्य सामान उछल कर दूर जा गिरा। डाक्टरों के मुताबिक सात लोगों को रिफर किया गया। जबकि हालात देखकर ऐसा दिखा किसी का पैर,हाथ, मुंह व सरो पर चोटिल होने से खून का रिसाव चल रहा था।

## वन विभाग के निचले कर्मियों ने की हड़ताल, वन रेंज धौरहरा में प्रदर्शन करते हुए किया कार्य बहिष्कार



**धौरहरा-खीरी।** दुधवा नेशनल पार्क के अधीन वन रेंज धौरहरा में तैनात समस्त वाचर, प्रोजेक्ट टाइगर बीट, कम्प्यूटर आपरेटर आदि को करीब 10 माह से विभाग द्वारा वेतनमान न मिलने से सभी लोग भुखमरी की कगार पर होने की वजह से सोमवार को वन रेंज धौरहरा में प्रदर्शन करते हुए कामपर न जाने का ऐलान किया।

# बुजुर्गो और दिव्यांग मतदाताओं के लिए आज से शुरू होगी वोटिंग

## 32 दल घर-घर जाकर करवा रहे मतदान

**» दिव्यांग और बुजुर्गों को घर-घर जाकर कराया मतदान**

लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** हर कोई अपने मताधिकार का प्रयोग कर मतदान करें और लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता निभाए। इस बीच ऐसे भी मतदाता है जो दिव्यांग और बुजुर्ग हैं जोकि मतदान केंद्रों तक आने में असमर्थ है। इनके लिए 28_खीरी एवं 29_धौरहरा संसदीय क्षेत्र के लिए लोकसभा चुनाव के लिए 360 बुजुर्गो और 191 दिव्यांगो के लिए सुबह 09 से शाम 05 बजे तक होम वोटिंग शुरू की गई है। मतदान के दौरान सभी बुजुर्ग और दिव्यांग द्वारा मतदान के बाद खुशी जाहिर की गई। इसके साथ ही सभी लोगों को राष्ट्रहित में मतदान करने की अपील की गई।



बताते चलें कि चुनाव आयोग के निर्देश पर सोमवार से 85 प्लस के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को गांव-गांव और घर-घर जाकर वैलेट पेपर के माध्यम से मतदान करवाया जा रहा है, जो 08 मई तक चलेगा। खीरी संसदीय क्षेत्र की सभी पांच विधानसभाओं में तीन-तीन, धौरहरा संसदीय क्षेत्र की कस्ता और मोहम्मदी चार-चार और धौरहरा, हरगांव और महोली में तीन-तीन मतदान टीम में लगाई है। खीरी संसदीय क्षेत्र से 246 मतदाता (85 प्लस 150 और दिव्यांग 96), धौरहरा संसदीय क्षेत्र से 305 मतदाता (85 प्लस 210 और दिव्यांग 95) मतदान करेंगे।

### मतदान की कराई गई वीडियोग्राफी

निर्वाचन आयोग ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग और दिव्यांगों को घर से वोट डालने की सुविधा दी है। इसके लिए जिले में 32 पोलिंग पार्टियों को लगाया गया है। मतदान प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई। टीम में मतदान अधिकारी, माइक्रो ऑबजर्वर, बीएलओ और दो पुलिस कर्मी शामिल रहे।

## बूथ अध्यक्ष पार्टी की रीढ : संजय राय

**अयोध्या।** बूथ अध्यक्ष पार्टी की रीढ होते हैं। बगैर बूथ अध्यक्षों के कोई भी पार्टी चुनाव नहीं जीत सकती। उक्त उदगार गोसाईगंज विधानसभा के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन के दौरान भाजपा के प्रदेश महासचिव संजय राय ने ब्यक्त किया। सोमवार को गोसाईगंज कस्बे के पटेल हाल में आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता निःस्वार्थ भाव से तीसरी बार मोदी की सरकार बनाने के लिए इस भीषण गर्मी में अपना पसीना बहा रहे हैं। उन्होंने सम्मेलन में आए पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को प्रत्याशी रितेश पांडेय, जिला अध्यक्ष संजीव सिंह, पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू, पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश पांडे बादल, मिथिलेश त्रिपाठी, रोहित सिंह, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, दानबहादुर सिंह,चेयरमैन डा0विजयलक्ष्मी जायसवाल अमर बहादुर सिंह गुड्डू, शत्रुघन मोदनलाल, प्रदीप जायसवाल, डा एम एल वर्मा, पंकज सिंह, ध्रुव गुप्ता आदि ने संबोधित किया।

# युवराज दत्त महाविद्यालय द्वारा 'पहले मतदान फिर जलपान' की दिलाई गयी शपथ




लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** माननीय कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ के आवाहन पर , प्राचार्य प्रो ० हेमंत पाल के नेतृत्व मे युवराज दत्त महाविद्यालय लखीमपुर खीरी द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के अंर्तगत महविद्यालय द्वारा गोद लिए गए राजगढ़ वार्ड के संकटा प्रसाद वाजपेयी पार्क के समीपवर्ती घरों व निवासरत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए महाविद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने स्लोगन लिखे पैंपलेट वितरित किए तथा घर-घर जाकर के 18 वर्ष एवं इससे ऊपर के मतदाताओं से 13 मई 2024 को पहले मतदान फिर जलपान की शपथ दिलाई।

यह बताया कि वोट हमारा अधिकार है जिसके माध्यम से हम अपनी सरकार का चयन करते हैं और वह सरकार हमें उपयुक्त रोजगार शिक्षा स्वास्थ्य तथा अन्य संसाधन उपलब्ध कराएगी।

इस अभियान में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो हेमंत कुमार पाल ,कार्यक्रम अधिकारी प्रोफ़ेसर धीरेंद्र कुमार सिंह, प्रभारी प्रोफ़ेसर संजय कुमार ,प्रो नीलम त्रिवेदी , प्रो ज्योति पंत,प्रो नूतन सिंह, डॉक्टर अमित कुमार, श्री सौरभ वर्मा,श्री देशराज, श्री मानवेंद्र यादव के साथ तमाम छात्र-छात्राएं उत्साह पूर्वक सम्मिलित हुए।

## 5 दिन 5 बूथ सम्पर्क अभियान के माध्यम से घर-घर सम्पर्क करेंगी भाजपा: वेद प्रकाश गुप्ता

**अयोध्या।** लोकसभा के 24 मंडलों में भारतीय जनता पार्टी ने वृहद जनसम्पर्क अभियान चलाने की योजना बनाई है। हर पदाधिकारी 5 दिन 5 बूथ अभियान चलाया जाएगा। जिसमें हर पदाधिकारी व वरिष्ठ कार्यकर्ता को 5 दिन के लिए 5 बूथ की जिम्मेदारी दी जाएगी। हर बूथ पर वह एक दिन उपस्थित रह कर वह बूथ समिति, बूथ अध्यक्ष, पन्ना प्रमुखों, बूथ पर निवास करने वाले वरिष्ठ नेताओं के साथ घर-घर जाकर मतदाताओं से सम्पर्क व संवाद स्थापित कर सरकार की योजनाओं तथा विकास की चर्चा करेगा। अभियान की जिम्मेदारियां तय करने के लिए सभी मंडलों में मंगलवार तथा बुधवार को बैठक आयोजित की गई हैं। मंगलवार को महानगर के पूरा बाजार मंडल में बैठक आयोजित की गई। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि पार्टी के वरिष्ठ लोगों को 5 दिन-5 बूथ सम्पर्क अभियान की जिम्मेदारी दे दी गई है।

# एक बार फिर लखनऊ पब्लिक स्कूल ने जिले मे बनाया अपना महत्वपूर्ण स्थान










लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** आई.सी.एस.ई .कक्षा 10 एवं आई.एस.सी. कक्षा 12 परीक्षा सत्र 2023-2024 के घोषित परीक्षा परिणामों में लखनऊ पब्लिक स्कूल, शाखा लखीमपुर के छात्र-छात्राओं ने अपने उत्कृष्ट परीक्षाफल द्वारा एक बार फिर से जिले में महत्वपूर्ण स्थान बनाया। आई.सी.एस.ई. परीक्षा में अरमान अली ने 97.4 प्रतिशत अंक तथा आई.एस.सी. की परीक्षा में विनायक कंछल ने 96.75 प्रतिशत अंक लाकर व प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं जिले को गौरवान्वित किया है। विद्यालय में आई.सी.एस.ई. परीक्षा मे प्रथम अरमान अली के पिता डॉ. जर्रार अली एवं माता डॉ. शुमायला अली दोनों ही चिकित्सक हैं। वह भी भविष्य में एक कुशल चिकित्सक बनकर समाज की सेवा करना चाहता है। आई.एस.सी. में प्रथम स्थान प्राप्त विनायक कंछल के पिता संदीप कंछल एक बिजनेसमैन है। माता पदमा अग्रवाल एक गृहणी है। वह भविष्य में एक सफल बिजनेसमैन बनना चाहता है। दोनों छात्र अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं माता-पिता को देना चाहते हैं। उल्लेखनीय है कि आई.सी.एस.ई. परीक्षा में कुल 157 तथा आई.एस.सी. में 104 छात्रों-छात्राओं ने परीक्षा में सम्मिलित शत-प्रतिशत परीक्षाफल दिया। आई.एस.सी. की परीक्षा में 12 तथा आई.सी.एस.ई. परीक्षा में 48 छात्र-छात्राओं ने 90% से अधिक अंक लाकर सफलता अर्जित की। विद्यालय के महाप्रबंधक डॉ एस.पी. सिंह ने मोबाइल द्वारा सभी छात्रों को उत्कृष्ट परीक्षाफल के लिए बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य विजय सचदेवा ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को मिष्ठान खिलाया एवं पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पर्सनालिटी डेवलपमेंट आत्मविश्वास को करता है मजबूत : घनश्याम सिंह




लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के दिशा-निर्देशन में व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग में छात्र-छात्राओं के लिए एक सप्ताह का पर्सनालिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस प्रोग्राम में कुल 50 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जिसमें गुरुनानक गर्ल्स पीजी कालेज, बीएनएस पीजी कॉलेज, संत भीखदास पीजी कॉलेज, भगवान बक्स सिंह पीजी कॉलेज के साथ परिसर के कई विभागों के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि चार्टड एकाउंटेंट, इंदौर, के घनश्याम सिंह ने छात्र-छात्राओं के बीच अपने इंडस्ट्री के अनुभवों को साझा किया। कहा कि इंडस्ट्री में आने के लिए स्किल का होना बहुत जरूरी है। इसके लिए अपने आपको तैयार रखना होगा। उन्होंने कहा कि पर्सनालिटी डेवलपमेंट आत्मविश्वास को मजबूत करता है। इससे टीम भावना विकसित होगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभागाध्यक्ष प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह ने एक सप्ताह के कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कहा कि इस तरह के कोर्स आपके जीवन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने डब्लूएचओ द्वारा जारी लाइफ स्किल के महत्व को उदाहरण देकर विस्तार से छात्र-छात्राओं को समझाया। उन्होंने बताया कि कैसे इसका उपयोग अपने जीवन में करके उच्च पदों पर आसीन हो सकते हैं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रो जसवंत सिंह ने छात्र-छात्राओं से कहा कि आपके जीवन में स्किल महत्त्वपूर्ण रोल प्ले करती है। अगर स्किल्ड होंगे तो आपकी माँग सब जगह होगी। इसलिए इस तरह के कार्यक्रम में बढ़चढ़ हिस्सा लें और जो भी सीखें उसे अपने जीवन में उपयोग में लाये। उन्होंने कहा कि यदि आपमें पर्सनालिटी डेवेलप होगा तो अब किसी भी समस्या को दूर कर सकते हैं। इसके लिए प्रतिदिन सीखना होगा तभी आप जीवन में सफल व्यक्ति बन सकते हैं।

# मतदाता जागरूकता के तहत हुई स्लोगन व पेंटिंग प्रतियोगिता



लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** स्वीप योजना के अंतर्गत आयोजित हो रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत एसएसवी इंटरमीडिएट कॉलेज में सोमवार को स्लोगन और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य डॉ. मणि शंकर तिवारी ने शिक्षकों और विद्यार्थियों को मतदाता जागरूकता संबंधी शपथ दिलाई।

जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देश पर जिले में 4 मई में से 11 मई तक मतदाता जागरूकता के लिए विविध आयोजन किए जा रहे हैं। अभियान के तहत एसएसवी इंटर कॉलेज के बच्चों ने अपने अभिभावकों से मतदान करने संबंधी शपथ पत्र लेकर विद्यालय में प्रस्तुत किया। सोमवार को छात्रों के विभिन्न संवर्गों के बीच मतदाता जागरूकता से संबंधित स्लोगन और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न माध्यम व संवर्ग के विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की। प्रतियोगिता का संचालन शिक्षक अनिल मिश्र ने किया। प्रधानाचार्य डॉ. तिवारी ने सफल छात्रों का हौसला अफजाई किया। उन्होंने कहा कि शत प्रतिशत मतदान से ही स्थिर, मजबूत और निष्पक्ष सरकार का गठन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन घर में रहने से अच्छा है की बेहतर राष्ट्र के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग किया जाए।

## अलग-अलग गांव में पेड़ से लटकता मिला दो युवकों का शव

**अयोध्या।** हैदरगंज थाना क्षेत्र में सोमवार को अलग-अलग गांवों के दो युवकों का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता हुआ पाया गया। पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम को भेजा। इसे लेकर इलाके में तरह तरह की चर्चाएं हैं। पहली घटना में मृतक के भाई ने गांव के ही एक व्यक्ति के विरुद्ध नामजद तहरीर भी दिया है। हैदरगंज थाना अंतर्गत पहली घटना ग्राम पंचायत कोरोराघवपुर मजरे बासूपुर निवासी 19 वर्षीय मंजीत का शव घर से कुछ दूरी पर पेड़ से लटकता मिला। पूरे गांव में हड़कंप मच गया। शव मफलर के सहारे ढाक के पेड़ से बंधा लटक रहा था। मृतक के भाई सुरजीत पुत्र स्व. जीवनदास ने गांव के ही एक युवक के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर हत्या की आशंका जाहिर किया है। उसका आरोप है कि आरोपी द्वारा घटना के पूर्व 4 मई की रात लगभग 11 बजे शराब के नशे में पट्टीदार के घर पहुंचकर ईट गुम्मा घर में व छत पर फेंकने लगा।

# तीन दिन से चल रही हड़ताल आगे भी रहने का दिख रहा आसार



लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** तहसील में बार और बेंच के बीच ताल मेल बिगड़ जाने से अधिवक्ताओं की हड़ताल लंबी खिंचने के आसार बढ़ गए है। पिछले तीन दिनों से चल रही हड़ताल सोमवार को भी यथावथ बनी रही। अधिवक्ताओं ने हड़ताल का प्रस्ताव कुछ भूमि विवाद में न्याय न मिलने के साथ अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष पी डी तिवारी मामले में कोई सही कदम न उठाए जाने से नाराजगी दिखाते हुये न्यायिक कार्य से विरत रहने का प्रस्ताव देकर हड़ताल किया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय के बाहर हड़ताल शोक प्रस्ताव का टांगा गया तब विवाद और बढ़ गया। लोग सवाल पूछने लगे कि शोक किसकी मृत्यु पर किया जा रहा है? सोमवार को भी तहसील के अधिवक्ताओं की हड़ताल जारी रही तो वादकारियों को बैरंग अपनी तारीखें लेकर वापस लौटना पड़ा। सबकी निगाह उस बैनर पर जा टिकी जिसमें नायब तहसीलदार न्यायालय के बाहर बैनर टांग कर यह बताने की कोशिश की गयी कि अधिवक्ताओं की हड़ताल शोक प्रस्ताव पर है, न कि किसी अन्य मामले को लेकर है। यह बात दिन भर अधिवक्ताओं में आक्रोश का कारण बनती रही और वादकारी भी तहसील प्रशासन पर भड़कते रहे।

# मुख्यमंत्री योगी का इंडी गठबंधन पर निशाना

## बोले- रामद्रोह और राष्ट्रद्रोह कांग्रेस के डीएनए में



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए उन्हें रामद्रोही और राष्ट्रद्रोही बताया है। अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बात करते हुए सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस ने लगातार रामभक्तों और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का अपमान किया है। उसका ये आचरण दिखाता है कि वह वास्तव में सनातन राष्ट्र का अपमान करती रही है। कांग्रेस ने कभी कोई अवसर नहीं छोड़ा जब उसने देश और दुनिया में भारत को अपमानित न किया हो और सनातन धर्म को गाली न दी हो। उन्होंने कहा कि ये इंडी गठबंधन का करेक्टर है। ये लोग लगातार भारत की आत्मा को गाली देते हैं। हर प्रकार का प्रयास करते हैं कि बहुसंख्यक समाज अपमानित महसूस करे। चाहे कांग्रेस हो, सपा हो, नेशनल कांफ्रेंस हो या डीएमके हो, इन सभी का आचरण निंदनीय है और इनका आचरण ही इन्हें रसातल की ओर ढकेल रहा है।

### जो रामद्रोही है वो राष्ट्रद्रोही भी है

कांग्रेस नेत्री राधिका खेड़ा को रामलला के दर्शन करने पर उनकी पार्टी द्वारा अममानित किये जाने को लेकर पूछे गये सवाल पर योगी ने कहा कि कांग्रेस के डीएनए में रामद्रोह है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ श्रीराम का ननिहाल है, कोई भी रामभक्त किसी भी पार्टी का हो सकता है। कांग्रेस नेताओं द्वारा अपनी पार्टी की नेत्री का अपमान किया गया है, ये दिखाता है कांग्रेस, सपा और इंडी गठबंधन के डीएनए में रामद्रोह है और जो रामद्रोही है वो राष्ट्रद्रोही भी है। भारत का कोई भी जागरूक नागरिक इन्हें वोट नहीं करेगा।

**जाके प्रिय न राम-बदैही...**
मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस अपने आचरण से मजबूर हैं। सीएम योगी ने सभी रामभक्तों और नागरिक से अपील करते हुए कहा कि "जाके प्रिय न राम–बदैही, तजिये ताहि कोटि बैरी सम, जद्यपि परम सनेही।।" उन्होंने कहा कि कोई कितना भी आपका स्नेही हो, अगर वह राम विरोधी आचरण कर रहा है, तो मान के चलिए कि वह राष्ट्र विरोधी आचरण कर रहा है। वह कितना भी प्रिय हो उसे त्याग देने में ही देश और रामभक्तों का हित है। सीएम योगी ने कहा कि देश की जनता जागरूक है और अपना निर्णय ले रही है।

### जो जितना बड़ा रामभक्त है वो उतना बड़ा राष्ट्रभक्त

सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर कहा कि जो जितना बड़ा रामभक्त है वो उतना बड़ा राष्ट्रभक्त है। पीएम मोदी प्रखर राष्ट्रभक्त और रामभक्त हैं। 500 वर्षो का इंतजार समाप्त करके अयोध्या में रामलला फिर से विराजमान हुए हैं। अयोध्या का कायाकल्प मोदी जी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में संभव हुआ है। आज जो नई अयोध्या है ये एक नई गाथा हमारे सामने प्रस्तुत करती है। पीएम मोदी की कल अयोध्या में उपस्थिति देश ही नहीं पूरी दुनिया के रामभक्तों को अभिभूत कर रही थी। पूरी अयोध्या वहां उमड़ी थी। लाखों श्रद्धालु और रामभक्त मोदी जी के दर्शन को उत्सुक थे। मोदी जी का अयोध्या में अभूतपूर्व स्वागत हुआ।

## चुनावी एजेंडे में शिक्षा प्रणाली सुधार पर फोकस: सरवर अली

**लखनऊ।** लखनऊ लोकसभा क्षेत्र 35 से राजधानी के चुनावी दंगल में एक युवा नेता ने छलांग लगाने की पूरी तैयारी कर ली है। सोमवार को युवा प्रत्याशी ने तरूणमित्र टीम को बताया कि वो अपने समर्थकों संग कलेक्ट्रेट गये थे और उन्हें डायमंड चुनाव चिन्ह मिला है। वैसे तो रक्षामंत्री और सांसद राजनाथ सिंह के वृहद राजनीतिक कद और सत्ताधारी दल बीजेपी के हाईफाई चुनावी एजेंडे के समक्ष उक्त युवा उम्मीदवार का कद उतना बड़ा नहीं है, मगर उनके चुनावी मैनिफेस्टो पर गौर करें तो वो कुछ अलग ही बयां करता है। सरवर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरवर अली ने बताया कि उनके चुनावी घोषणापत्र के तहत सबसे पहले तो सभी निजी स्कूलों की फीस को आधा करने की योजना है, डेवलपमेंट चार्ज हटेगा, लाइबे्ररी व कम्प्यूटर फीस कक्षा एक से पांच तक हटेगी, ई रिक्शा, ऑटो का गलत तरीके से हुआ चालान हटाया जायेगा, प्राइवेट स्कूलों के संचालन नियंत्रण को लेकर एक उच्चस्तरीय कमेटी बनायी जायेगी।

## आईसीएसई की 10वीं व 12वीं का परिणाम घोषित



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** आईसीएसई की 10वीं व 12वीं की परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। इस परीक्षा में शहर के कई होनहारों ने सफलता का परचम फहराया। लखनऊ की प्रियंवदा सिंह ने 99.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं, जयपुरिया स्कूल की अक्षिता अग्रवाल ने 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। बाराबंकीः आईसीएसई में आयुष यादव ने 99 प्रतिशत अंकों के साथ 10वीं में किया जिला टॉप आईसीएसई बोर्ड की परीक्षा में जिले के आनंद भवन स्कूल के छात्र आयुष यादव ने कक्षा 10 में 99 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में टॉप किया है। सोमवार को परिणाम आने के बाद आयुष की स्कूल में बुलाकर शिक्षकों ने उसकी पीठ थपथपाई। आयुष शहर के तहसील कॉलोनी का निवासी हैं। उसके पिता अशोक कुमार मेडिकल स्टोर चलाते हैं। आयुष ने बताया कि वह आईएएस बनना चाहते हैं। स्कूल के अलावा घर में रोजाना चार से पांच घंटे पढ़ाई करते हैं। वहीं, कक्षा 10 में ही आनंद भवन की ऐनम फातिमा, अंशिका और अबदस समद को 98 प्रतिशत नंबर मिले है। जिले में इस बोर्ड के छह स्कूल है जिनमें 5000 से अधिक बच्चे अध्यनरत हैं। इसके अलावा श्री सांई इंटर कॉलेज शुक्लई की छात्रा प्रतिमा वर्मा ने 97.40 प्रतिशत अंक अर्जित कर नाम रोशन किया है।

## पुलिस लाइन में बनाया जाएगा चिल्ड्रन पार्क

» लाइब्रेरी और कैफेटेरिया भी होगा; मिलेंगी ये खास सुविधाएं



लोकमित्र ब्यूरो

**वाराणसी।** पुलिस लाइन में चिल्ड्रन पार्क, लाइब्रेरी और कैफेटेरिया बनाया जाएगा। पुलिस लाइन में ही एटीएम की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। ट्रैफिक आडिटोरियम को आधुनिक तरीके से तैयार किया गया है। प्रत्येक सप्ताह पुलिस कर्मियों के परिवार को वहां अब एक फिल्म दिखाई जाएगी। यह बातें पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने रविवार की शाम यातायात पुलिस लाइन में आयोजित सैनिक सम्मेलन में कहीं। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मियों को रहने के लिए उच्च स्तरीय व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी।

पुलिस आयुक्त ने कहा कि कमिश्नरेट के अफसर अधिकतम 15 दिन में कर्मचारियों की समस्याओं का निस्तारण करें। इस दौरान 28 पुलिस कर्मियों ने अपनी समस्याएं पुलिस आयुक्त को बताई। पुलिस आयुक्त ने कहा कि पुलिस कर्मियों की वेतन वृद्धि, टीए और मेडिकल प्रतिपूर्ति के भुगतान में ढिलाई बरतने वाले क्लर्क निलंबित किए जाएंगे। इसके लिए प्रत्येक हफ्ते भुगतान संबंधी प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी।

नामिनी बदलने से संबंधित सभी प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए। सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी / कर्मचारी के पेंशन संबंधी कागज समय से तैयार हो जाएं। घर बनाने और बच्चों की शादी या पढ़ाई के लिए जीपीएफ से पैसा निकालने के लिए आए प्रार्थना पत्र प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित हों। पुलिस कर्मियों को आवास का आवंटन नियमानुसार वरीयता के क्रम में किया जाए।

पुलिस कर्मी अपनी पे-स्लिप मोबाइल पर देखकर जानकारी प्राप्त कर सकें, इस व्यवस्था में कोई दिक्कत न आए। पुलिस आयुक्त ने कहा कि पुलिस कर्मी ड्यूटी के दौरान सजग और सतर्क रहते हुए आम आदमी से अच्छा व्यवहार करें। अपने परिसर की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। इस दौरान संयुक्त पुलिस आयुक्त डॉ. के एजिलरसन, अपर पुलिस आयुक्त एस चनप्पा और कमिश्नरेट के सभी अफसर व शाखाओं के प्रभारी मौजूद रहे।

## अपराधिक व्यक्तियों के 536 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये, 4704 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराये गये

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1802 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं।

## कांग्रेस की सरकार बनने पर पलट देंगे राम मंदिर पर फैसला

लोकमित्र ब्यूरो

**संभल।** पूर्व कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने बड़ा बयान दिया है। पूर्व कांग्रेस नेता ने कहा कि वह कांग्रेस में 32 साल से अधिक समय तक रहे हैं। जब राम मंदिर का फैसला आया तो राहुल गांधी ने अपने करीबियों के साथ बैठक की थी।

पूर्व कांग्रेस नेता व ऐंचोड़ा कंबोह स्थित श्री कल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि राहुल गांधी और उनकी टीम इस देश को किसी न किसी बहाने से तोड़ना चाहती है। पहले की कांग्रेस और वर्तमान की कांग्रेस में काफी फर्क है। कहा कि वह कांग्रेस में 32 साल से अधिक समय तक रहे हैं।

जब राम मंदिर का फैसला आया तो राहुल गांधी ने अपने करीबियों के साथ बैठक की थी। इसमें कहा था कि कांग्रेस सरकार बनने के बाद वह एक सुपरपावर कमेटी का गठन करेंगे। राम मंदिर के फैसले को वैसे ही पलट देंगे जैसे राजीव गांधी ने शाह बानो के फैसले को पलट दिया था।



आचार्य ने ऐंचोड़ा कंबोह स्थित अपने आवास पर मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बड़ी पार्टी है। कांग्रेस पार्टी की जब स्थापना हुई तो देशभक्त नेता थे। उस वक्त की कांग्रेस ने देश को जोड़ने का काम किया।

महात्मा गांधी और जवाहरलाल नेहरू ने भारत को जोड़ने का काम किया। वर्तमान की कांग्रेस देश को तोड़ना चाहती है। राहुल गांधी और उनकी टीम देश को जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र के नाम पर तोड़ने में लगी है। इसलिए वह गलत बयानबाजी करते हैं।

### चार जून के बाद कांग्रेस के होंगे दो धड़े

इससे पहले कृष्णम ने कहा था कि चार जून के बाद कांग्रेस पार्टी के दो धड़े हो जाएंगे। एक धड़ा राहुल गांधी का होगा तो दूसरा प्रियंका गांधी वाड्रा का। आचार्य का कहना है कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और नेताओं के दिल में एक ज्वालामुखी रही है जो चार जून के बाद फट जाएगा।

शनिवार को एक चैनल से बातचीत करते हुए आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि प्रियंका गांधी के साथ साजिश हो रही है। प्रियंका गांधी को पार्टी का अध्यक्ष बनने और राज्यसभा में जाने से रोका गया। कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी नहीं दी गई। यह साजिश उनके खिलाफ कई वर्षों से चल रही है। राहुल गांधी का खेमा चाहता है कि प्रियंका गांधी राजनीति से बाहर हो जाएं। इस वजह से प्रियंका गांधी के समर्थक दुखी हैं। इसके चलते ही चार जून के बाद कांग्रेस के दो धड़े होने वाले हैं।

## सड़क किनारे मकान में घुसा अनियंत्रित ट्रक, घर का अगला हिस्सा ध्वस्त

लोकमित्र ब्यूरो

**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के रानीपुर बाजार में सोमवार की सुबह राजस्थान से बिहार लहसुन लाद कर जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक मकान में घुस कर पलट गया। हादसे में परिवार के लोग बाल-बाल बच गए, लेकिन मकान का काफी नुकसान हुआ है। गृहस्वामी ने ट्रक चालक पर लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने का आरोप लगाते हुए क्षतिपूर्ति की मांग किया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस क्षतिग्रस्त हुए ट्रक को किनारे हटवाने की कवायद में जुट गई। कप्तानगंज के रानीपुर बाजार निवासी बेचन गुप्ता का मकान मुख्य मार्ग के किनारे स्थित है। इसी मकान में वे दुकान भी चलाते हैं। अल सुबह लगभग पांच बजे एक ट्रक अनियंत्रित होकर बेचन गुप्ता के मकान में घुस गया और मकान को बुरी तरह से क्षतिग्रस्त करते हुए पलट गया। मकान से ट्रक की टक्कर इतनी जोरदार थी कि पीड़ित के साथ ही अगल-बगल के मकान भी हिल गए। घटना के समय पूरा परिवार सो रहा था और तेज कंपन से सभी बिस्तर छोड़ कर उठ गए। हादसे में मकान के साथ ही ट्रक भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि हादसे में गृहस्वामी के परिवार के किसी सदस्य को खरोंच तक नहीं आई। वहीं चालक व खलासी भी मामूली रूप से ही चोटिल हुए। गृहस्वामी बेचन गुप्ता ने चालक पर लापरवाहीपूर्वक ट्रक चलाने का आरोप लगाया है, जिससे उनका काफी नुकसान हुआ है। घटना के समय पूरा परिवार घर के पिछले हिस्से में सोया था, जिसके चलते कोई घायल नहीं हुआ है। मकान का अगला हिस्सा तो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। वहीं ट्रक चालक अंकित निवासी कानपुर ने बताया कि अचानक से गाय के सामने आ जाने से उसे बचाने के चक्कर में यह हादसा हुआ है। ट्रक कानपुर निवासी संजय गुप्ता का है और वह राजस्थान से लहसुन लाद कर बिहार प्रांत के सिवान जिला लेकर जा रहा था।

## मोदी सरकार में दोगुनी हुई मेडिकल कॉलेजों की संख्या : नीरज सिंह

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह द्वारा लखनऊ लोकसभा प्रत्याशी राजनाथ सिंह के समर्थन में लखनऊ महानगर में आईआईएम रोड स्थित कैरियर मेडिकल एवम डेंटल कॉलेज, गणेशगंज स्थित साड़ी महल में व्यापारी की बैठक, कैंट विधानसभा स्थित मंडल तीन के स्कीरा टावर के पास नुक्कड़ सभा के साथ कैंट मंडल एक के आजाद नगर पुलिस चौकी के पीछे आयोजित नुक्कड़ सभा में सम्मिलित होकर देश के लोकतंत्र महापर्व में आने वाले 20 मई 2024 को हर व्यक्ति को वोट करने का संकल्प कराया। लखनऊ लोकसभा क्षेत्र से राजनाथ सिंह जी को कमल का बटन दबाकर ऐतिहासिक मतों विजयी बनाने की अपील की। आईआईएम रोड स्थित कैरियर मेडिकल एवम डेंटल कॉलेज में वोट फॉर नेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला उपस्थित रहे



है। वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह छात्रों को सबोधित करते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं को जानकारी देते हुए कहा कि हमारी पार्टी को सिर्फ वादों की नहीं, कर्मों की भी पहचान है। अंत में उन्होंने कहा की आज भारत देश सिर्फ देश तक ही सीमित नहीं, विदेश से भी जुड़ रहा है, और पिछले सरकार के मुकाबले हमारे सरकार में तीन गुना ज्यादा मेडिकल कॉलेज आज बन कर तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व वाली भाजपा सरकार गरीब, युवा, किसान, महिला और वंचित वर्ग को समर्पित है। पिछले दस वर्षों में देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या दोगुनी हो गई है मोदी सरकार में देश में एमबीबीएस सीटों की संख्या 2014 में बढ़कर एक लाख सात हजार हो गई है। अब छात्रों को छात्रों को विदेश जाकर एमबीबीएस करने की जरूरत नहीं पड़ेगी क्योंकि सरकार निरंतर सीट बढ़ने पर कार्य कर रही है। कार्यक्रम में डायरेक्टर इशान शर्मा, चेयरमैन डॉ०अजमत अली साहब, वाइस चेयरमैन इकबाल अली, प्रधानाचार्य एम एम खान, बालासुंदरी, भोला कुमार सिंह, एन के श्रीवास्तव, अफसार सिद्दीकी, अशोक कुमार मिश्रा व बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे। फिर गणेशगंज स्थित साड़ी महल में विवेक बदलनी द्वारा बड़ी संख्या में व्यापारियों की बैठक में सम्मिलित होकर व्यापारियों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा योजनाओं तथा व्यापार में सरकार द्वारा डिजिटलीयकरण करके सरलीकरण करते हुए भ्रष्टाचार का अंकुश लगाया गया, माफिया का सफाया हुआ तथा राज्य सरकार द्वारा जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाया गया।

## स्कॉलर्स होम के बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**लखनऊ।** गोमती नगर स्थित स्कॉलर्स होम विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आई.सी.एस.ई. तथा आई.एस.सी. 2024 के बोर्ड परीक्षा - परिणाम की मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज कराकर एक बार फिर अपना परचम लहरा दिया और विद्यालय को गौरवान्वित किया। स्कॉलर्स होम विद्यालय में कक्षा 10 व 12वीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं की परीक्षा में 98.40% अंक प्राप्त करने वाली नियति सक्सेना कहती हैं कि शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं नियमित अभ्यास से ही उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है। 96.20% अंक प्राप्त करने वाले आर्यमन राय ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं अध्यापकों की कुशल शिक्षण तकनीक को दिया है। इसी क्रम में यश्या श्रीवास्तव 95.20%, शाश्वत शुक्ला 95.20%, रुद्राक्ष यादव 94.40%, शिवानी प्रजापति 93.20% और तस्मिया आफरीन ने 92.40% अंक प्राप्त कर विद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं के प्रेरणा स्रोत बने।

## महिला और पुरुष को दुकान में बंद कर गया टेलर, अंदर से आने लगी अजीब आवाज, युवकों ने पकड़ कर तीनों को पीटा

लोकमित्र ब्यूरो

**गजरौला (अमरोहा)।** गजरौला में अधेड़ टेलर के कमरे में निजी कंपनी के सुरक्षा गार्ड को मोहल्ले के लोगों ने मुरादाबाद की महिला के साथ रंगरेलियां मनाते पकड़ लिया। महिला, टेलर और सुरक्षा गार्ड की जमकर पिटाई की। सुरक्षा गार्ड को उसके बेटों के हवाले कर दिया। मकान मालिक ने टेलर से दुकान खाली करा ली।

मामला नगर के एक मोहल्ले में बीते दिनों का बताया जा रहा है, लेकिन रविवार को उसका वीडियो वायरल हुआ। थाना क्षेत्र के एक गांव का 53 वर्षीय अधेड़ टेलर नगर के एक मोहल्ले में दुकान करता था। लेडीज कपड़ों की सिलाई का टेलर न होने के बावजूद उसकी दुकान पर महिलाएं आती थीं। अधेड़ टेलर की हरकत संदिग्ध लगने पर मोहल्ले के युवकों ने उसकी निगरानी शुरू कर दी। बीते दिनों दूसरे समुदाय की एक महिला उसकी दुकान में आई। थोड़ी देर बाद निजी कंपनी का सुरक्षा गार्ड आया। दोनों को अपनी दुकान में बंद कर बाहर से ताला लगाकर टेलर बाजार में चला गया।

करीब दो घंटे बाद टेलर आया। निगरानी कर रहे युवकों के कहने पर टेलर ने दुकान का ताला खोलने में आनाकानी की तो युवकों मकान के अंदर से जाकर दुकान की खिड़की खोल दी। निजी कंपनी के सुरक्षा गार्ड को महिला के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया। इसके बाद मोहल्ले के लोग इकट्ठा हो गए। टेलर, महिला व सुरक्षा गार्ड की जमकर पिटाई की। महिला ने खुद को मुरादाबाद निवासी बताया। मोहल्लेवासियों ने सुरक्षा गार्ड के बेटों को बुलाकर उनके सुपुर्द कर दिया। महिला को हिदायत देकर भेज दिया। सीओ श्वेताभ भास्कर का कहना है कि इस तरह का मामला संज्ञान में नहीं है। किसी ने तहरीर भी नहीं दी।

## वृंदावन लाया गया इस्कॉन के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज का पार्थिव शरीर

लोकमित्र ब्यूरो



**मथुरा।** इस्कॉन के सबसे वरिष्ठ संन्यासियों में से एक और इस्कॉन इंडिया की गवर्निंग काउंसिल (आईजीसी) के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज का रविवार सुबह देहरादून में निधन हो गया है। यह खबर सुनकर भक्तों व संस्था के वृंदावन सहित विश्व के मंदिरों में शोक की लहर दौड़ गई। सोमवार को गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज का पार्थिव शरीर वृंदावन लाया गया। यहां इस्कॉन मंदिर में प्रभुपाद की समाधि के पास ही अंतिम दर्शन के लिए सुबह 8.30 बजे से रखा गया। इसके बाद मंदिर की गोशाला के पास समाधि दी जाएगी।

इस्कॉन मंदिर, वृंदावन के पदाधिकारी बृजधाम दास की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, विश्व भर में उनके लाखों भक्त हैं। वे भक्त अंतिम दर्शन के लिए वृंदावन के इस्कॉन मंदिर में आए हुए हैं। भक्तों में उनके निधन से शोक की लहर है। बता दें कि गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज दो मई को दूधली स्थित मंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे थे। यहां वह अचानक फिसलकर गिर गए थे। इससे उनके फेफड़ों में पंक्चर हो गया था। तीन दिनों से उनका इलाज सिनर्जी अस्पताल में चल रहा था। रविवार सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली।

### दिल्ली में हुआ था जन्म

सन् 1944 में नई दिल्ली में जन्मे गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज एक मेधावी छात्र थे। उन्हें सोरबोन विश्वविद्यालय (फ्रांस) और मैकगिल विश्वविद्यालय (कनाडा) में अध्ययन करने के लिए दो छात्रवृत्तियां प्रदान की गईं थीं। उन्होंने 1968 में कनाडा में अपने गुरु और इस्कॉन के संस्थापक आचार्य श्रील प्रभुपाद से मुलाकात की और तब से उन्होंने सभी की शांति और कल्याण के लिए भगवान कृष्ण और सनातन धर्म की शिक्षाओं को दुनिया के साथ साझा करने के लिए खुद को समर्पित कर दिया।

# प्रियंका करेंगी राहुल भैया की वैतरणी पार

## रायबरेली-अमेठी में बघेल-गहलोत पर्यवेक्षक

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** कांग्रेस पार्टी अमेठी और रायबरेली की सीट हर हाल में अपने पास बनाए रखना चाहती है। इसके लिए दोनों ही सीटों पर प्रियंका गांधी अपनी 40 सदस्यीय टीम के साथ काम पर लगी हुई हैं। इसके तहत वह घर-घर में दस्तक देंगी और नुक्कड़ सभाएं करेंगी।

वहीं, कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को अमेठी लोकसभा सीट पर व छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को रायबरेली सीट की जिम्मेदारी देते हुए पर्यवेक्षक तैनात किया है। रायबरेली सीट पर राहुल गांधी प्रत्याशी हैं जबकि अमेठी सीट पर गांधी परिवार के करीबी रहे किशोरी लाल शर्मा को उम्मीदवार बनाया गया है। लंबे समय तक चली रस्साकशी के बाद गांधी परिवार ने अंतिम दिन रायबरेली से राहुल गांधी



और अमेठी से केएल शर्मा को चुनाव लड़ाने का फैसला लिया था। नामांकन के वक्त सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी,राबर्ट वाड्रा ने भी राहुल के नामांकन में शामिल होकर एकजुटता का संदेश दिया था। इन दोनों सीटों की कमान प्रियंका गांधी को सौंपी गई है। पार्टी की ओर से अभी तक अधिकृत कार्यक्रम जारी नहीं किया गया है, लेकिन प्रियंका गांधी की 40 सदस्यी टीम रायबरेली पहुंच गई है। यह टीम प्रियंका के चुनाव प्रचार की रणनीति तैयार कर रही।

सूत्रों के मुताबिक प्रियंका गांधी सामाजिक न्याय के मुद्दे को आक्रामक तरीके से उठाएंगी। इसके लिए प्रदेशभर से डाटा इकट्ठा किए गए हैं। वह करीब ढाई सौ नुक्कड़ सभा करेंगी। इन सभाओं में स्थानीय मुद्दे भी होंगे और मंच पर मौजूद लोगों को सामाजिक समीकरण की दृष्टि से रखा जाएगा। सूत्रों का यह भी दावा है कि टीम की ओर से तैयार किए गए रोडमैप के तहत वह कुछ इलाके में घर-घर जनसंपर्क करेंगी। इस बीच स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों और दशकों से गांधी परिवार के साथ पारिवारिक संबंध रखने वाले लोगों के घर तक जाएंगी। उनके ठहरने के लिए रायबरेली के एक गेस्ट हाउस में इंतजाम किया जा रहा है।

सूत्रों के मुताबिक प्रियंका रायबरेली और अमेठी के बूथवार निगरानी करेंगी। इसके लिए पार्टी की ओर से उनकी टीम को दोनों लोकसभा क्षेत्र की कमेटियों की सूची रविवार को सौंप दी गई है। प्रदेश मुख्यालय से सभी कमेटियों को अलर्ट रहने का भी संदेश दिया गया है। वह सोशल मीडिया अभियान पर भी नज़र रखेंगी। उनकी टीम में कई ऐसे विशेषज्ञ भी शामिल हैं, जो फ़ेसबुक, ट्विटर, इंट्राग्राम और व्हाट्स एप पर नजर रखते हुए उनके संचालन के लिए रणनीति तैयार करेंगे। यह रणनीति प्रियंका गांधी के निर्देश के तहत बनेगी।

चुनाव के दौरान प्रियंका गांधी अलग- अलग संगठनों के लोगों से संवाद करेंगी। इसके लिए रायबरेली और अमेठी के विभिन्न सामाजिक संगठनों की सूची भी इकट्ठा की गई है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक प्रियंका गांधी रायबरेली से ही अन्य राज्यों में कुछ समय के लिए चुनाव प्रचार के लिए जा सकती हैं। वह यहां से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट जैसे नेताओं के निरंतर संपर्क में रहते हुए चुनाव अभियान का संचालन करेंगी।

पार्टी के रणनीतिकारों की मानें तो प्रियंका गांधी के रायबरेली में रुकने की कई वजह है। वह यहां रुकर रिश्तों की दुहाई देंगी और इसके जरिए सियासी धार को मजबूत करेंगी। ऐतिहासिक तथ्य देखें तो 1952 से 62 तक फिरोज गांधी, 1962 से 1967 तक आरपी सिंह और फिर पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी ने यहां से रिश्ते मजबूत किए। बीच में एक दौर ऐसा भी आया कि पारिवारिक नजदीकी लोगों को रायबरेली की कमान मिली, लेकिन 1999 में सोनिया गांधी ने फिर इस क्षेत्र की कमान संभाल ली।

## संक्षेप

### स्कूली बच्चों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

जौनपुर :महराजगंज विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय और उच्च प्राथमिक बेसार के बच्चों द्वारा संयुक्त रूप से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।रैली प्राथमिक विद्यालय परिसर से निकाली गई जो गांव की बस्तीओं से होते हुए विद्यालय परिसर पहुंची।इस दौरान बच्चें हाथों में वोट देने की अपील की तख्तियां लेकर चल रहे थे साथ ही नारेबाजी भी कर रहे थे।जिसमें पहले मतदान फिर जलपान,चाहे नर हो या नारी मतदान सब की जिम्मेवारी,वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है,सत्य और ईमान से सरकार बनाएंगे मतदान से,अब जागो प्यारे मतदाता वोट हमारा अधिकार कभी ना करें इसका बहिष्कार जैसी स्लोगन लिखा था।इस मौके पर बच्चों के साथ दोनों विद्यालयों के समस्त शिक्षक शिक्षिका मौजूद रहे।अध्यापकों द्वारा भी ग्रामीणों को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु अपील किया गया।

### वेलफेयर फोरम ऑफ़ आरडब्लयूए गाजियाबाद की मई माह की योजना 'बरगद का पेड़' के तहत बैठक संपन्न

साहिबाबाद। वेलफेयर फोरम ऑफ आर डब्ल्यूए गाजियाबाद के तत्व आवेदन में इस माह की बैठक दिनांक 5 मई तदनुसार रविवार सायं 6:00 बजे मेरे( संजीव हुडा) के निवास coral B-205, शालीमार सिटी पर आयोजित की गई। बैठक में पुलिस विभाग की ओर से डे ऑफिसर श्री योगेश पाठक अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे।वेलफेयर फोरम की ओर से सर्व राजेंद्र गर्ग,यशपाल सिंह,दीपांकर चक्रवर्ती, सिद्धार्थ त्यागी,रणधीर शर्मा तथा वीरेश चंद्र सिंह उपस्थित रहे। पर्यावरण प्रहरी टीम की ओर से सर्व श्री आर पी शर्मा, राजकुमार जी, डी वी सिंह जी, निरंकार जी,पूर्णेंदु जी,मनोहर बंसल जी तथा संजय जी उपस्थित रहे। बैठक में भिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई और उनके समाधान का आश्वासन दिया गया।

### मतदान हेतु आयोग द्वारा 13 पहचान पत्रों किया गया है मान्य

बाराबंकी। जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मानपुर के छात्र कृत वर्मा द्वारा बनाए गए बाराबंकी बी कार्टून के माध्यम से बताया गया है कि यदि कोई मतदाता जानना चाहता है कि वह मतदान केंद्र पर कौन सा पहचान पत्र लेकर जाए तो बाराबंकी बी ने इसका उत्तर देते हुए बताया कि निर्वाचन आयोग ने 13 पहचान पत्रों को मान्य किया है, जिसमें से मतदाता कोई भी एक पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, पासबुक, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड इत्यादि पहचान पत्र के रूप में ले जा सकते हैं।

### रक्षा मंत्री से मिला अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल 5 लाख से अधिक के अंतर से जीतेंगे-संदीप बंसल

लखनऊ। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी का प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के नेतृत्व में देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके आवास पर मिला। संगठन अध्यक्ष संदीप बंसल ने मतदान प्रतिशत बढ़ाए जाने के लिए संगठन द्वारा किए जा रहे प्रयासों से उनको अवगत कराया जिस पर राजनाथ सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसको निरंतर जारी रखने को कहा उन्होंने कहा कि सभी बाजारों में व्यापारियों द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएं। संदीप बंसल ने कहा की 5 लाख की जीत का अंतर लखनऊ वासियों के हिसाब से कम है उनकी जीत लखनऊ से 5 लाख से और अधिक वोटो से होगी। रक्षा मंत्री से मिलने वाले पदाधिकारी प्रदेश अध्यक्ष रिपन कंसल,लखनऊ महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी, युवा प्रदेश महामंत्री आकाश गौतम, महिला प्रदेश अध्यक्ष अनीता जायसवाल, नगर अध्यक्ष अश्वन वर्मा, जिला अध्यक्ष ललित सक्सेना, निशित श्रीवास्तव प्रमुख रहे।

### मोदी सरकार में देश की सांस्कृतिक विरासत को मिला सम्मान : लल्लू सिंह

अयोध्या। सांसद लल्लू सिंह ने बीकापुर विधान सभा के रानी बाजार मंडल के एक दर्जन गांवों में चौपाल लगाई। उन्होनें फिरोजपुर उपरहार, फतेहपुर सरैया, सिंहपुर, घाटमपुर, भीखनपुर, हूसेपुर, गोपालपुर, बिछिया, सरियावां, मोइद्दीनपुर, रानीबाजार, कोटसराय में चौपाल के माध्यम से जनता से संवाद किया। चौपाल में पहुंचने पर स्थानीय लोगों द्वारा सांसद लल्लू सिंह का स्वागत किया। चौपाल में सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि सरकार के दो कार्यकाल में हर गांव को सड़कें मिली। गरीबों को बिजली कनेक्शन मिला। बिचौलियों का राज समाप्त हुआ। सरकार की कार्यवाही से भ्रष्टाचारियों के मन में भय है। पिछले दस सालों में भारत ने महान लोकतांत्रिक परम्पराओं के साथ-साथ देश की सांस्कृतिक विरासत का सम्मान किया है। नरेन्द्र मोदी ऐसे पीएम हैं जो सर्वाधिक बार अयोध्या आएं। यह उनके अयोध्या के प्रति उनकी आस्था को प्रर्दशित करता है। अयोध्या के विकास के लिए भी सरकार ने कोई कोर-कसर नही छोड़ी है। उन्होंनें सरकार के कार्यकाल में देश ने कई उपलब्धियों को देखा है। सरकार ने योजनाओं की श्रंखलाओं के माध्यम से हर पात्र के उत्थान का कार्य किया है। चार जून को फिर से अयोध्या को भगवा मय करने का संकल्प लें।

### गैंगेस्टर के मुकदमे में वांछित 25 हजार ईनामिया गिरफ्तार

अयोध्या। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर द्वारा अपराध नियन्त्रण एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपराध एवं अपराधियो पर प्रभावी नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत कुमारगंज पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। प्रभारी निरीक्षक रतन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने धारा 3(1) यूपी गैगेंस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित 25 हजार रूपया का ईनामिया एवं शातिर अपराधी नबाव पुत्र याकूब निवासी ग्राम सम्भलहेड़ा थाना मीरापुर जनपद मुजफ्फरनगर को थाना क्षेत्र स्थित रामगंज स्कूल के पास हाईवे के पास से गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक के अलावा उप निरीक्षक जितेन्द्र यादव प्रशिक्षु उप निरीक्षक अमित कुमार तथा कांस्टेबल राजकुमार यादव एवं रविशंकर शामिल रहे।

# सभी व्यवस्थाएं पूर्ण, पोलिंग बूथ के लिए मण्डी समिति से हुई रवाना

संवाददाता वैभव पचौरी



**एटा।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने कहा कि जनपद में एटा लोकसभा की विधानसभा एटा सदर, मारहरा एवं आगरा लोकसभा की विधानसभा जलेसर में निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। जनपद में 07 मई को प्रातः 7 बजे से सांय 06 बजे तक मतदान होगा। जनपद में चुनाव को सम्पन्न कराने हेतु जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन सभी पूर्ण सतर्क, सजग हैं। डीएम की देखरेख में सभी मतदान पार्टियां कृषि उत्पादन मण्डी समिति एटा से प्रस्थान कर सकुशल अपने निश्चित मतदान केन्द्र पर पहुंच गयीं तथा मतदान कराने की तैयारियों में जुट गयीं। सोमवार को एटा लोकसभा क्षेत्र में तैनात प्रेक्षक महोदय ललित कुमार दाहिमा, जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह, एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने मण्डी समिति पहुंचकर पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल का जायजा लिया एवं उपस्थित अधिकारियों को समुचित दिशा निर्देश दिए। डीईओ ने सख्त निर्देश दिए हैं कि सभी जोनल, सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट, माइक्रो आब्जर्वर, पोलिंग पार्टी के मतदान कर्मियों द्वारा पूर्ण निष्पक्षता के साथ कार्य किया जाए। मतदान की गति को तेज बनाये रखें, मतदान केन्द्र के आसपास भीड़ भाड़ न लगने दें, कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति मतदान केन्द्र में प्रवेश नहीं करेगा। मतदान केन्द्र के आसपास व अन्य क्षेत्र में कोई भी मतयाचना नहीं करेगा, मतदान से पूर्व मोकपोल कराना है, सभी की वीडियोग्राफी करायें और प्रातः 07 बजे से मतदान शुरू करा दें, जो निरंतर शाम 06 बजे तक चलेगा। शाम 6 बजे तक जो मतदाता मतदान करने के लिए लाईन में लग जायेंगे, उन सभी को टोकन के माध्यम से मतदान कराना हैं। डीईओ जनपद में तृतीय चरण के तहत समस्त मतदाताओं से अपील की है कि वे अपने पोलिंग स्टेशन पर जाकर मतदान अवश्य करें। पोलिंग स्टेशनों पर मा0 आयोग की मंशा के अनुरूप बेहतर व्यवस्थाएं की गई हैं। इस अवसर पर सीडीओ डा0 एके बाजपेयी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आयुष चैधरी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन सत्य प्रकाश, एएसपी धनंजय सिंह कुशवाह, एसडीएम सदर सुश्री भावना विमल, एसडीएम जलेसर जगमोहन गुप्ता, एएसडीएम वेद प्रिय आर्य, एसडीएम अलीगंज प्रतीत त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण आदि मौजूद रहे।

### तृतीय चरण के तहत जनपद एटा में मतदान हेतु सामान्य सूचना एक नजर

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद में तृतीय चरण के तहत 07 मई को विधानसभा एटा सदर में 253, मारहरा 281, जलेसर में 282 सहित कुल 816 पोलिंग स्टेशन लोकेशन, एटा सदर में 402 पोलिंग स्टेशन, मारहरा में 366, जलेसर में 365 सहित कुल 1133 पोलिंग स्टेशन पर एटा सदर के 336474, मारहरा में 314108, जलेसर में 303800 सहित कुल 954382 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। मतदान को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु एटा सदर विधानसभा को 03, मारहरा को 03 एवं जलेसर को 04 जोन में बांटा गया है, तो वहीं एटा में 32 सेक्टर, मारहरा में 33 सेक्टर, जलेसर में 45 सेक्टर में विभक्त किया गया है। इसके अलावा प्रत्येक विधानसभा में 20-20 स्टेटिक मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। डीईओ ने बताया कि जिले में 18 वर्ष से अधिक आयु के एटा में 5780, मारहरा में 5973, जलेसर में 5428 सहित कुल 17181 मतदाता प्रथम वार अपने मत का प्रयोग करेंगे, इसके साथ ही एटा सदर में 3013, मारहरा में 3529, जलेसर में 2760 सहित कुल 9302 दिव्यांग मतदाता वोट डालेंगे। मतदान को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु एटा में 228, मारहरा में 190, जलेसर में 207 सहित कुल 625 पोलिंग स्टेशन पर बेबकास्टिंग, 216 पोलिंग स्टेशन पर वीडियोकैमरा संचालकों को लगाया गया है। तृतीय चरण के मतदान को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु एटा सदर में 1772, मारहरा में 1612, जलेसर में 1608 सहित कुल 4992 पोलिंग पार्टी के कार्मिक (रिजर्व सहित) लगाए गए हैं।

# वरिष्ठ कार्यकर्ता ने दर्जनों गांव का भ्रमण कर मतदाताओं से जनसंपर्क किया व तनुज पुनिया के पक्ष में मतदान करने की अपील



लोकमित्र ब्यूरो

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** गठबंधन प्रत्यासी तनुज पुनिया के समर्थन में काग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता पूर्व प्रधान दीपक तिवारी चुनावी मैदान में उतरकर अपने समर्थको के साथ सुबेहा क्षेत्र के कैथी मुस्तफाबाद असरफाबाद ,सहित दर्जनों गांव का भ्रमण कर मतदाताओं से जनसंपर्क किया और तनुज पुनिया के पक्ष में मतदान करने की अपील की इस अवसर पर पूर्व प्रधान दीपक तिवारी ने कहा की भाजपा सरकार में महंगाई बेरोजगारी से आमजनता बेहाल है 400 रुपए में बिकने वाला सिलेंडर आज एक हजार रुपए में बिक रहा है सब्जी के भाव आसमान छू रहे है जिससे गरीब की थाली से स्वाद का जायका बिगड़ गया है और रोजगार के लिए कोई साधन नहीं है युवा डिग्री लेकर सड़को पर घूम रहे हैं नौकरी नहीं मिल रही है आज हर कोई परेशान हैं इसलिए इस बार हो रहे चुनाव में किसी के बहकावे मे आने की जरूरत नहीं है हम आपको विश्वास दिलाते हैं की यदि आप सभी के आशीर्वाद से यदि गठबंधन की सरकार बनती है पढ़े लिखे शिक्षित युवा को नौकरी व रोजगार मुहैया कराकर हर गरीब किसान के चेहरे पर खुशहाली लाने का काम किया जाएगा । इस दौरान मतदाताओं ने भी उन्हें समर्थन देते हुए भारी मतों से चुनाव जिताने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष शिवनारायण रावत, राजकुमार अवस्थी संतोष कुमार, सुरेंद्र कुमार ,रामकेवल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### राजा रत्नाकर सिंह के त्रयोदश संस्कार में पहुंचे हजारों लोग

**बाराबंकी।** जनपद के धमेड़ी रियासत के राजा स्वर्गीय रत्नाकर सिंह के निधन पश्चात शनिवार को राजमहल अमर सदन परिसर में पुरोहित के निर्देशानुसार पारंपरिक रूप व विधिविधान से त्रयोदस संस्कार संपन्न किया गया। जिसके बाद रैकवार परिवार के सदस्यों व उपस्थित रिश्तेदारों द्वारा राजकुमारी दिव्य ज्योति सिंह को तिलक लगाकर रियासत का उत्तराधिकारी घोषित किया गया , रोली चंदन अक्षत से राजतिलक किया गया। इस मौके पर राजमाता मृणालिनी सिंह उनकी पुत्रियां, दामाद रिश्तेदार सहित काफी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद है। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश उत्तर प्रदेश राजस्थान व पड़ोसी देश नेपाल की रियासतों से राजपरिवारों के लोगों ने अमर सदन में पहुंचकर पुष्पांजलि श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी दौरान आए हुए अतिथियों व कई हजार क्षेत्रीय लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर शांतिभोज में सहभाग किया।

# नेताओं की गाड़ियों में तोड़फोड़, दर्ज की एफआईआर

» ऐसी घटना पुलिस के लिए चुनौती




लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** वीआईपी छेत्र के नाम से जानी जानें वाली उत्तर प्रदेश की लोकसभा अमेठी सीट पर सियाससी पारा लगातार बढ़ता जा रहा है। कांग्रेस उम्मीदवार के आने से राजनीतिक उठापटक शुरू हो गई है। यहां रविवार की देर रात लगभग 11 के करीब जब कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा क्षेत्र से जनसंपर्क कर वापस पार्टी के केंद्रीय कार्यालय गौरीगंज पहुंचकर वहां मौजूद कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग कर रहे थे, तभी कार्यालय के बाहर सड़क के किनारे खड़ी कई गाड़ियों पर तोड़फोड़ की गई। वाहनों पर तोड़फोड़ की हरकत करने वाले में करीब छह अराजक तत्वों लाठी डंडे से लैस थे और घटना के बाद मौके से भाग निकले। अराजक तत्वों द्वारा इस हमले में कई गाड़ियों के शीशे टूट गए

और क्षतिग्रस्त हो गए। यही नहीं मौके पर मौजूद गाड़ियों के अंदर ड्राइवर व अन्य लोगों के चोटिल होने की बात भी सामने आई है। बताया जा रहा है कि कुल तीन लोग चोटिल हुए हैं। कांग्रेस पार्टी के जिला प्रवक्ता अनिल सिंह का कहना है कि यह सभी लोग भारतीय जनता पार्टी के गुंडे थे, जो कानून को हाथ में लेकर इस तरह की घटना को अंजाम देकर भाग निकले। स्थानीय लोगों ने बताया कि स्कॉर्पियो पर सवार होकर लगभग आधा दर्जन लोग आए और डंडे तथा लोहे की रॉड से खड़ी गाड़ियों पर वार करने लगे और उन्हें क्षतिग्रस्त कर दिया।

### प्रियंका गांधी, चुनाव की रणनीति पर करेंगी चर्चा

**अमेठी।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव सोमवार शाम को अमेठी पहुंचेंगी। इस दौरान वह पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर चुनाव की रणनीति पर चर्चा करेंगी।

कांग्रेस के जिला प्रवक्ता अनिल सिंह ने बताया कि प्रियंका देर शाम अमेठी पहुंचेंगी। वह यहां पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर चुनाव की रणनीति पर चर्चा करेंगी।

सूत्रों की माने तो, प्रियंका शाम पांच बजे रायबरेली के भुएमऊ गेस्ट हाउस में वहां के पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगी।

प्रियंका गांधी कांग्रेस उम्मीदवार किशोरी लाल शर्मा के नामांकन के दौरान अमेठी आयी थीं। उस वक्त उन्होंने कहा था कि वह छह मई को आएंगी और पूरे चुनाव के दौरान अमेठी और रायबरेली में रहेंगी। रायबरेली से राहुल गांधी चुनाव लड़ रहे हैं।

अमेठी और रायबरेली सीटों पर लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के तहत आगामी 20 मई को मतदान होगा।

# फेडरेशन ऑफ राजनगर एक्सटेंशन ए ओ ए ने की वरिष्ठ नागरिकों के साथ बैठक संपन्न



लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** 05 मई 2024 को फेडरेशन ऑफ राजनगर एक्सटेंशन ए ओ ए की एक बैठक का आयोजन आशियाना पाम कोर्ट सोसाइटी के क्लब हाल में किया गया, जिसमें फेडरेशन अध्यक्ष सचिन त्यागी, उपाध्यक्ष डॉ. सुबोध गुप्ता मीडिया सह-प्रभारी मनोज कुमार अग्रवाल व वरिष्ठ नागरिक सदस्य प्रदीप कुमार सिंघल, कृष्ण मुरारी कानूनगो, अनिल कुमार वत्स, राजेन्द्र प्रसाद ध्रुव, चंद्र शेखर सैनी एवं अन्य वरिष्ठ गण सुंदर लाल गर्ग, योगेंद्र कुमार शर्मा, हरवीर सिंह, ह्रदेश कुमार व विनोद कुमार गर्ग उपस्थित रहे।

बैठक में क्षेत्र की समस्याओं के समाधान में राजनगर एक्सटेंशन के वरिष्ठ नागरिकों के सक्रिय योगदान के महत्व पर चर्चा हुई और संस्था के संरक्षक मंडल पर विचार किया गया। फेडरेशन अध्यक्ष सचिन त्यागी के आवाहन पर अन्य समस्याओं के साथ गंगा जल परियोजना की मांग पर प्रबल कार्यवाही के लिए रूपरेखा तैयार करना चर्चा का केंद्र रहा और लोकसभा चुनाव के नतीजों की घोषणा के बाद भावी सांसद को विषय पर ज्ञापन देने व साथ रख समस्याओं से लड़ने व समाधान की बात रखी गई। स्वच्छ जल संचय के उद्देश्य से विषय पर अध्यक्ष सचिन त्यागी द्वारा सभी सोसाइटियों के पदाधिकारियों और प्रबंधन टीम से अपील की गई है कि सभी सुनिश्चित करें कि उनकी सोसाइटी के STP प्लांट अपनी पूरी क्षमता के साथ कार्य कर रहे हों व सोसाइटी की नियमित सफाई व बागवानी आदि कार्यों हेतु अनिवार्य रूप से STP से ट्रिटिड पानी ही को उपयोग में लाएं।

फेडरेशन उपाध्यक्ष डॉ. सुबोध गुप्ता ने कहा कि राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र के निवासियों की सुविधाओं हेतु सक्रिय रहने के लिए फेडरेशन प्रतिबद्ध है, इसलिए कार्यवाहियों को और अधिक प्रबल बनाने के लिए क्षेत्र से वरिष्ठ नागरिक, महिला सदस्याओं व अन्य सक्रिय प्रबुद्ध जन को संस्था में शामिल करते हुए सदस्यता प्रदान की जाएगी।

### मामूली कहासुनी होने पर फंदा लगाकर किया आत्महत्या का प्रयास

**एटा।** बच्चों और पत्नी से हुए मामूली विवाद में अधेड़ ने पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया मौके पर मौजूद परिजनों द्वारा फंदे से उतार कर जिला मेडिकल कॉलेज पर लाया गया। जहां उनका उपचार जारी है। सोमवार को कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव खंगारपुर निवासी तोफान सिंह पुत्र नेकराम उम्र लगभग 60 वर्ष अपनी पत्नी व बच्चों के साथ खेत पर मौजूद था कि इसी दौरान चकोरी की खुदाई के समय उसकी बेटो से कहासुनी हो गई। जिसको लेकर तोफान सिंह की पत्नी ने कुछ कहा जिससे गुस्से में आकर आत्महत्या के उद्देश्य से वह खेत पर मौजूद नीम के पेड़ पर चढ़ गया। बेटों द्वारा पिता को पेड़ से उतरने का प्रयास किया। लेकिन उसने गले में पड़े गमछे से फंदा लगा लिया। बेटों द्वारा फंदा दराती से काटा तो वह पेड़ से नीचे आकर गिर गए और घायल हो गए जिन्हें तत्काल बेटे अजय द्वारा जिला मेडिकल कॉलेज पर भर्ती कर दिया गया जहां उनका उपचार जारी है।

# मॉरीशस सरकार के आमंत्रण पर भोजपुरी महोत्सव 2024 में शिरकत करने पहुंचेंगे अशोक श्रीवास्तव



लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** जाने-माने भोजपुरी एक्टिविस्ट और भोजपुरी महासभा गाज़ियाबाद के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव को मॉरीशस सरकार के कला एवं संस्कृति मंत्रालय की ओर से आयोजित भोजपुरी महोत्सव 2024 में शामिल होने के लिए मॉरीशस पहुंचे हैं। भारत की ओर से भोजपुरी महोत्सव 2024 का अशोक श्रीवास्तव का प्रतिनिधित्व करने को लेकर पूर्वांचल के लोगों को खुशी की लहर है।

भोजपुरी भाषा के उत्थान के लिए अशोक श्रीवास्तव लम्बे अरसे से संघर्षरत हैं, भोजपुरी महासभा के अध्यक्ष की हैसियत से अशोक श्रीवास्तव प्रतिवर्ष भोजपुरी कवि-सम्मेलन और भोजपुरी सम्मेलन का आयोजन करते आ रहे हैं। जिसमे भोजपुरी भाषा के अनेक विद्वानों और साहित्यकारों द्वारा भोजपुरी भाषा के विस्तार पर गहन विमर्श होता है। वहीं भोजपुरी भाषा को संविधान की अनुसूची में शामिल करने को लेकर हो रहे आंदोलन में भी गाज़ियाबाद से अशोक श्रीवास्तव की बड़ी भूमिका रही है। पिछले 40 वर्षों से अशोक श्रीवास्तव भोजपुरी को लेकर काम कर रहे हैं। अशोक श्रीवास्तव ने बताया कि मॉरीशस सरकार ओर से आयोजित भोजपुरी महोत्सव 6 मई से 8 मई तक चलेगा। कार्यक्रम में मॉरीशस के प्रधानमंत्री समेत दुनिया भर से भोजपुरी भाषा के एक्टिविस्ट, कलाकार और साहित्यकार शिरकत कर रहे हैं।

# '2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक सकता'

लोकमित्र ब्यूरो




**वाराणसी।** जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि 21वीं शताब्दी में स्वावलंबी भारत के सपने को साकार करने के लिए पिछले 10 वर्षो में ऐतिहासिक अभूतपूर्व कार्य हुए हैं, निश्चित रूप से देश के आम आदमी के सर्वांगीण विकास से 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनने से कोई रोक नहीं सकता।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति का सही मायने लागू होने से देश का युवा आत्मनिर्भर और आत्मविश्वास से लबरेज है और स्वावलंबी विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए संकल्पित है। आज जब पूरे विश्व में युद्ध की स्थिति बनी हुई है, पूरी दुनिया भारत की ओर आशा भरी नजरों से देख रही है।

महमूरगंज स्थित लॉन में सोमवार को वाराणसी नगर उद्योग व्यापार मंडल और सहयोगी संस्थाओं द्वारा '21वीं शताब्दी और स्वावलंबी भारत' विषयक संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि मनोज सिन्हा ने कहा कि आजादी के शताब्दी वर्ष में निश्चित रूप से स्वावलंबी और विकसित भारत को पुनः विश्वगुरु बनने से दुनिया की कोई ताकत रोक नहीं सकती।

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी ने कहा कि भारतीय जनमानस को मानसिक रूप से स्वावलंबी बनना होगा, इसके लिए जमीनी स्तर पर कार्य करने की जरूरत है। संचालन वाराणसी नगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव सिंह (बिल्लू) ने किया। बाल चिकित्सक (पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आईएमए) डॉ. अशोक राय ने भी 21वीं शताब्दी में स्वावलंबी भारत का खाका खींचा। कार्यक्रम में भारत माता की जय, वंदे मातरम्, हर हर महादेव के उद्घोष से सभागार गुंजयमान होता रहा। संगोष्ठी में व्यापारी समाज एवम समाज के हर वर्ग के लोगों के साथ बड़ी संख्या में नारी शक्ति भी शामिल रही।

सिंधु विकास समिति, श्री बाबा काशी विश्वनाथ सेवा समिति, उत्तर प्रदेश टेंट व्यापारी एसोसिएशन, अखिल भारतीय अग्रहरी समाज, बी.एन.आई.(BNI), अतुल्य काशी, टूरिस्ट गाइड फेडरेशन ऑफ इंडिया सहित संस्थाएं शामिल रहीं।

### गलत इलाज के चलते प्रसूता व बच्चे की मौत के बाद क्लिनिक सीज

**अलीगंज/एटा।** अलीगंज में बाईपास अमरोली रोड स्थित अवैध रूप से संचालित अस्पताल में गलत इलाज के चलते प्रसूता और नवजात बच्चे की गलत मौत हो गई। जिस प्रकरण में अब रूप से संचालित क्लीनिक को सीज किया गया और साथ ही नोटिस चस्पा किया गया। मुख्य चिकित्सक के निर्देशन मे बाईपास अमरोली रोड अलीगंज स्थित अवैध रूप से संचालित क्लिनिक को प्रसूता व नवजात बच्चे की गलत इलाज के चलते मौत को लेकर सीज की कार्रवाई की गई। जिस दौरान एसीएमओ डॉक्टर सर्वेश कुमार और टेक्नीशियन अशोक कुमार द्वारा संचालित अवैध क्लिनिक को सीज किया गया। बताते चलें कि थाना अलीगंज के कालिंजर निवासी 22 वर्षीय नेहा पत्नी करन सिंह के प्रसव पीड़ा के चलते परिजनों ने बाईपास अमरोली रोड अलीगंज स्थित क्लीनिक में भर्ती करवाया था।

# श्रीराम कथा में धूमधाम से मनाया गया राम जन्मोत्सव

लोकमित्र ब्यूरो

**नोएडा।** सेक्टर 82 स्थित पॉकेट 7 में आयोजित श्रीराम कथा के दूसरे दिन कथा व्यास महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 स्वामी पंचमानंद जी महाराज ने नारद मोह, जय विजय श्राप एवं राम जन्म की भावपूर्ण कथा सुनाई। नारद जी भगवान की तपस्या में रत हैं ऐसे में कामदेव उनकी तपस्या भंग करने का प्रयास करता है लेकिन तपस्या भंग नहीं कर पाता है। नारद को अभिमान हो जाता है और वह इस बात को ब्रम्हा जी, शिव जी और विष्णु भगवान को बताते हैं। भगवान विष्णु अपनी माया से उनका अहंकार नष्ट कर देते हैं। कथा व्यास ने राम जन्म का रोचक प्रसंग सुनाया। राजा दशरथ के कोई संतान नहीं है इससे चिंतित हो जाते हैं। गुरु से परामर्श के बाद श्रृंगी ऋषि पुत्रेष्टि यज्ञ कराते हैं जिसमे अग्निदेव खीर लेकर प्रकट होते हैं। उस खीर को तीनों रानियों में बांट दिया जाता है। समय आने पर महारानी कौशल्या के गर्भ से राम, सुमित्रा से लक्ष्मण और शत्रुघ्न और कैकई से भरत का जन्म होता है। अयोध्या में खुशिओं की लहर दौड़ जाती है। राजा दशरथ दोनों हाथों से राज्य के लोगों को दान देते हैं। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं ने धूमधाम के साथ राम जन्म मनाया साथ ही संगीत की मधुर ध्वनि पर जमकर नृत्य किया। इस अवसर पर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष राघवेंद्र दुबे ने बताया कि 7 मई को बाल लीला,विश्वामित्र यज्ञ रक्षा, अहिल्या उद्धार आदि प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। इस अवसर पर देवमणि शुक्ल , रवि राघव , गोरे लाल, संजय पांडे, हरि सिंह, उत्तम चंद्रा, वीरेंद्र कुमार, विवेक सिंह,रमेश चंद्र शर्मा, रमेश दास, बहादुर चौहान, अंगद सिंह तोमर,हंसमणि शुक्ल, विष्णु शर्मा, उदय राम, शिव चौधरी, रविंद्र कुमार , विकास शर्मा , विश्वनाथ त्रिपाठी, सत्येन्द्र प्रताप सिंह, सहित तमाम सेक्टरवासी भक्त मौजूद रहे।

### वर्ल्ड अस्थमा डे के उपलक्ष में आई एम ए गाजियाबाद द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन

**गाजियाबाद।** वर्ल्ड अस्थमा डे के अवसर पर आई एम ए गाजियाबाद द्वारा एक प्रेस वार्ता का आयोजन आई एम ए भवन गाजियाबाद में किया गया। इस प्रेस वार्ता को अस्थमा के विशेषज्ञ डॉक्टर आशीष अग्रवाल, डॉ वी बी जिंदल एवं आई एम ए गाजियाबाद की अध्यक्ष डॉ वाणी पुरी ने संबोधित किया। इस प्रेस वार्ता में डॉ आशीष ने चिंता जताते हुए कहा कि ग्लोबल डिजीज बर्डन 2018 के अनुसार उत्तर प्रदेश का स्थान आसमान प्रसार व मृत्यु दर में सबसे खराब राज्यों में सबसे ऊपर है। हम अक्सर मानते हैं कि अगर ह्रदय स्वस्थ है तो शेयर भी सेहतमंद होगा लेकिन यह एकमात्र कारक ही संपूर्ण सेहत का प्रतीक नहीं है। फेफड़ों की कार्य क्षमता हमारे पूरे शरीर को प्रभावित करती है जिसकी आमतौर पर अनदेखी की जाती है। हाई ब्लड प्रेशर का मरीज नियमित रूप से अपना बीपी चेक कर होता है।